संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 18 मई 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


सुप्रीम कोर्ट के नव-नियुक्त सीजेआई बीआर गवई को बार एसो. ने सम्मानित किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 135 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# 100 किमी अंदर घुसकर आतंकियों को मारा, परमाणु बम की धमकी से नहीं डरे: शाह

□ आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर आतंकी कैंपों को नष्ट किया, पाकिस्तान ने हमें परमाणु बम की धमकी दी, उन्हें लगता था कि हम डर जाएंगे: अमित शाह

**हौसला बढ़ाया**

□ आज पूरी दुनिया हमारी सेना के धैर्य और पीएम मोदी के दृढ़ नेतृत्व की प्रशंसा कर रही है: अमित शाह



**टीम एक्शन इंडिया**
**गांधी नगर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गांधीनगर में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की सैन्य कार्रवाई को लेकर बड़ा बयान दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने भारतीय सैन्य बलों की सराहना की। साथ ही पाकिस्तान को करारा जवाब देने का संकल्प दोहराया। अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर आतंकी कैंपों को नष्ट किया। पाकिस्तान ने हमें परमाणु बम की धमकी दी। उन्हें लगता था कि हम डर जाएंगे। लेकिन हमारी सेना, नौसेना और वायुसेना ने उन्हें ऐसा करारा जवाब दिया है कि पाकिस्तान के होश उड़ गए। आज पूरी दुनिया हमारी सेना के धैर्य और पीएम मोदी के दृढ़ नेतृत्व की प्रशंसा कर रही है। मैं हमारे सशस्त्र बलों की वीरता को सलाम करता हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब पाकिस्तान ने पूरी पश्चिमी सीमा पर हमला करने का दुस्साहस किया, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारी वायु रक्षा प्रणाली इतनी उत्तम हो गई है कि कोई भी मिसाइल या ड्रोन भारत की भूमि तक नहीं पहुंच पाया। 100 से अधिक आतंकवादियों को मारने के बाद भी पाकिस्तान सोच में ही था और हमने उनके 15 हवाई ठिकानों पर हमला कर दिया, लेकिन हमने उनके लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। हमने उनकी हवाई हमले की क्षमता को नष्ट कर दिया।
गृह मंत्री ने कहा कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर आतंकियों को करारा जवाब दिया। जो लोग कई अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी गतिविधियों की योजना बना रहे थे।वे सियालकोट और अन्य आतंकवादी शिविरों में छिपे हुए थे, उन सबको हमारे बम के धमाकों की गूंज ने एक स्पष्ट संदेश भेजा है कि अगर भारत के लोगों के साथ कोई आतंकवादी गतिविधि होती है, तो जवाब दोगुनी ताकत से दिया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सत्ता संभालने के बाद से पीएम मोदी ने आतंकी हमलों का ऐसा मुंहतोड़ जवाब दिया है कि दुनिया हैरान है और पाकिस्तान डरा हुआ है। इस बार ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों के मुख्यालयों को नष्ट कर दिया गया। हमने नौ ऐसे स्थलों को नष्ट कर दिया जहां आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था और उनके ठिकाने थे। आतंकवादियों को हमारी सेना का जवाब ऐसा था कि उसने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर तक के शिविरों को नष्ट कर दिया। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पेथापुर में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया।

## कांग्रेस में होना और कांग्रेस का होना में अंतर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख का संदेश लेकर जाने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल किए जाने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर पर महासचिव जयराम रमेश ने तंज कसा है। जयराम रमेश ने थरूर का नाम लिए बगैर कहा कि कांग्रेस में होना और कांग्रेस का होना में अंतर है। कांग्रेस विशाल गंगा जैसी है, जिसकी कई सहायक नदियां हैं। उनमें से कुछ सूख जाती हैं और कुछ प्रदूषित हो जाती हैं। केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत का संदेश लेकर विदेश जाने के लिए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल बनाए हैं।

## भारतीय डेलिगेशन में थरूर के नाम पर विवाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सैन्य मोर्च पर चित्त करने के बाद अब भारत ने कूटनीतिक मोर्चे पर भी पाकिस्तान को पटखनी देने की तैयारी कर ली है। इसके तहत सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का एलान किया गया है। सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल दुनियाभर के देशों में जाकर आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष रखेंगे और पाकिस्तान को घेरने की कोशिश करेंगे। हर एक प्रतिनिधिमंडल में छह से सात सांसद और कई राजनयिक शामिल होंगे। हर प्रतिनिधिमंडल चार से पांच देशों का दौरा करेगा। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल को सबसे अहम जिम्मेदारी दी जा सकती है।

## संसदीय कार्य मंत्री ने साझा की जानकारी

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विभिन्न देशों में जाने वाले सात प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने वाले नेताओं के नामों का सरकारी पत्र साझा किया। किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि इस समय सबसे जरूरी है कि भारत एकजुट रहे। सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही अहम सहयोगी देशों का दौरा करेंगे।


उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को नई दिल्ली में जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस दौरान ग्रुप फोटो में खींची गई

## हरियाणा बोर्ड का दसवीं का परिणाम घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें 92.49फीसदी छात्र पास हुए। सरकारी स्कूलों का परिणाम 89.30 फीसदी रहा है। प्राइवेट स्कूलों का रिजल्ट 96.28फीसदी रहा। नतीजों में रेवाड़ी पहले, चरखी दादरी दूसरे और महेंद्रगढ़ तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, नूंह सबसे फिसड्डी रहा। बीस छात्र टॉपर रहे है इनमें पहले नंबर पर हिसार का रोहित, अंबाला की माही और झज्जर की रोमा व तान्या शामिल हैं। इन्हें 500 में से 497 नंबर मिले हैं। दूसरे नंबर पर 6 छात्र हैं, जिनमें पानीपत का अक्षित सहरावत, कैथल का योगेश, पानीपत की रिंकू, रोहतक की दिव्यांशी और दीक्षा, हिसार की सुनैना शामिल हैं।

## जज जमीनी हकीकत नजरअंदाज नहीं कर सकते: सीजेआई



**जजों की भूमिका**

□ बार काउंसिल के इवेंट में कहा- न्यायपालिका का लोगों से दूरी बनाए रखना असरदार नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट के नव-नियुक्त सीजेआई बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि जज जमीनी हकीकत को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। वे बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान सीजेआई गवई ने सामाजिक वास्तविकताओं को समझने और उनका जवाब देने में जजों की भूमिका पर जोर दिया।
सीजेआई गवई ने कहा कि आज की न्यायपालिका मानवीय अनुभवों की जटिलताओं को नजरअंदाज करते हुए कानूनी मामलों को सख्त काले और सफेद शब्दों में देखने का जोखिम नहीं उठा सकती।
सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि न्यायपालिका में लोगों से दूरी रखना असरदार नहीं है।
उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि सुप्रीम कोर्ट के जजों को लोगों से जुड़ने से बचना चाहिए।

**पिता ने कहा था- जज बने तो बाबा साहब के दृष्टिकोण को आगे बढ़ा सकोगे**

सीजेआई गवई ने जज का पद मिलने की अपनी शुरूआती हिचकिचाहट के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि उनके पिता ने उनसे कहा था कि वकील के रूप में काम करना आर्थिक समृद्धि लाएगा, लेकिन संवैधानिक न्यायालय में जज के रूप में सेवा करने से उन्हें डॉ. बी आर अंबेडकर के सामाजिक और आर्थिक न्याय के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। अपने पिता की सलाह मानते हुए सीजेआई गवई ने हाईकोर्ट जज के रूप में अपने 22 साल के कार्यकाल और सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में छह साल के कार्यकाल पर संतोष जताया।

## आईएमएफ में अमेरिकी दबाव के आगे झुकी सरकार: जयराम



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से ऋण मिलने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है।
कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड की बैठक में अमेरिकी दबाव के आगे झुक गयी। सरकार ने बैठक में पाकिस्तान को ऋण देने पर चल रही चर्चा में जोरदार विरोध नहीं किया। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अब पाकिस्तान को ऋण देने के लिए आईएमएफ की आलोचना कर रहे हैं, लेकिन 29 अप्रैल को ही मोदी सरकार के जागने से पहले ही कांग्रेस ने कहा था कि आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड इस मुद्दे पर विचार करने के लिए नौ मई को बैठक कर रहा है और भारत को इसका जोरदार विरोध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे पता लगा है कि भारत ने केवल 9 मई को ही मतदान में हिस्सा नहीं लिया था। बाद में मोदी सरकार के समर्थकों, जय-जयकार करने वालों और सरकार का बचाव करने वालों ने तर्क दिया कि भारत के पास इसके अलावा कोई और विकल्प ही नहीं था। यह सरासर झूठ है। जयराम रमेश ने कहा कि आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड में 'नहीं' के पक्ष में मतदान करने का प्रावधान है।

### राजनाथ ने की थी आईएमएफ से पुनर्विचार करने की अपील

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से पाकिस्तान को दी गई एक अरब डॉलर की मदद पर फिर से पुनर्विचार करने की अपील की थी। केंद्रीय मंत्री ने आशंका जताई थी कि पाकिस्तान इस राशि का दुरुपयोग आतंकी गतिविधियों को संचालित करने में कर सकता है। और पुनर्निर्माण के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा की है।

## 'भारत के पास ताकत, सबक सिखाना आता है: भागवत



**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत ने जयपुर में कहा कि भारत किसी से शत्रुता नहीं रखता, लेकिन यदि कोई दुस्साहस करेगा तो उसे सबक सिखाने से पीछे नहीं हटता। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा अन्य देशों की मदद की है, भले ही कुछ देश विपरीत धाराओं में बहते हों। भागवत ने कहा कि विश्व में प्रेम और मंगल की भाषा तब ही सुनी जाती है जब आपके पास शक्ति हो।

**रविनाथ आश्रम पहुंचे थे भागवत**

उन्होंने यह भी कहा कि भारत की भूमिका एक बड़े भाई की है और यह विश्व में शांति और सौहार्द के लिए कार्यरत है। भागवत ने रविनाथ आश्रम में रविनाथ महाराज की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार साझा किए। उन्होंने भारत की त्याग की परंपरा का उल्लेख करते कहा कि भगवान श्री राम से लेकर भामाशाह तक को हम मानते हैं।
उन्होंने स्पष्ट किया कि विश्व को धर्म सिखाना भारत का कर्तव्य है, लेकिन इसके लिए शक्ति की आवश्यकता है। इस अवसर पर आयोजकों ने भागवत का सम्मान भी किया।

## गोलाबारी से प्रभावित निवासियों के लिए व्यापक योजना तैयार: एलजी

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि गोलाबारी से प्रभावित निवासियों के पुनर्वास के लिए केंद्र से सहायता मांगने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की जाएगी। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के तंगधार इलाके में संवाददाताओं से बातचीत में सिन्हा ने कहा कि शत्रु की गोलाबारी के कारण यहां कई घर और व्यावसायिक संपत्तियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि आज मैंने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उन स्थानों का दौरा किया, अपनी आंखों से स्थिति देखी और लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने नुकसान का आकलन किया है और लोगों को तत्काल सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को अब तक सहायता नहीं मिली है उन्हें आज सहायता प्रदान की जाएगी।

## जम्मू-कश्मीर पर्यटन पर काफी बुरा असर पड़ा: उमर

□ सरकार अब अमरनाथ यात्रा पर ध्यान केंद्रित कर रही है- मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला



**कारोबार ठप**

□ पर्यटन पर काफी बुरा असर पड़ा है तथा इस गर्मी के मौसम में यहां शायद ही कोई पर्यटक आ रहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि पर्यटन पर काफी बुरा असर पड़ा है और सरकार अब अमरनाथ यात्रा पर ध्यान केंद्रित कर रही है तथा यह सुनिश्चित करना चाहती है कि वार्षिक तीर्थयात्रा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। मुख्यमंत्री उमर ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पर्यटन पर काफी बुरा असर पड़ा है तथा इस गर्मी के मौसम में यहां शायद ही कोई पर्यटक आ रहा है। उन्होंने कहा कि हम अब अमरनाथ यात्रा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं तथा यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यहां से प्रत्येक तीर्थयात्री सुरक्षित और स्वस्थ होकर जाए।
हम चाहते हैं कि वार्षिक तीर्थयात्रा बिना किसी दुर्घटना के हो तथा बाद में हम पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या कर सकते हैं, इस पर विचार करना शुरू करेंगे।
मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि संघर्ष विराम बरकरार है तथा नियंत्रण रेखा और सीमा से किसी भी तरह के उल्लंघन की कोई रिपोर्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है। रिपोर्ट मिलने के बाद प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

## उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को नई दिल्ली में जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। धनखड़ ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बेहतरीन निवेश करने वाला देश है और युवाओं को राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण की भावना विकसित करनी चाहिए। राष्ट्र प्रथम की भावना होनी चाहिए और हर निर्णय में राष्ट्र हित को प्राथमिकता देनी चाहिए। उपराष्ट्रपति ने आर्थिक राष्ट्रवाद पर जोर देते हुए कहा कि हमें उन देशों पर निर्भरता कम करनी चाहिए जो हमारे हितों के प्रतिकूल हैं। हमें अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान देने की आवश्यकता है। धनखड़ ने ऑपरेशन सिंदूर की भी सराहना की और भारत के सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन पहलगाम में हुए बर्बर हमले का करारा जवाब था और दुनिया ने इसे देखा और स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि भारत के आतंकवाद विरोधी प्रयासों में एक नया मानक स्थापित किया गया है। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान की सीमा के अंदर बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद को निशाना बनाया और यह भारत की अब तक की सबसे बड़ी सीमा पार की गई स्ट्राइक है।

**हादसा** पुलिस अधिकारियों ने कई लोगों के फंसे होने की आशंका व्यक्त की है, बारिश और आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ गिरा

## दिल्ली के नबी करीम इलाके में निर्माणाधीन इमारत गिरी, दो की मौत



**राहत एवं बचाव**

□ पुलिस ने बताया कि दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर भेजी गई है, जिसने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है।

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पुरानी दिल्ली के नबी करीम इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत गिरने की सूचना है। इसमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई के फंसे होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने बताया कि दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर भेजी गई है, जिसने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने कई लोगों के फंसे होने की आशंका व्यक्त की है।

**बारिश और आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ गिरा**

दिल्ली पुलिस ने कहा कि इस इमारत का निर्माण कार्य चल रहा था। मलबे को हटाकर फंसे लोगों को निकाला जा रहा है। दो मृतकों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। बता दें, शनिवार को आंधी और बारिश के कारण कई जगहों पर पेड़ गिरने की भी सूचना है।

**शाहबाद डेरी में दीवार गिरने से चार घायल**

वहीं, शाहबाद डेरी के ई-ब्लॉक में पड़ोसी की दीवार साथ लगते मकान पर गिर गई। दीवार गिरने से मकान की छत क्षतिग्रस्त हो गई और मलबे की चपेट में आकर परिवार के चार लोग घायल हो गए। घायलों में दो बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं।

**चारों को अस्पताल में भर्ती कराया गया**

पीड़ित परिवार के विमलेश ने बताया कि पड़ोसी ने दीवार को पूरी तरह पैक नहीं कराया, इस कारण तेज हवा में दीवार गिर गई। इस घटना की उनकी पत्नी, सास और दो बच्चों को चोट लगी। चारों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। विमलेश ने बताया कि उसे लाखों रुपये का नुकसान हो गया।

# विधायक जगमोहन आनंद ने गांव कलामपुरा में सुनी जनता की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद शनिवार को गांव कलामपुरा में जन समस्याएं सुनने के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश देकर समस्याओं का समाधान करवाया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उनके विचारों को सुनने के ले भी पहुंचे और गांव की बेहतरी के लिए सुझाव भी दिए। गांववासियों ने बिजली विभाग से जुड़ी समस्याओं को विधायक जगमोहन आनंद के समक्ष रखा। इस पर उन्होंने तत्काल बिजली विभाग के एसई को इन समस्याओं का तत्काल निपटारा करवाने के लिए सोमवार को दो अधिकारियों की गांव में ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, ताकि गांववासी सीधे बिजली विभाग के अधिकारियों के समक्ष समस्याएं रख सकें और उनका निवारण हो सके। इसके साथ-साथ उन्होंने जीएम रोडवेज को भी गांव में आने वाली बस को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव में बस किसी दिन आ जाती है, किसी दिन नहीं पहुंचती है। ऐसे में जीएम रोडवेज सुनिश्चित करें कि गांव में प्रतिदिन बस पहुंचे।

**गांव कलामपुरा में निकाली गई तिरंगा यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता के बाद लगातार तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को गांव कलामपुरा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद शामिल हुए। गांव कलामपुरा में भव्य तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा का आयोजन पूरे उत्साह और देश भक्ति के भाव के साथ किया गया। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हमारे देश के वीर जवानों ने सरहद पर अपने प्राणों की आहुति दी, ताकि हम सब चैन और शांति से जीवन व्यतीत कर सकें। उन्होंने धूप-बरसात, सर्दी-गर्मी जैसी कठिन परिस्थितियों की परवाह किए बिना दिन-रात हमारी सुरक्षा में खुद को समर्पित किया। माँ-बाप, बच्चे और परिवार को छोडकर उन्होंने देशसेवा को ही अपना धर्म और कर्म बना लिया। उनकी ये कुर्बानियाँ केवल इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हर भारतवासी के दिल में हमेशा जीवित रहेंगी। इस अवसर पर गांव काछवा के सरपंच दीपक कुमार, बिट्टू, जोगिंद्र सिंह, बंसी लाल, राजबीर खोखर, मेहर सिंह, रणजीत सिंह, देवेंद्र गुजर्र पुण्डरक व बड़ी संख्या में गांववासी मौजूद रहे।



**समाधान**

समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश देकर समस्याओं का समाधान करवाया

## न्यूज फ्लैश

### जिला बार एसोसिएशन की एक्जीक्यूटिव कमेटी ने आठ अधिवक्ताओं को किया डी-बार

**सोनीपत: जिला** बार एसोसिएशन की एक्जीक्यूटिव कमेटी द्वारा जिला बार एसोसिएशन के आठ सदस्यों के खिलाफ कार्यवाही की है। कार्यवाही में आठ अधिवक्ताओं को डी-बार किया गया है। साथ ही सभी पर दो-दो लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। मामले में अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन की कमेटी द्वारा किए निर्णय को नकारते हुए बार प्रधान पर पहले ही डी-बार होने की बात कही है। बता दें कि शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन की तरफ से जारी प्रेस नोट में बार एसोसिएशन के सदस्य राजेश कुमार दहिया, प्रदीप कुमार दहिया, रमन छिल्लर, अजय सिंह गहलावत, जयभगवान शर्मा, राजकुमार पांचाल, अनूप दहिया व विजय इंदौरा को डी-बार करने व सभी पर दो-दो लाख रुपये जुमार्ना लगाया गया है। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अनिल ढूल ने बताया कि उक्त अधिवक्ताओं ने बार चुनाव व चुनाव में चुनकर आए पदाधिकारियों के खिलाफ सात मार्च को बैठक की थी। जिससे बार एसोसिएशन की छवि को धूमिल किया था। वहीं एक अधिवक्ता ने बार पदाधिकारियों के साथ अभद्रता की थी। जिसमें कमेटी की तरफ से उक्त अधिवक्ताओं के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें डी-बार किया गया है। साथ ही सभी पर दो-दो लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। मामले में बार एसोसिएशन के प्रधान रहे अनूप दहिया ने बताया कि जो भी कार्यवाही पहले की गई है, वह कार्यवाही बार एसोसिएशन के नियमों के अनुसार की गई थी। कमेटी की तरफ से लगाए आरोप बेबुनियाद है। हाल में प्रधान को कमेटी की तरफ से पहले ही डी-बार किया हुआ है।

# लैपटॉप से मिले संकेत से 24 घंटे में पकड़ा गया सेंधमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले के मुनिरका में एक घर से दो लैपटॉप चुराने वाला सेंधमार लैपटॉप में मौजूद एप्लीकेशन का इस्तेमाल करने से 24 घंटे के अंदर पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपित की पहचान राजकुमार उर्फ विजय के रूप में हुई है। उसे द्वारका सेक्टर 16 बी स्थित स्टूडियो अपार्टमेंट से पकड़ा गया। बिना नंबर की बाइक तथा उसके हैंडिल पर बंधी लाल रंग की चुन्नी से आरोपित की शिनाख्त में आसानी हुई। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल बाइक व चोरी का एक लैपटॉप बरामद कर लिया है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने शनिवार को बताया कि मुनिरका निवासी उमेश चंद यादव ने घर से दो लैपटॉप चोरी की 13 मई को शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस टीम ने आस-पास के इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो संदिग्ध युवक बिना नंबर प्लेट वाली बाइक पर जाते देखा गया। बाइक के हैंडल पर लाल रंग की चुन्नी बंधी हुई थी। इस बीच शिकायतकर्ता ने सूचना दी कि उनके लैपटॉप में किसी व्यक्ति ने एमएस-ऑफिस सहित कुछ अन्य एप्लिकेशन का उपयोग किया है। तकनीकी जांच में लैपटॉप द्वारका सेक्टर-16 के **पास होना पाया गया।** पुलिस टीम ने करीब एक किलोमीटर के एरिया को कवर कर रेहड़ी वाले, दुकानदार तथा स्थानीय लोगों से बिना नंबर की बाइक व उसके हैंडिल पर लाल चुन्नी बंधी होने के संबंध में जानकारी हासिल की। कड़ी मशक्कत के बाद पता लगा कि राजकुमार उर्फ विजय नामक युवक के पास ऐसी एक बाइक है। इसके बाद पुलिस ने अपार्टमेंट में छापा मारकर आरोपित को दबोच लिया। पूछताछ में उसने बताया कि एक लैपटॉप वह ऑनलाइन बेच चुका है जबकि दूसरा उसने ककरौला में एक दुकान पर बेचा है। इस खुलासे पर पुलिस ने दुकान से एचपी का लैपटॉप बरामद कर लिया।

**काबू किया**

पकड़े गए आरोपित की पहचान राजकुमार उर्फ विजय के रूप में हुई है। स्टूडियो अपार्टमेंट से पकड़ा गया

# नई दिल्ली जिला पुलिस की बड़ी कामयाबी: एक माह में 76 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली जिला पुलिस ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पिछले एक माह के भीतर 76 गुम हुए मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया है। यह सफलता पुलिस की सतर्कता, तकनीकी विशेषज्ञता और नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इन मोबाइल फोन की बरामदगी में नई दिल्ली जिले के विभिन्न थानों की टीमें शामिल रहीं। कर्तव्य पथ थाना पुलिस ने 38, तुगलक रोड- 10, तिलक मार्ग- 7, चाणक्यपुरी- 4, साउथ एवेन्यू- 4, बाराखंभा रोड- 3, नॉर्थ एवेन्यू- 3, कनॉट प्लेस- 3, मंदिर मार्ग- 2, पार्लियामेंट स्ट्रीट- 1 और साइबर थाना- 1 मोबाइल बरामद किया है। नई दिल्ली जिले के डीसीपी देवेश कुमार महला ने शनिवार को कहा कि यह आंकड़ा दशार्ता है कि नई दिल्ली जिला पुलिस न केवल गंभीर अपराधों की रोकथाम में तत्पर है, बल्कि आम नागरिकों की छोटी-छोटी शिकायतों को भी गंभीरता से लेकर उनकी मदद के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। गुम मोबाइल की बरामदगी से न केवल लोगों को उनका कीमती सामान वापस मिला, बल्कि पुलिस के प्रति विश्वास भी और मजबूत हुआ है।
इस अभियान में शामिल पुलिस टीमों ने दिन-रात मेहनत कर तकनीकी संसाधनों का कुशलतापूर्वक प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मोबाइल फोन को ट्रेस करने के लिए सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल का कुशलतापूर्वक उपयोग किया, जिससे गुमा उपकरणों का पता लगाकर उन्हें उनके असली मालिकों तक पहुंचाया जा सका।



**प्रतिबद्धता**

तकनीकी विशेषज्ञता और नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है

## छौक्कर के साथ ईडी का दुर्व्यवहार बर्दाश्त से बाहर

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** राष्ट्रीय गुर्जर महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.रविन्द्र गुर्जर ने आज यहां स्काईलार्क में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि समालखा के पूर्व विधायक धर्मसिंह छौक्कर के साथ ईडी के अधिकारी द्वारा किया गया दुर्व्यवहार बर्दाश्त से बाहर है। हमारी मांग है कि पूर्व विधायक धर्मसिंह छौक्कर सर्व समाज के चहेते नेता व सम्मानित व्यक्ति हैं। ऐसे व्यक्ति के साथ ऐसा व्यवहार करना गलत है। उक्त अधिकारी को 24 मई तक बर्खाश्त कर कड़ी कार्रवाही नहीं की गई तो महासभा पानीपत के गुर्जर भवन में महापंचायत कर आंदोलन की आगामी रूपरेखा तैयार करेगी।

# ट्रेन के आगे युवक को धक्का देकर हत्या करने के दोषी को उम्रकैद

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत- अंबाला-दिल्ली** रेलमार्ग पर ट्रेन के नीचे युवक को धक्का देकर हत्या करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश वानी गोपाल शर्मा की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वार्ड नंबर-1 जटवाड़ा निवासी कुलदीप ने 30 नवंबर 2022 को राजकीय रेलवे पुलिस सोनीपत में शिकायत देकर बताया था कि वह खेती बाड़ी का कार्य करता है। वह देर शाम को बिल्लू मुर्गी फार्म नजदीक रेलवे लाइन के बाहर दीपक खत्री के साथ गेट के पास बैठे हुए थे। गेट के सामने से मुकेश (20) निवासी बस्ती जटवाड़ा व मन्नू निवासी घेवरा मोड़ कंझावला दिल्ली आपस में बातचीत करते हुए जा रहे थे कि आज पहले कौन मरता है। यह कहते हुए रेलवे लाइनों के पास खड़े हो गए। उसी दौरान पानीपत की तरफ से रेलवे लाइन पर मालगाड़ी जा रही थी। वहीं दूसरी तरफ से दिल्ली से पानीपत की तरफ पैसेंजर गाड़ी आ गई। मन्नू ने मुकेश को ट्रेन के नीचे धक्का दे दिया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपित वारदात के बाद फरार हो गया। मामले की सूचना मिलते ही राजकीय रेलवे पुलिस सोनीपत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। शुक्रवार को मामले में सुनवाई करते हुए एसजे वानी गोपाल शर्मा की अदालत ने दोषी मन्नू को आईपीसी की धारा-302 में दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है।

**सजा का ऐलान**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश वानी गोपाल शर्मा की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है

# डंडों से पीट-पीटकर युवक की बेरहमी से हत्या, बस स्टैंड परिसर में दिया वारदात को अंजाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र में स्थित बस स्टैंड परिसर में युवक की डंडों से पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप का मामला सामने आया है। रोडवेज कर्मचारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस व एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर वारदात स्थल से नमूने एकत्रित करके शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने रोडवेज कर्मचारी के बयान पर कैंटीन में कार्यरत कर्मचारी पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वारदात के बाद से आरोपित फरार है। पुलिस टीमें आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव घिलौड़ कला रोहतक निवासी सत्यवान ने बताया कि वह रोडवेज विभाग में करीब 17 साल से तैनात है। हाल में उसकी डयूटी बस स्टैंड में वर्कशॉप के गेट पर बसों की निगरानी करने में लगी हुई है। रात को वह डयूटी पर मौजूद थी। सुबह वह वर्कशॉप में राउंड लगा रहा था। उसने देखा की शुभ शौचालय के पास खुन से लथपथ एक युवक का शव पड़ा हुआ है। उसके साथ पर नुनु लाल, ऋषि देव, गीता व दिल का निशान जिसके अंदर आई लव यू पूजा लिखा हुआ है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। एसीपी राहुल देव व सिविल लाइन थाना प्रभारी सहित सीआईए के टीमें मौके पर पहुंची। उसके बाद एफएसएल की टीम को बुलाया। टीमों ने वारदात स्थल से नमूने एकत्रित करके शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। मृतक की पहचान के प्रयास किए गए, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

**11: 54 पर आता दिखाई दे रहा आरोपित:** सीसीटीवी खंगालने पर दिखाई दिया कि आरोपित देर रात करीब 11 बजकर 54 मिनट पर बस अड्डे में आ रहा है। उसके बाद वह 11 बजकर 55 मिनट 27 सेकेंड पर पीछे से आकर युवक के सिर पर वार करता है। एक वार में ही युवक गिर जाता है। उसके बाद हमलावर ताबड़तोड़ 10 वार करता है। उसके बाद बस के पीछे जाता है और वापस आकर चेहरे पर पांच वार करता है। जिसके बाद वह शव को पैर पकड़कर घसीटकर बस के पीछे की तरफ ले जाता है।

**वारदात**

टीम ने मौके पर पहुंचकर वारदात स्थल से नमूने एकत्रित करके शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया


## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्याः ई.एल.जी.-03-M05-2025-26 दिनांकः 15.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती हैं।

| टेन्डर संख्या | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|
| ELG-03-M05-2025-26 | Rs. 5268556.74 |

**कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः** आगरा मंडल में सुविधाओं के उन्नयन के साथ बिल्लोचपुरा स्टेशन के विकास के संबंध में विद्युतीकरण कार्य। **कार्य पूरा करने की अवधिः** 08 माह

पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways website www.ireps.gov.in देखें। टेंडर्स केवल वेब पोर्टल Indian Railways website www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे तक दिनांक 13.06.2025 तक टेन्डर डाल सकते हैं। 849/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्याः 38-विद्युत/सा0/प्रयागराज/25-26 दिनांकः 15.05.2025

**ई-निविदा सूचना (विद्युत सामान्य विभाग)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत् अभियंता (सामान्य) उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा **दिनांक- 05.06.2025 समय 15:00 बजे** तक आमंत्रित करते हैं। निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है:-

क्रम सं.: 1 | निविदा सूचना संख्याः ELG-68-2526 | काम की लागत (रू. में): ₹ 6563171.63

**कार्य का नामः** जीएम/एनसीआर कार्यालय ब्लॉक (चरण-II) में बिजली आपूर्ति व्यवस्था में वृद्धि के साथ एयर कंडीशनिंग के प्रावधान का बचा हुआ कार्य।

बिड सिक्योरिटी (रू. में): ₹ 131300.00 | कार्य समाप्त करने की समयावधिः 03 माह

**निविदा खुलने की तिथिः** 05.06.2025, **समय- 15:00 बजे।**

**नोटः-** (1) उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज़ के साथ) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। 844/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **श्रीमती समीक्षा कपूर, निवासीः 126, मुखर्जी पार्क, तिलक नगर, नई दिल्ली-110018, औरः डब्ल्यूजेड-एच-82, प्रथम तल, संत नगर एक्सटेंशन, तिलक नगर, नई दिल्ली-110018** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **CC No. 520325/2016 U/S 138 NI Act** के तहत एक मामला **थाना गुलाबी बाग, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **श्रीमती समीक्षा कपूर** नहीं मिली या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **श्रीमती समीक्षा कपूर** फरार हो गई है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **CC No. 520325/2016 U/S 138 NI Act, थाना गुलाबी बाग, दिल्ली** के अभियुक्त **श्रीमती समीक्षा कपूर** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **28.06.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार सुश्री देशना गोलेछा,
एल.डी. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
(एन.आई. एक्ट)-07,
कोर्ट संख्या, 507, एक्सटेंशन ब्लॉक,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली।

DP/6105/N/2025
(अदालती मामला)

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## Change of Name

I, Ajay Kumar s/o Hawa Singh R/o Adarsh Nagar, ward no. 4, Samalkha Panipat. In my Driving License My name mentioned Ajay. I have changed my name from Ajay to Ajay Kumar for all future purposes.

## बेदखली सूचना

**में ईश्वर पुत्र मगत राम निवासी पबनेरा तहसील गन्नौर ,जिला सोनीपत का स्थाई निवासी हु और अपने हल्प से निम्न बयान करता हु । सौरभ मेरा पुत्र है वह मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से काफी समय पहले से कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है । मैं सौरभ को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई ताल्लुक नहीं है। भविष्य में उनसे कोई लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।**

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## नीलामी सूचना

ग्राम पंचायत बहालगढ़ खंड राई जिला सोनीपत की पीएचसी भवन, पब्लिक हेल्थ का टूबवेल, एसी आंगनवाड़ी को कंडम घोषित किया जा चुका है। उक्त तीनों के नए भवनों के निर्माण कार्य से पूर्व ग्राम पंचायत सदस्यों द्वारा इनके पुराने व खराब सामान भवनो को 20 मई 2025 को बोली फैसला किया गया है। सामान खरीदने के इच्छुक व्यक्ति 20 मई 2025 को सुबह 11 बजे कश्यप चौपाल में पहुंचकर बोली दे सकते है। इसका प्रस्ताव खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी राई को भेजा जा चुका है।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत बहालगढ़,**
**खंड राई जिला सोनीपत हरियाणा**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# आम आदमी पार्टी के 13 पार्षदों ने बनाई अलग पार्टी

**इन पार्षदों ने 'इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी' नाम से नई पार्टी बनाई है जिसके अध्यक्ष मुकेश गोयल होंगे, हमने दिल्ली की राजनीति में चुनाव लड़ने का कोई फैसला नहीं लिया: इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के 13 पार्षदों ने शनिवार को हेमचन्द्र गोयल के नेतृत्व में पार्टी से इस्तीफा देकर अलग मार्चा बनाया है। इन पार्षदों ने 'इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी' नाम से नई पार्टी बनाई है जिसके अध्यक्ष मुकेश गोयल होंगे। नई पार्टी के गठन के बाद इन पार्षदों ने दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में पत्रकार वार्ता की। इसमें आदर्श नगर से पार्षद मुकेश गोयल ने दावा किया कि कुल 15 पार्षद उनके साथ नई पार्टी में जुड़े हैं। हालांकि उनकी ओर से जारी सूची में 13 पार्षदों के ही नाम और हस्ताक्षर हैं। पत्रकार वार्ता में मुकेश गोयल ने कहा कि 2022 में दिल्ली नगर निगम का चुनाव हुआ था। आआपा को भारी बहुमत से चुनाव में जीत मिली थी लेकिन ढाई साल में केवल सदन में हंगामा और मारपीट हुई और क्षेत्र के अंदर विकास के कार्य ठप रहे। किसी पार्षद को क्षेत्र के विकास के लिए कोई बजट नही मिला। वहीं हमारी कहीं कोई सुनवाई नही हो रही थी और अधिकारी कोई कार्य नही कर रहे थे। गोयल ने कहा कि हमें अपने क्षेत्र के लोगों को जवाब देना होता है और क्षेत्र के विकास के लिए काम करना होता है। हम अपने क्षेत्र में काम करेंगे तो ही जनता हमें दोबारा चुनेगी। इन पार्षदो ने दिया इस्तीफा- हेमचंद गोयल, हिमानी जैन, रूनाक्षी शर्मा, ऊषा शर्मा, अशोक पांडेय, राखी यादव, साहिब कुमार, राजेश कुमार, मनीष किराना, सुमन अनिल राणा, दिनेश भारद्वाज, मुकेश कुमार गोयल और देंवेंद्र कुमार । उल्लेखनीय है कि 25 अप्रैल को महापौर के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को जीत मिली थी। आम आदमी पार्टी ने महापौर के चुनाव से किनारा किया था। इसके चलते ही भाजपा के राजा इकबाल सिंह और जय भगवान यादव क्रमशः दिल्ली के महापौर और उपमहापौर चुने गए थे।

**इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के नाम से नई पार्टी का गठन**

दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब प्रेसवार्ता करते हुए आप के पूर्व नेता सदन व वरिष्ठ पार्षद मुकेश गोयल ने जानकारी दी कि आप की टिकट पर 2022 में चुनाव जीतकर आए पार्षदों की बैठक हुई। इसमें हमने इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के नाम से नया दल बनाने का निर्णय लिया है। इसमें मोलड़बंद से पार्षद हेमचंद गोयल को पार्टी का प्रमुख चुना गया है जबकि मुझे पार्टी का अध्यक्ष चुना गया है।

**शीर्ष नेतृत्व पर पार्षदों ने उठाए सवाल**

हम सभी पार्षद आप के शीर्ष नेतृत्व द्वारा निगम को न चला पाने में असमर्थ होने की वजह से इस्तीफा देकर यह निर्णय ले रहे हैं। क्योंकि आप में जब ढाई साल की सत्ता थी तब केवल ऊपर से निर्णय आते थे उसी का पालन करना होता था। अपनी मर्जी से हम कोई कार्य नहीं कर सकते थे। जिससे दिल्ली में कोई विकास कार्य नहीं हो पा रहा था। इसकी वजह से हम नया दल बना रहे हैं। हमारी जिम्मेदारी होगी कि हम निगम सदन की बैठक सुचारू रूप से चले इसको देखेंगे। साथ ही अन्य कमेटियां भी कार्य करती रहे इस पर हमारी नजर होगी। हेमचंद गोयल ने कहा कि आप नेताओं ने पार्षदों को कोई फंड नहीं दिया जिसकी वजह से हम क्षेत्र की जनता को कोई जवाब नहीं दे पा रहे थे। अब हम अपनी मर्जी से विकास कार्य करेंगे। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि हमारा फिलहाल दिल्ली की राजनीति या अन्य राज्य की राजनीति में कोई चुनाव लड़ने का निर्णय नहीं लिया है। हम केवल निगम से संबंधित कार्यों को देखें।

**मुकेश गोयल एमसीडी में पार्टी के सबसे सीनियर नेता**

आदर्श नगर से पार्षद मुकेश गोयल एमसीडी में आप के सबसे सीनियर लीडर थे। 13 पार्षदों ने इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी नाम का जो दल बनाया है उसके मुखिया भी मुकेश गोयल ही हैं।

**अब 100 तक आम आदमी पार्टी के पार्षद रहे गए**


अब सदन के अंदर आम आदमी पार्टीके 100 पार्षद ही रह गए हैं। पहले 113 पथे। इस संबंध में नई पार्टी की घोषणा करने वाले मुकेश गोयल ने कहा कि शनिवार को निगम सचिव कार्यालय बंद होता है। सोमवार को सुबह निगम सचिव कार्यालय में जाकर इस निर्णय और अपनी पार्टी के बारे में उन्हें अवगत कराएंगे।

**12 वार्ड उपचुनाव और वार्ड समिति के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के चयन पर पड़ेगा असर**

इस नए उलटफेयर के बाद सीधा असर 12 वाडों में होने वाले उपचुनाव पर भी पड़ेगा। साथ ही, वार्ड समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए होने वाले चुनाव और स्थायी समिति के वार्ड समिति से दो रिक्त सदस्यों पदों के चुनाव पर भी पड़ेगा।







हम सभी निगम पार्षद दिल्ली नगर निगम में वर्ष 2022 में आम आदमी पार्टी की टिकिट से चुने गए थे परंतु 2022 में दिल्ली नगर निगम में सत्ता में आने के बावजूद पार्टी का शीर्ष नेतृत्व दिल्ली नगर निगम को सुचारू रूप से चलाने में असमर्थ रहा शीर्ष नेतृत्व का निगम पार्षदों से आपस में समन्वय न के बराबर रहा जिसके कारण पार्टी विपक्ष में आ गई।

जनता से किए गए वादे को पूरा न कर पाने के कारण हम निम्नलिखित पार्षद पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।

| S.NO | NAME | WARD NO | SIGNATURE |
|---|---|---|---|
| 1 | Hemchandgoyal | 181 | [signature] |
| 2 | HIMANI JAIN | 153 | [signature] |
| 3. | Runakshi Sharma | 88 | [signature] |
| 4. | USHA SHARMA | 72 | [signature] |
| 5. | Ashok Pandey | 109 | [signature] |
| 6. | Rakhi Yadav | 108 | [signature] |
| 7 | SAHIB KUMAR | 107 | [signature] |
| 8. | RAJESH KUMAR LADI | 99 | [signature] |
| 9 | मनीषा | 33 | [signature] |
| 10 | SUMAN ANIL RANA | 22 | [signature] |

## 13 पार्षदों के पार्टी छोड़ने के बाद आआपा के समक्ष अस्तित्व का संकट: देवेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि सत्ता का केंद्रीकरण, एकाधिकार की प्रवृत्ति और दल के भीतर पनपती तानाशाही के कारण आम आदमी पार्टी (आआपा) आंतरिक रूप से खोखली हो गई। आज दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के उसके 13 पार्षदों के एकसाथ पार्टी छोड़कर नई पार्टी की घोषणा के बाद आआपा के समक्ष अस्तित्व का संकट है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने शनिवार को एक बयान में कहा कि जिस पार्टी की नींव भ्रष्टाचार, झूठ और स्वार्थ पर आधारित रही हो, उसका लंबे समय तक टिक पाना असंभव है। अब वो दिन दूर नहीं जब आआपा दिल्ली सहित पूरे



देश से विलुप्त हो जाएगी। यादव ने कहा कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव हारने के बाद केजरीवाल के कमजोर नेतृत्व के कारण बिखरती आआपा में आपसी फूट के चलते महापौर पद भाजपा के हाथ में चले जाने से पार्टी निगम में भी विपक्ष में आई गई। सत्ता में होने के बावजूद अगर कोई पार्टी अल्पमत में आ जाए और संवैधानिक पदों पर विपक्षी पार्टी काबिज हो जाए, तो इसका मुख्य कारण असफल नेतृत्व है। यादव ने कहा कि आज 13 निगम पार्षदों द्वारा आआपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का कारण पार्टी द्वारा वादों का न पूरा करना है। केजरीवाल और उनकी पूरी टीम दिल्ली सरकार के खजाने और दिल्ली नगर निगम को लूटने में ही व्यस्त रही।

### थर्ड फ्रंट में शामिल ये नेता

| | |
|---|---|
| मुकेश गोयल | अशोक पांडेय |
| हेमचंद गोयल | राजेश कुमार |
| दिनेश भारद्वाज | अनिल राणा |
| हिमानी जैन | देंवेंद्र कुमार |
| उषा शर्मा | रोनाझी शर्मा |
| साहिब कुमार | मनीषा |
| राखी यादव | |

### मेयर चुनाव के वक्त से ही खरीद-फरोख्त कर रही बीजेपी: आप

**दिल्ली** में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका तब लगा जब 15 पार्षदों ने पार्टी से अलग होकर एक अलग पार्टी बनाने का ऐलान कर दिया. अब अअढ का कहना है कि मेयर चुनाव के बाद से ही बीजेपी द्वारा आम आदमी पार्टी के पार्षदों को खरीदने की कोशिशें तेज हो गई थीं। हर एक पार्षद को 5 करोड़ रुपये तक का ऑफर दिया गया ताकि वे बीजेपी में शामिल होकर बीजेपी के पक्ष में वोट दें। आम आदमी पार्टी का कहना है कि बीजेपी के पास एमसीडी में स्टैंडिंग कमेटी या वार्ड कमेटी बनाने के लिए पर्याप्त बहुमत नहीं है। इसलिए पार्टी इस तरह के गैरकानूनी तरीके अपना रही है।

### अब सदन में आप के सिर्फ 98 पार्षद

**नए** दल के गठन से एमसीडी में आप के पार्षदों की संख्या 100 से नीचे पहुंच गई है। अब 250 सदस्यों वाली एमसीडी में आप के पास 98 पार्षद बचे हैं जबकि भाजपा के पास 117 तो कांग्रेस के पास आठ पार्षद हैं। जबकि 12 वार्ड रिक्त पड़े हैं। इसमें कांग्रेस के लिए भी झटका है क्योंकि राष्ट्रीय पार्टी होने के बाद दिल्ली में कांग्रेस चौथे नंबर की पार्टी बन गई है। बैठक सुचारू रूप से चले इसको देखेंगे। साथ ही अन्य कमेटियां भी कार्य करती रहे इस पर हमारी नजर होगी।

### 15 पार्षदों के साथ होने का दावा!

**इन** सभी नेताओं ने पहले कांग्रेस पार्टी में रहकर राजनीति की थी। कई नगर निगम चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। अब निगम में इस नए गुट के बन जाने से आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। नई पार्टी के स्थापित नेताओं का दावा है कि उनके साथ कुल 15 पार्षद हैं। इस विकास से एमसीडी के राजनीतिक समीकरणों में काफी हलचल आने की संभावना है।

## सीलमपुर में नाबालिग की चाकू घोंपकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के सीलमपुर इलाके में बीती रात एक नाबालिग की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। सीलमपुर थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाल कर एक नाबालिग समेत दो लोगों को पकड़ा है। जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि शुक्रवार रात तकरीबन 11:30 बजे गश्त के दौरान कांस्टेबल विपिन सीलमपुर के सेंट्रल पार्क में पहुंचे तो एक लड़का पार्क की बेंच और रास्ते के बीच खून से लथपथ हालत में पड़ा था।

## दोस्त से पैसे ऐंठने की साजिश रचने वाले दो भाई गिरफ्तार

**काबू**

**आरोपितों ने न केवल धमकी भरा पत्र भेजा बल्कि परिवार की तस्वीरें और दो खाली कारतूस भी भेजें**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले के पंजाबी बाग थाना पुलिस ने दोस्त से रंगदारी मांगने के मामले में दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने अपने ही पुराने दोस्त से मोटी रकम वसूलने के लिए साजिश रची थी। दोनों आरोपितों ने न केवल धमकी भरा पत्र भेजा बल्कि शिकायतकर्ता के परिवार की तस्वीरें और दो खाली कारतूस भी उसके घर भेजे। पकड़े गए आरोपितों की पहचान रोहित नागपाल और उसके भाई सागर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से मोबाइल फोन, लैपटॉप और अपराध में उपयोग की गई स्कूटी बरामद की है। पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने शनिवार को बताया कि 13 मई को शिकायतकर्ता रोहित चौहान के घर एक कोरियर पहुंचा। जिसमें उसकी पत्नी और बेटे की तस्वीरें व दो खाली कारतूस के साथ एक धमकी भरा पत्र था। पत्र में विदेशी मुद्रा में मोटी रकम की मांग की गई थी और पैसा न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई थी। इससे परिवार दहशत में आ गया और तुरंत स्थानीय पुलिस से संपर्क किया गया। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान कोरियर और उसके साथ भेजे गए अन्य सामग्रियों की पड़ताल की गई। इसके आधार पर कई सुराग मिले। जिससे जांच दल कुछ संभावित संलिप्त लोगों तक पहुंचा। शिकायतकर्ता के करीबी संपर्कों से पूछताछ की गई। जिसमें उसका मित्र रोहित नागपाल शामिल था। पूछताछ के दौरान रोहित टूट गया और सारा मामला कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह आभूषण कारोबार में भारी नुकसान झेल रहा था और 80 लाख के कर्ज तले दबा हुआ था।

## उड़ान में चोरी करने वाला चीनी नागरिक गिरफ्तार

**तीन साथी हिरासत में, हवाई सफर में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश**

**खुलासा**

**यात्रियों की नींद का फायदा उठाकर सामान और कार्ड चोरी करने वाले गिरोह का सक्रिय सदस्य है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई एयरपोर्ट) पर एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट में हुई चोरी की घटना को लेकर दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान बेनलाई पैन (30) के रूप में हुई है। वह चीन का निवासी है और हांगकांग से दिल्ली आया था। वह अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में यात्रियों की नींद का फायदा उठाकर कीमती सामान और कार्ड चोरी करने वाले गिरोह का सक्रिय सदस्य है। आईजीआईएयरपोर्ट की डीसीपी उषा रंगनानी ने शनिवार को बताया कि 14 मई को जब एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-315 हांगकांग से दिल्ली पहुंची, उड़ान के दौरान कुछ यात्रियों ने चोरी की शिकायत की। जिसके बाद टर्मिनल-3 के सुरक्षा और सतर्कता विभाग ने आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम तुरंत हरकत में आई और आगमन हॉल में एयर इंडिया के स्टाफ और यात्रियों से मुलाकात की। यात्री प्रभात वर्मा (सीट 12सी) ने बताया कि क्रू मेंबर्स ने उन्हें उनके बैग के आसपास संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सतर्क किया था। जब उन्होंने जांच की तो पाया कि उनका बैंक ऑफ अमेरिका का क्रेडिट कार्ड गायब है। पास की सीट (14सी) पर बैठा व्यक्ति, जो वास्तव में सीट 23सी का टिकट धारक था, संदेह के घेरे में आया। तलाशी में वह कार्ड उसी सीट के नीचे पाया गया। आरोपित की पहचान बेनलाई पैन के रूप में हुई। वहीं, एक अन्य महिला यात्री प्राशी ने बताया कि उनकी मां का एचडीएफसी डेबिट कार्ड भी उड़ान के दौरान बैग से गायब हो गया। तीसरी यात्री नफीज फातिमा ने बहादुरी दिखाते हुए एक वीडियो रिकॉर्ड किया। जिसमें आरोपित यात्रियों का बैग खोलते और उसमें सामान खंगालते हुए दिख रहा था। बेनलाई पैन के साथ यात्रा कर रहे तीन अन्य चीनी नागरिक मेंग गुआंगयांग (51), चांग मंग (42) और लियू जी (45) को भी तत्काल हिरासत में लिया गया। उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह गिरोह लंबी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में बुकिंग करता था। ताकि नींद में डूबे यात्रियों के बैग से चोरी की जा सके। ये सदस्य जानबूझकर अलग-अलग सीटों पर बैठते थे ताकि संदेह न हो। चोरी के बाद कार्ड को जल्दी से फेंक देते थे जिससे पकड़ में आने की संभावना कम हो। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से बरामद बैंक ऑफ अमेरिका क्रेडिट कार्ड, बैग, बटुए और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, जिनकी जांच जारी है।



# 'सैनिकों ने साहस के साथ 'ऑपरेशन सिंदूर' को दिया अंजाम'

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा के गांव बुहावी में तिरंगा यात्रा की अगुवाई कर लोगों में भरा देशभक्ति का जज्बा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारे बहादुर सैनिकों ने जिस साहस, निष्ठा और अनुशासन के साथ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है उससे एहसास होता है कि यह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय गरिमा का प्रतीक भी बन चुका है। मुख्यमंत्री ने यह बात आज लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव बुहावी में तिरंगा यात्रा से पूर्व उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कही। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने मुख्यमंत्री की अगुवाई में तिरंगा यात्रा में भाग लिया और देश के वीर सैनिकों व ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए सैनिकों के सम्मान में चलाई जा रही इस मुहिम में बढ़-चढ़ कर योगदान दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गावं बुहावी की ग्राम पंचायत को विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज का यह दिन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति के जज्बे और बलिदान की भावना को सच्ची श्रद्धांजलि देने का अवसर है। हम यहां तिरंगा यात्रा के माध्यम से उन महान सपूतों को नमन करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश की रक्षा की और चार दिनों में ही पाकिस्तान को घुटनों पर लाने का काम किया। उन्होंने कहा कि वे उन वीर सैनिकों को नमन करते हैं जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लिया। साथ ही वे उन माताओं को भी प्रणाम करते हैं जिन्होंने ऐसे वीरों को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि आज उपस्थित सभी लोग इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से संकल्प लें कि वे आतंक के विरुद्ध हमेशा एकजुट खड़े रहेंगे।



### भारत ने संयम और शांति की मिसाल पेश की

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सीजफायर की बात हुई, तो भारत ने फिर संयम और शांति की मिसाल पेश की। वह केवल एक सैन्य निर्णय नहीं, बल्कि मानवीयता की ओर उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। यह हमारे देश की परिपक्वता, विवेकशीलता और आत्मबल का प्रमाण है। भारत युद्ध का पक्षधर नहीं है, लेकिन जब तक शांति को कमजोरी समझा जाएगा, तो भारत चुप नहीं रहेगा। यही शौर्य और संयम भारत को एक महान राष्ट्र बनाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का ही परिणाम है कि आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जा रही है, सेना का सशक्तिकरण किया गया है और दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, भाजपा जिला अध्यक्ष तजेंद्र सिंह गोल्डी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।





### भारत की संप्रभुता पर हमला करने का अंजाम बहुत बुरा होता है

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संदेश पूरी दुनिया ने सुना कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएगा। यही है नए भारत का आत्मविश्वास, यही है विकसित भारत की पहचान।
उन्होंने कहा कि हमारी सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादियों के अड्डों को नेस्तनाबूद कर पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की संप्रभुता पर हमला करने का अंजाम बहुत बुरा होता है। ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकाने और पाकिस्तान के 11 एयरबेस को ध्वस्त किया।

**गांव की मिट्टी के कण-कण में बसी है देशभक्ति**
मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की वीर भूमि से लाखों जवान भारत माता की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे गांव-गांव के जवान वीरता की मिसाल बन चुके हैं। इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से आपने पूरे हरियाणा और देश को यह संदेश दिया है की देशभक्ति गांव की मिट्टी के कण-कण में बसी हुई है।

**सैन्य के साथ साथ गैर-सैन्य कार्रवाइयां भी की**
मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर ही नहीं बल्कि गैर-सैन्य कार्रवाइयां करते हुए सिंधु जल संधि निलंबित करने के साथ-साथ वीजा, व्यापार सब कुछ बंद कर दिया। भारत में रह रहे पाक नागरिकों को वापिस भेजा, साथ ही अटारी बॉर्डर सील किया गया और पाकिस्तान को पूरे संसार से अलग-थलग कर दिया। उन्होंने कहा कि यह युद्ध नहीं था, यह नए भारत का प्रतिशोध था। नायब सिंह सैनी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत सीता नवमी के दिन नौ ठिकानों पर हमला किया गया। पहलगाम में हमारी बहन-बेटियों के सिंदूर उजाड़े गये थे। इसलिए इस ऑपरेशन का नाम सिंदूर रखा गया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में महिलाओं को जिंदा छोड़कर आतंकवादियों ने कहा था कि मोदी को जाकर बता देना। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बता दिया है कि भारत की अस्मिता पर आंख उठाने वालों का क्या हाल होता है।

**देशभक्ति**

**पीएम का यह संदेश पूरी दुनिया ने सुना कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएगा**

# पंचायतों को मिली बड़ी ताकत




**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि हरियाणा सरकार पंचायतों को सशक्त बनाने की दिशा में अनेक ऐतिहासिक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अब गांवों को विकास का केंद्र बिंदु बना रही है, जिससे गांवों में विकास की नई बयार देखने को मिल रही है।
उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पंचायतों को 21 लाख रुपये तक के कार्य बिना कोटेशन के कराने का अधिकार देकर उन्हें स्वायत्तता की दिशा में और अधिक सशक्त किया है। इसके अलावा जिला परिषदों को सीधे फंड जारी कर विभिन्न विभागीय कार्यों के निष्पादन के अधिकार भी सौंप दिए गए हैं। पंवार ने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय पंचायती दिवस (24 अप्रैल) को राज्य स्तर पर भव्य रूप से मनाया गया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर राज्य ग्राम उत्थान समारोह के तहत पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया और विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए 368 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पहली बार पंचायती राज संस्थाओं को इतनी सक्रिय भागीदारी दी जा रही है। यह सत्ता के विकेंद्रीकरण का वास्तविक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में कच्ची फिरनियों को पक्का किया जा रहा है, स्ट्रीट लाइट्स लगाई जा रही हैं, योग केंद्र, व्यायामशालाएं, तालाबों का सौंदर्यीकरण, वॉकिंग ट्रैक और बैठने की व्यवस्था बनाई जा रही है।
इन योजनाओं से ग्रामीण अधोसंरचना के साथ-साथ स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। पंवार ने बताया कि सरकार की यह पहल केवल निर्माण कार्य तक सीमित नहीं, बल्कि गांवों के सामाजिक और आर्थिक ढांचे को मजबूत करने का प्रयास है।

# हरियाणा सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए है प्रतिबद्ध: राव नरबीर

**परामर्श बैठक**

**उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह की अध्यक्षता में गुरुग्राम में हितधारक परामर्श बैठक का आयोजन किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा में उद्योग जगत से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करने और नीतियों को और अधिक प्रभावशाली व व्यावहारिक बनाने की दिशा में हरियाणा सरकार द्वारा किए जा रहे सराहनीय प्रयासों के क्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह की अध्यक्षता में गुरुग्राम में हितधारक परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान हरियाणा इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग (ईएसडीएम) नीति 2025 (ड्राफ्ट) तथा हरियाणा एवीजीसी-एक्सआर नीति 2025 (ड्राफ्ट) पर हितधारकों के साथ परामर्श किया गया। इस मौके पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने परामर्श सत्र में राज्य की आर्थिक नीतियों और औद्योगिक रणनीतियों पर उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद कर उद्योग-संचालित नीति पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित किया, जो आर्थिक विकास, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और व्यापार में सुगमता को सुनिश्चित करेगा। मंत्री ने कहा कि हरियाणा में पिछले 10 वर्षों से औद्योगिक क्षेत्र में पुरानी परिपाटी बदलने का क्रम निरंतर जारी है। आज वैश्विक स्तर पर जिस प्रकार का माहौल है। उससे यह स्पष्ट हो गया है कि जिस देश में उद्योग फले-फूलेंगे, वही देश आर्थिक उन्नति करेगा। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्यों की प्राप्ति में उद्यमियों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। हरियाणा सरकार भविष्य में भी इसी तरह हितधारकों से सतत संवाद बनाए रखते हुए राज्य के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा नीति बदलाव की प्रक्रिया निरंतर जारी है। उद्योग अनुकूल नीतियों को इस प्रकार का स्वरूप दिया जाए कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस क्षेत्र से जुड़कर देश व प्रदेश की उन्नति में अपना योगदान दे।

# शिक्षा मंत्री ने 10वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की 10वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि 10वीं के नियमित परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम 92.49 प्रतिशत रहा है। इसी तरह से स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम 73.08 प्रतिशत रहा है। उन्होंने कहा कि उम्मीद के मुताबिक छात्राओं का परीक्षा परिणाम 94.06 प्रतिशत रहा है, जबकि लड़कों का परीक्षा परिणाम 91.07 प्रतिशत रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियों ने फिर से साबित कर दिया है कि शिक्षा के क्षेत्र में भी वे बेटों से कम नहीं हैं। बेटियां पढ़ाई में तो अव्वल हैं ही, साथ ही वे खेलों में भी पदक जीतकर देश व प्रदेश का गौरव बढ़ा रही हैं। शिक्षा मंत्री ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे बेटियों को शिक्षा ग्रहण करने के पूरे अवसर प्रदान करें, ताकि वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर परिवार व प्रदेश का मान बढ़ा सकें। उन्होंने बताया कि 497 अंकों के साथ चार परीक्षार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, इनमें ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल मतलोडा, हिसार के रोहित, न्यू सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल, नगला राजपूतान, अंबाला की माही, सी.आर. सीनियर सैकेंडरी स्कूल माजरा दुबलधन, झज्जर की रोमा व तानिया शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 496 अंकों के साथ छह परीक्षार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, इनमें आशादीप आदर्श हाई स्कूल करहंस, पानीपत के अक्षित सहरावत, शहीद भगत सिंह सीनियर सैकेंडरी स्कूल मटौर, कैथल के योगेश, सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सैकेंडरी स्कूल बुआना लाखु, पानीपत की रिंकु, एस.वी.एम. सीनियर सैकेंडरी स्कूल काहनौर, रोहतक की दिव्यांशी, आदर्श सीनियर सैकेंडरी स्कूल, डाटा, हिसार की सुनयना, सही राम सीनियर सैकेंडरी स्कूल महम, रोहतक की दीक्षा शामिल हैं।

# विस अध्यक्ष ने पुस्तकालय-कैंटीन का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने चंडीगढ़ स्थित हरियाणा विधानसभा परिसर का दौरा करते हुए विधानसभा पुस्तकालय और कैंटीन का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेना तथा आवश्यक सुधारों के लिए दिशा-निर्देश जारी करना था।
विस अध्यक्ष कल्याण ने सबसे पहले विधानसभा पुस्तकालय का दौरा किया, जहां उन्होंने वहां उपलब्ध पुस्तक संग्रह, समाचार पत्र-पत्रिकाओं तथा डिजिटल संसाधनों का अवलोकन किया।

**दिशा-निर्देश**

**वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेना तथा आवश्यक सुधारों के लिए दिशा-निर्देश जारी करना था।**

उन्होंने लाइब्रेरी स्टाफ से बातचीत कर यह जाना कि विधायकगण और शोधकर्ता पुस्तकालय की सुविधाओं का किस प्रकार उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुस्तकालय को और अधिक आधुनिक, तकनीक-संपन्न और उपयोगकताओं के अनुकूल बनाया जाए।
इसके पश्चात उन्होंने विधानसभा की कैंटीन का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, रसोईघर की व्यवस्था और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने कैंटीन में कार्यरत कर्मचारियों से भी बातचीत की और उन्हें स्वच्छता के उच्चतम मानकों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। विस अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कैंटीनों में पौष्टिक, स्वच्छ और स्वादिष्ट भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

# सरकार ने ध्यान दिया होता तो न गहराता जल संकट: सैलजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की जुमलेबाज भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में पेयजल प्रबंधन को लेकर कोई ठोस प्रयास नहीं किया, अगर समय रहते नहरों की साफ सफाई करवा ली गई होती तो प्रदेश को पूरी मात्रा में पानी मिलता, क्योंकि भाखड़ा नांगल बांध से हमारे हिस्से का जो पानी छोडा जाता है वह पूरी मात्रा में नहीं आ पाता। आज हालात ऐसे हैं कि पंजाब सरकार हरियाणा के लोगों की प्यास बुझाने के बजाए पानी पर राजनीति कर रही है। प्रदेश में पेयजल संकट से हालात यहां तक पहुंच गए है कि 10 जिलों में गंभीर जल संकट गहराया हुआ है, 51 जलघर सूख चुके है, टैंकरों से पानी की आपूर्ति हो रही है और गांवों में एक दिन छोड़कर सप्लाई दी जा रही है। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि मार्च माह में हरियाणा के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया गया था के नहरों की साफ सफाई करवा ली जाए ताकि नहरों में पूरी मात्रा में पानी आ सके और अंतिम छोर तक (टेल) पानी पहुंच चुके, पर सरकार ने इस ओर कोई ध्यान ही नहीं दिया। हरियाणा के हिस्से के पूरे पानी का उपयोग तक सरकार नहीं कर पाई, एसवाईएल नहर का मामला भी राजनीति की भेंट चढ़ गया, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश तक पंजाब सरकार नहीं मान रही है। पंजाब और हरियाणा के बीच पानी को लेकर चल रहे विवाद के बीच हरियाणा के 10 जिलों में गंभीर जल संकट पैदा हो गया है।

**पानी का मुद्दा**

**पंजाब और हरियाणा में जल विवाद के चलते प्रदेश में गंभीर होता जा रहा है जल संकट**

# पकड़ी गई पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाली महिला यूट्यूबर

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** हरियाणा की हिसार पुलिस ने एक महिला यूट्यूबर को गिरफ्तार किया है। उसका ज्योति मल्होत्रा नाम है और उस पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का आरोप है। ज्योति शहर के घोड़ा फार्म रोड की रहने वाली है और ट्रैवल विद जो नाम से यूट्यूब पर चैनल चलाती है।
ज्योति ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया है कि वो "ट्रैवल विद-जो" के नाम से यूट्यूब पर चैनल चलाती है। वह साल 2023 में पाकिस्तान जाने के लिये वीजा लगवाने के सम्बन्ध में पाकिस्तान हाई कमीशन दिल्ली गई थी, जहां उसकी मुलाकात अहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से हुई थी। उसने अहसान का मोबाइल नम्बर ले लिया था। फिर वो उससे बातें करने लगी थी। इसके बाद उसने दो बार पाकिस्तान की यात्रा की, जहां वो अहसान-उर-रहीम के कहने पर अली अहवान से मिली थी। पाकिस्तान में अली अहवान ने उसकी पाकिस्तानी सिक्योरिटी और इंटेलिजेंस के अधिकारियों से मुलाकात करवाई थी और फिर वो शाकिर और राणा शहबाज से भी मिली थी। उसने शाकिर का नम्बर ले लिया था और जट रंधावा के नाम से सेव कर लिया था ताकि किसी को उस पर शक ना हो।

# अति आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा नरवाना बार एसो.: बेदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि नरवाना बार एसोसिएशन अति आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा और अधिवक्ताओं एवं कोर्ट परिसर में आने वाले लोगों की सुविधाओं के अनुसार सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की जाएंगी। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शनिवार को नरवाना (जींद) बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम से पहले केबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने बार एसोसिएशन में डिजिटल सुविधाओं से लैस ई-लाइब्रेरी का उद्धघाटन भी किया। उन्होंने कहा कि ई- लाइब्रेरी बनने से अधिवक्ताओं को आधुनिक तकनीक की सुविधा मिलेगी। ई-लाइब्रेरी के माध्यम से अब वकील उच्च न्यायालय और माननीय सर्वोच्च न्यायलय के फैसले और अन्य प्रमाणित दस्तावेज ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा भविष्य में वकीलों की मांग पर सभी प्रकार के मामलों की प्रक्रिया भी डिजिटल प्लेटफार्म पर लाई जाएगी। इससे कानूनी शोध और विभिन्न केसों की तैयारी में अधिवक्ताओं को ऑनलाइन मदद मिलेगी साथ ही न्याय प्रक्रिया में पारदर्शिता दक्षता भी बढ़ेगी जिसका सीधा फायदा लंबित मामलों के जल्दी निपटान से सम्बन्धित पक्षों को भी मिलेगा।
उन्होंने कहा की उनका प्रयास है की नरवाना शिक्षित, सुरक्षित और विकसित क्षेत्र बने, इसके लिए वो निरन्तर कार्य कर रहे हैं। नरवाना क्षेत्र में करीब 65 करोड़ की लागत से गांव से गांव को जोड़ने वाली 28 योजक सड़कों का सुधारीकरण एवं विस्तारीकरण किया जा रहा है। इससे आवागमन और अधिक सुलभ होगा। उन्होंने बताया कि शहरवासियों को बरसाती पानी की निकासी तथा जलभराव की समस्या से जल्द निजात मिलेगी जिसके लिए 70 करोड़ रुपए की लागत से धनौरी ड्रेन तक 27 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू हो गया है।

**अमर शहीदों को किया नमन**
कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की कामयाबी पर बोलते हुए कहा कि देश की पूरी सैन्य शक्ति और उसके शौर्य को हम सलाम करते हैं और आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करने वाले अमर शहीदों को नमन करते हैं। उन्होंने बताया कि शहीदों के सम्मान एवं पीड़ित परिजनों को सांत्वना देने के लिए देशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।

**व्यवस्था**

**अधिवक्ताओं एवं कोर्ट परिसर में आने वाले लोगों की सुविधाओं के अनुसार सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की जाएंगी**

# पानीपत में महिला टीचर ने आठवीं कक्षा के बच्चों को पढ़ाया कलमा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत।** पानीपत के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में एक टीचर द्वारा आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को कलमा पढ़ाने का मामला सामने आया है। इसका खुलासा तब हुआ जब विद्यार्थियों ने घर जाकर स्कूल में पढ़ाया गया कलमा गुनगुनाया। इसके बाद बच्चों के परिजन शनिवार को स्कूल पहुंचे और इसकी शिकायत की। इसके बाद महिला टीचर को तुरंत स्कूल से बर्खास्त कर दिया गया है। मामला बिगड़ने की आशंका पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। जानकारी के अनुसार, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में दो दिन पहले मॉर्निंग असेंबली के बाद कक्षा आठवीं में संस्कृत की अध्यापिका महजीब अंसारी उर्फ माही ने लेक्चर लिया। इस लेक्चर के दौरान टीचर ने बच्चों को कलमा पढ़ाया। स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चे घर पहुंचे। वहां पहुंच कर उन्होंने कलमा गुनगुनाया। इसे परिजनों ने सुन लिया। तब बच्चों से जानकारी ली गई, तो उन्हें पता चला कि स्कूल में मैडम ने सिखाया है। इसके बाद आसपास के सभी अभिभावकों ने आपसी तौर पर बातचीत की और शनिवार इकट्ठे होकर स्कूल पहुंच गए। मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई। काफी देर तक स्कूल प्रशासन, अभिभावकों और टीचर के बीच बातचीत चलती रही। अभिभावकों ने स्कूल में कहा कि ऐसी चीजें सहन नहीं की जाएंगी। साथ ही महिला टीचर को स्कूल से निकालने की मांग रखी। अभिभावकों की मांग पर स्कूल प्रिंसिपल ने टीचर को सेवामुक्त कर दिया। अभिभावकों को स्कूल की प्रधानाचार्य इंदु ने बताया कि टीचर एक साल से स्कूल में पढ़ा रही थी। जब मैंने टीचर से बात की तो टीचर ने कहा कि बच्चों ने ही उससे पूछा था कि जैसे हिंदू पूजा करते हैं, मुस्लिम क्या करते हैं। बच्चों के सवाल पर टीचर ने कलमे की एक लाइन बता दी थी। प्रिंसिपल ने कहा कि टीचर भी अपनी इस हरकत पर शर्मिंदा थी।

# हुड्डा ने गुमशुदगी व अपहरण के बढ़ते मामलों पर जताई गहरी चिंता

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा में लगातार बढ़ रहे गुमशुदगी और अपहरण के मामलों पर गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश से रोजाना 45 से ज्यादा लोग लापता हो रहे हैं। यह तो मात्र वो मामले हैं, जो पुलिस थानों में दर्ज होते हैं। असल में ऐसे कई मामले होते हैं, जिनकी रिपोर्ट तक दर्ज नहीं होती। इसलिए यह आंकड़ा और बड़ा हो सकता है।
उन्होंने कहा कि सिर्फ इस साल जनवरी से मार्च तक के आंकड़ों को देखें तो प्रदेश से 4100 लोग लापता हुए हैं और 1000 से ज्यादा लोगों का अपहरण हुआ है। यानी प्रदेश में रोज लगभग 12 लोगों का अपहरण होता है। यह बेहद ही चिंताजनक हालात हैं। ये आंकड़े अपने आप प्रदेश की कानून व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं। हुड्डा ने कहा कि खुद केंद्र सरकार द्वारा जारी सामाजिक प्रगति सूचकांक में हरियाणा को देश का सबसे असुरक्षित राज्य बताया गया। केंद्र सरकार द्वारा ही जारी एनसीआरबी के आंकड़े भी इसकी तस्दीक करते हैं कि हरियाणा अपराध के मामले में बड़े-बड़े राज्य को पीछे छोड़कर पहले पायदान पर पहुंच गया है। अब राज्य के मानवाधिकार आयोग ने भी इस मामले में हरियाणा पुलिस को नोटिस जारी कर 8 हफ्ते के भीतर रिपोर्ट मांगी है।
स्पष्ट है कि भाजपा ने प्रदेश की कानून व्यवस्था का पूरी तरह दिवाला निकाल दिया है। केंद्र सरकार से लेकर राज्य स्तर की संस्थाएं भी अब इस बात को मान रही हैं। लगातार अपहरण और गुमशुदगी का शिकार हो रहे लोगों की सुरक्षा को लेकर बड़ी चिंता इसलिए भी है, क्योंकि इसमें मानव तस्करी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। क्योंकि, अक्सर देखा गया है कि अपहरण का शिकार महिलाएं और बच्चे बंधुआ मजदूरी, यौन शोषण और मानव अंग के अवैध व्यापार जैसी आपराधिक गतिविधियों का शिकार भी होते हैं। ऐसे में जिन परिवारों ने अपनों को खोया है, उनके दिल पर क्या बीत रही होगी, यह सोचकर भी मन बेचैन हो उठता है।
भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि एनसीआरबी रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में साल 2021 में 1144 हत्याएं हुई। यानी प्रदेश में रोज 3 से 4 लोगों की हत्या होती है। 3.8 मर्डर रेट के साथ हरियाणा पूरे देश में दूसरे नंबर पर है। यही रिपोर्ट बताती है कि 1 साल के भीतर हरियाणा में 1716 रेप के मामले सामने आए। यानी प्रदेश में रोज रेप की 5 वारदातें होती हैं।



**उठाए सवाल**

**प्रदेश से रोजाना 45 से ज्यादा लोग लापता हो रहे हैं। यह तो मात्र वो मामले हैं, जो पुलिस थानों में दर्ज होते हैं**

# डी-प्लान से राई हलके में करवायेंगे डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यः कृष्णा गहलावत

## विधायक ने जनता दरबार लगाकर जनसमस्याओं के समाधान के लिए दिए अधिकारियों को निर्देश

**स्वीकृति**

▶▶ एक करोड़ बासठ लाख उन्नचास हजार रुपये के विकास कार्य स्वीकृत करवाये गये हैं› विधायक

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई।** राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने बताय कि डी-प्लान के अंतर्गत राई विधानसभा क्षेत्र में डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक राशि के विकास कार्य करवाये जायेंगे, जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है। साथ में उन्होंने अपने कैंप कार्यालय में जनता दरबार लगाकर जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। विधायक ने बताया कि डी-प्लान के तहत करीब एक करोड़ बासठ लाख उन्नचास हजार रुपये के विकास कार्य स्वीकृत करवाये गये हैं। कुंडली नगरपालिका के अंतर्गत वार्ड-11 में सीटू के मकान से संदीप जोशी के मकान तक गली निर्माण, सोनू के मकान से कुंती के मकान तक गली निर्माण और सुखबीर के मकान से जगदीश के मकान तक गली का निर्माण करवाया जाएगा। विधायक ने बताया कि इनके अलावा मुरथल खंड के अंतर्गत टोंकी जाजल में नई चौपाल का निर्माण, टांडा में मेन फिरनी से सुरेश के घर तक रास्ते का निर्माण, ताजपुर में खेल स्टेडियम के अधूरे निर्माण को पूर्ण करवाने, खेवड़ा में कुश्ती अखाड़े में टिन शेड का निर्माण, पलड़ा में अंबेडकर पार्क का निर्माण और झुंडपुर में एससी वाल्मीकि चौपाल का पुर्ननिर्माण कार्य करवाया जाएगा। इसके साथ-साथ राई खंड के तहत प्रीतमपुरा में सरदार के घर से नारायण के घर तक रास्ते का निर्माण, खटकड़ में सरकारी विद्यालय में दो कमरों का निर्माण, दहिसरा में बीसी चौपाल का निर्माण, बहालगढ़ में एससी वाल्मीकि चौपाल का पुर्ननिर्माण, सेरसा में लाईब्रेरी का निर्माण,मनोली में राजबीर चौहान की दुकान के से दिनेश पंडित के घर तक रास्ते का निर्माण तथा बिंदरौली में चौपाल का निर्माण और बढ़खालसा में वाल्मीकि चौपाल का निर्माण करवाया जाएगा। ग्रामीणों ने विधायक कृष्णा गहलावत के कैंप कार्यालय में पहुंचकर आभार जताया। इस मौके पर शीलू मेहंदीपुर, अमरजीत, तपराज जैनपुर, रमेश सरपंच, अनिल आंतिल, प्रदीप आंतिल, विष्णुर, प्रवीण, विपिन मनोली, छोटू पतला, कृष्ण मुरथल, कालू दीपालपुर, जीता दीपालपुर आदि शामिल रहे।



विधायक कृष्णा गहलावत जनता दरबार में ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए।

# पक्षियों के लिए 225 बसेरो की व्यवस्था

**अनोखी पहल**

▶▶ धर्मवीर दहिया ने कहा कि मौजूदा दौर में पर्यावरण संरक्षण एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है।



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

लंबे अर्से से समाज सेवा में जुटी सैनी सेवा ट्रस्ट देहरा ने एक अनोखी पहल करते हुए कृत्रिम घोंसले के तौर पर परिंदों के लिए विभिन्न स्थानों पर 225 बसेरों की व्यवस्था की हैं, जो बेजुबान पक्षियों को मौसम आदि की मार से बचाने में काफी मददगार साबित होंगे. इस सराहनीय कार्य के सूत्रधार बने राजस्व विभाग के कानूनगो नवीन सिंहमार शेखपुरा ने कहा कि मौजूदा दौर में परिंदों के लिए प्राकृतिक घोंसलों से लेकर जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, शिकार और बीमारियाँ आदि के तौर पर परेशानियाँ की भारी भरमार हैं और पैदा हुई इन्हीं परेशानियाँ और प्रतिकूल परिस्थितियों के लिए कोई और नहीं बल्कि काफी हद तक मानव जाति ही जिम्मेदार हैं. ऐसे में परिंदों के संरक्षण के लिए आगे आना भी मानव का पहल कर्तव्य और परम धर्म बनता हैं. जिसे बिना किसी स्वार्थ भावना के निभाना आज हम सभी के लिए बहुत जरूरी हो चला हैं. कानूनगो नवीन सिंहमार ने दोनों ही संस्थाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए जहां पेड़-पौधों की कटाई पर गहरी चिंता जताई वहीं लोगों से अपने-अपने घरों की छतों, आंगनों आदि में पक्षियों के लिए दाने और पीने के पानी आदि की व्यवस्था करने की अपील की.

ट्रस्ट के इस कार्य मे मददगार बनी अंबेडकर युवा सेवा समिति शाहजहानपुर (ध्याना) के चेयरमैन धर्मवीर दहिया ने कहा कि मौजूदा दौर में पर्यावरण संरक्षण एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। हमारी पृथ्वी पर बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, और प्राकृतिक संसाधनों की कमी ने इसे और भी जरूरी बना दिया है। इसके बिना, हमारे अस्तित्व और जीवन पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता हैं ।

खेत-खलिहानों, घरों के आंगन, पशुबड़ों और वृक्षों आदि पर अलग-अलग स्थान पर इन कृत्रिम घोंसलों के लगाए जाते वक्त ट्रस्ट के संस्थापक करण सिंह सैनी, ट्रस्ट की अध्यक्षता माया देवी, बीर सिंह उर्फ बीरू, सन्नी उर्फ सोनू, परमाल सिंह, रामफल सैनी पानीपत, मोहन लाल सैनी, सोहन लाल, अनिल, ठेकेदार राकेश कुमासपुर, मदन रोहतक, अशोक, सुनील, भूप सिंह, राजवीर, हर्ष चहल, नवीन चौहान, सुरजीत, वीरेंद्र, पंकज, हिमांशु आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

# डांस एंड मॉडलिंग शो में आकर्षण का केंद्र बना महिलाओं का रैंपवॉक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः**

अम्बाला शहर के अल्ट्रस्ट सिटी प्लाजा में द रॉयल इवेंट्स द्वारा आयोजित डांस व मॉडलिंग शो के दौरान महिलाओं का रैंपवॉक आकर्षण का केंद्र बन गया.बच्चों व किशोरों की रंगारंग प्रस्तुतियों के बाद रैंप पर तितलियों की तरह थिरकती महिलाओं ने दर्शकों का मन मोह लिया.शो के दौरान चांदनी पुरी को मिसेज सिटी ग्लैमर, हिमांशी को मिस सिटी ग्लैमर चनप्रीत सिंह को मिस्टर ग्लैमर और हिनाया को मिस लिटिल ग्लैमर के खिताब से नवाजा गया। * आई हेट पॉलिथीन *अभियान चला रहे समाजसेवी अनुज अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस आयोजन में संजीव सूद, नीलिमा सिंह और अखीरा मीर की विशेष भूमिका रही. समारोह की मुख्य अतिथि मेयर शैलजा सचदेवा एवं व्यवसायी वीना अग्रवाल थी। जबकि समाजसेवी बिम्पी रेखी, फिल्मकार प्रमोद पब्बी, निमरत प्रताप सिंह, अभिनेता अरविंद सूरी, भाँगड़ा किंग बलजीत सिंह जिंदवा, अभिनेत्री मनप्रीत कौर, भाजपा नेत्री पारुल सभरवाल, सनातन मंच सेवा सभा के महेश दत्त वशिष्ठ व अन्य पदाधिकारी, समाजसेवी मदन मोहन उप्पल, समाजसेवी राकेश मक्कड़, बलकार सिंह हौंडा और कलाकार विशाल कैंपकिंग आदि विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुए.कार्यक्रम के दौरान 5 से 9 वर्ष व 10 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों एवं 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के किशोरों ने अपनी नृत्य प्रस्तुतियों से समा बांध दिया. युवक युवतियों और महिलाओं की मॉडलिंग के एथनिक एवं कैजुअल दो राउंड हुए. बाद में बिजेताओं को ट्रॉफी, मैडल, प्रमाणपत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया



# किसान की फसल को किया नष्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के कुताना गांव में पंचायत की जमीन को एक साल के लिए पट्टे पर लेकर फसल उगा रहे किसान की मेहनत पर पिछले पट्टेदारों और उनके साथियों ने ट्रैक्टर चलवाकर नष्ट कर दिया। किसान का आरोप है कि उसने 13 लाख रुपए की बोली में पंचायत की जमीन बीती 1 मई को ली थी और उसी दिन बैंक से ट्रांसफर कर रकम पंचायत खाते में जमा भी करवा दी थी।
सरपंच ने मौके पर जमीन का कब्जा भी दिलवा दिया था। अब खेत में फसल खड़ी थी, तभी पूर्व पट्टेदार और उनके साथ आए 3-4 ट्रैक्टरों ने खेत जोत दिया और पूरी फसल तबाह कर दी। पीड़ित किसान ने पूरे घटनाक्रम की वीडियो भी पुलिस को सौंपी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भारतीय सेना पर बनाई पेटिंग किया कला का प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा 17 मई ( कुलदीप सिंह )** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आट्टा में मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता और पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ' बच्चों ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया ' इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की मेहंदी डिजाइन बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया और पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने भारतीय सेना पर पेंटिंग बनाई जिसमें सेना की भूमिका और महत्व को दशार्या और बहुत सुन्दर सुन्दर पेंटिंग बनाई गई ' प्रतियोगिता के बाद प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसी ऐसी प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता और कौशल विकास को बढ़ावा देना है ' इस प्रकार की प्रतियोगिता छात्रों को अपनी कला और प्रतिभा को विकसित करने का अवसर प्रदान करती है ' प्रतियोगिता के सफल आयोजन के बाद विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया ' इस अवसर पर विद्यालय में आशा रानी, भूमिका, आरती, सुशीला, योगिता, जगमेंद्र शास्त्री, विनोद कुमार, योगेंद्र, रविंद्र और मनदीप उपस्थिति रहे '

## संक्षिप्त खबरें

### खेलों के क्षेत्र में कुरुक्षेत्र के खिलाडियों ने पूरे विश्व में किया प्रदेश का नाम रोशन :सुभाष सुधा




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत ,:** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि खेलों के क्षेत्र में कुरुक्षेत्र के खिलाडि ?ों ने पूरे विश्व में प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस जिले के हॉकी, वालीबाल,साईकिलिंग सहित अन्य खेलों में बेहतरीन खिलाड़ी है और इन खिलाडि ?ों को योग्य प्रशिक्षकों के जरिए तराशने का काम किया जा रहा है।
पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शनिवार को कराटे स्पोर्टस एसोसिऐशन की तरफ से आयोजित 23वीं कुरुक्षेत्र जिला स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, नगरपरिषद थानेसर की अध्यक्षा माफी ढांडा, समाजसेवी मलकित ढांडा, समाजसेवी पंकज अरोड़ा व एसोशिऐशन के अध्यक्ष सुशील शर्मा ने दीप शिखा प्रज्ज्वलित करके दो दिवसीय कराटे चैम्पियनशिप का शुभारंभ किया।
पूर्व राज्यमंत्री ने खिलाडि ?ों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खिलाडि ?ों को पूरा मान सम्मान देने काम किया है। इस प्रदेश के खिलाडि ?ों को उच्च स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, खेल नीति के तहत सरकारी नौकरियां, इनाम राशि तथा तमाम अन्य सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। जिसके चलते ही खिलाड़ी उत्साहित होकर कड़े परिश्रम और मेहनत कर रहे है।
एसोशिऐशन के अध्यक्ष सुशील शर्मा ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि एसोशिऐशन की तरफ से आयोजित 23वीं जिला स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में कुल 470 खिलाडि ?ों ने भाग लिया है। यह प्रतियोगिता 18 मई तक चलेगी। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, एसोसिऐशन के अध्यक्ष सुशील शर्मा, संयुक्त सचिव सुनील कुमार, तकनीकी निदेशक रिंकू कश्यप, नरेन्द्र, विकास, नीलोखेडी के प्रिंसीपल डा.राजेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

### 10वीं बोर्ड की परीक्षा में गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा का शानदार परिणाम ।

**समालखा 17 मई ( कुलदीप सिंह )**
हरियाणा बोर्ड द्वारा 10वीं बोर्ड की परीक्षा में गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय , समालखा के विद्यार्थियों ने शानदार परिणाम का प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में कुल 31 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे जिसमें 20 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज किया। जिनमें से अधिकांश का परिणाम उत्कृष्ट रहा है।

इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा, प्राचार्या डॉ अभिलाषा, प्राध्यापक जितेन्द्र उत्तम, प्राध्यापक पवन गुलिया ने सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित किया और बच्चों को मिठाई खिलाकर मनोबल बढ़ाया व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया '

सुष्मिता ने 97% अंक के साथ प्रथम स्थान पर, पिंकी 95% के साथ द्वितीय स्थान पर, अनमोल 94.4 के साथ तृतीय स्थान पर, दीपांशु 92.6% राखी, हर्षित 93.6% के साथ चतुर्थ स्थान पर और दीपांशु 92.6% अंक के साथ पाँचवें स्थान पर रहे ।

# रोजगार न मिलने के कारण युवा नशे और अपराध की चपेट में आ रहा : अरोड़ा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज प्रदेश में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। रोजगार न मिलने के कारण युवा नशे और अपराध की चपेट में आ रहा है। सरकार को चाहिए कि युवाओं के लिए रोजगार का प्रबंध करे। यह शब्द थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने गांव भिवानी खेड़ा में अपने धन्यवादी दौरे के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने गांव बिशनगढ़, डोडाखेड़ी, बहादुरपुरा, सिंहपुरा, हंसाला, घमूर खेड़ी सहित एक दर्जन से अधिक जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्हें विधायक बनाने के लिए जनता का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर किरमिच गांव के सरपंच रणबीर सिंह बूरा, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन सचिव सुभाष पाली, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला प्रधान एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र सैनी भिवानी खेड़ा, जिप के पूर्व सदस्य चंद्रभान वाल्मीकि, बारना गांव के पूर्व सरपंच टेकचंद बारना, सुनील राणा, मोहित सैनी, सुभाष मिजौपुर, राजपाल वाल्मीकि, बहादुरपुरा के पूर्व सरपंच बलवंत सैनी ने भी जनसभाओं को संबोधित किया।

# डी.ए.वी. स्कूल में पौधारोपण एवं पक्षी जलपात्र अभियान

**अभियान**

▶▶ इस अभियान के अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न छायादार व औषधीय पौधे लगाए गए




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** डी.ए.वी. सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, अंबाला सिटी के प्रांगण में९ इंसानियत फाउंडेशन के सहयोग से पौधारोपण एवं पक्षियों के लिए जलपात्र रखने का विशेष अभियान संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न छायादार व औषधीय पौधे लगाए गए तथा गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने हेतु जलपात्र भी रखे गए।
कार्यक्रम में इंसानियत फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य श्री कॉल ने संस्था के उद्देश्य व कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह संस्था श्री गितांश मल्होत्रा द्वारा 13 जुलाई 2024 को स्थापित की गई थी, जो डी.ए.वी. स्कूल के ही पूर्व छात्र हैं। फाउंडेशन का लक्ष्य अंबाला में 2,25,000 पौधे लगाना है। अब तक संस्था ने 1000 से अधिक पौधे रोपित, जरूरतमंदों को कंबल एवं जूते वितरित, भोजन वितरण अभियान, तथा 200+ कुत्तों व गायों को रेडियम कॉलर बांटने जैसे जनहितकारी कार्य किए हैं। कॉल ने यह भी बताया कि फाउंडेशन के सदस्य हर रविवार सुबह विभिन्न पार्कों, गुरुद्वारों व सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण एवं पक्षियों हेतु जलपात्र रखने का कार्य करते हैं तथा नियमित रूप से उनकी देखभाल भी करते हैं।
इस पुनीत अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने कहा झ
"यह गर्व का विषय है कि हमारे विद्यालय का पूर्व छात्र पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इतना सुंदर कार्य कर रहा है। ऐसे युवा हमारे समाज की सच्ची प्रेरणा हैं।"प्रिंसिपल सूरी ने सभी इंसानियत टीम मेंबर्स को इस काम को भविष्य में भी इसे जारी रखने का आशीर्वाद और आश्वासन दिया कि मेरी तरफ से जो भी सहायता होगी इस शुभ काम के लिए मै करता रहूँगा विद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सुरेश कॉल के प्रयासों को भी विशेष सराहना मिली। वे वर्षों से अंबाला शहर में स्पाइडर प्लांट एवं स्नेक प्लांट वितरण कर पर्यावरण जागरूकता फैला रहे हैं, और इसी कारण उन्हें स्थानीय स्तर पर ह्लस्पाइडर मैनह्व व ह्लस्नेक मैनह्व कहा जाता है।
कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि वे ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान लगाए गए पौधों की देखभाल करेंगे तथा अपने आसपास भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देंगे।

# विज के प्रयासों से इंडस्ट्रियल एरिया को बाढ़ के पानी से मिलेगी सुरक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला :** अम्बाला छावनी में एचएसआईआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया एसोसिएशन के सदस्यों ने हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंच इंडस्ट्रियल एरिया में चार दीवारी को मंजूरी दिलाने पर उनका हार्दिक धन्यवाद एवं आभार जताया।एसोसिएशन के सदस्यों ने इस दौरान कहा कि कैबिनेट मंत्री अनिल विज के प्रयासों से इंडस्ट्री एरिया को अब बाढ़ के पानी से सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अम्बाला छावनी इंडस्ट्री को बचाने के लिए मंत्री अनिल विज ने अथक प्रयास किए जोकि अब रंग ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि दीवार के बनने से उनकी इंडस्ट्री को अब बाढ़ के पानी से सुरक्षा मिलेगी। एसोसिएशन सदस्यों ने यह भी कहा कि अम्बाला छावनी पहले विकास के मामले में अछूता रहा, मगर मंत्री अनिल विज ने आज अम्बाला छावनी में इतने विकास कार्य करवा दिए है जिनका आने वाले दशकों तक जनता को भरपूर लाभ मिलेगा।
इस अवसर पर इंडस्ट्री एसोसिएशन से आशावंत गुप्ता, एसके वधावन, आलोक गुप्ता, सुरेश धीमान, रवि झाम्ब, साहिल जैन, सन्यम जैन, कंवलजीत जैन के अलावा लघु उद्योग भारती से शुभादेश मित्तल, विनोद बंसल, सुभाष धीमान, सुभाष मित्तल, मंगन रस्तोगी, कपिल वर्मा, महावीर जैन, प्रवीण जैन, संजीव आहूजा, वीरेंद्र वर्मा, राजिंद्र सिंह, रमन नागपाल एवं अन्य उद्योगपति मौजूद रहे। गौरतलब है कि कैबिनेट मंत्री अनिल विज के प्रयासों से इंडस्ट्री एरिया के चारों ओर कंकरीट की दीवार बनाने के लिए 16.35 करोड़ रुपए की मंजूरी सरकार से मिल चुकी है।



# जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 19 मई को

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :**

जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 19 मई को सुबह 11 बजे नए लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर करेंगे। उपायुक्त नेहा सिंह ने आज यहां जारी आदेशों में कहा है कि सभी अधिकारी जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में निर्धारित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

# सेना के सम्मान में भाजपा ने गोहाना शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

**एक्शन इंडिया,गोहाना (भंवर सिंह)**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिन्दूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है। सेना के सम्मान में भाजपा द्वारा गोहाना में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा राजकीय कन्या कॉलेज से शुरू होकर शहर में विभिन्न चौंकों से गुजरी। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की यात्रा का नेतृत्व किया।
शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।
सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है। आज हमारी सेना का जोश, जज्बा उच्च स्तर पर पहुंच चुका है। जिस प्रकार भारतीय सेना ने पाक समर्थित आतंकी ठिकानों को तबाह किया है। उससे पाकिस्तान सहमा हुआ है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सेना ने अपने पराक्रम से पाकिस्तान की नींद हराम कर रखी है। पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या का बदला लिया।
आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि पाकिस्तान गोली चलाएगा तो भारत उसका जवाब गोले से देगा। उन्होंने कहा कि भारत अब पाकिस्तान से केवल आतंकवाद और पीओके पर ही बात करेगा। इस मौके पर तिरंगा यात्रा संयोजक प्रदीप सांगवान, नगर परिषद चेयरपर्सन रजनी विरमानी, भाजपा गोहाना जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ धर्मबीर नांदल, तीर्थ राणा, जसबीर दोदवा, बलराम कौशिक, रीना शर्मा, भूपेंद्र मुदगिल, प्रवीण खुराना आदि मौजूद रहे।



## संपादकीय

# लाइक्स की दौड़ में पहचान खोती जा रही नारी

**सोशल** मीडिया पर नारी देह का बढ़ता प्रदर्शन क्या वाकई सशक्तिकरण है या महज लाइक्स और फॉलोअर्स की होड़। इससे क्या हम सच्ची आजादी की ओर बढ़ रहे हैं या एक डिजिटल पिंजरे में कैद हो रहे हैं। अब तो ऐसा लगता है कि आत्मसम्मान की जगह केवल देह की नुमाइश रह गई है। क्या महिलाओं की पहचान अब सिर्फ उनके शरीर के आकार तक सिमट गई है। यह सवाल आज की डिजिटल पीढ़ी के सामने एक बड़ी चुनौती हैं जो सशक्तिकरण और आत्मसम्मान के असली मायने खोजने की मांग करता है। बड़ा सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे। सोशल मीडिया को देख कर सवाल उठता है कि आजकल इस तरह की महिलाओं को क्या हो गया है। सोशल मीडिया पर उठते कोलाहल में हर ओर एक ही स्वर गूंज रहा हैझ्रदेह प्रदर्शन का। कहीं चटकते-फड़कते रील्स में, कहीं भड़कते-उलझते डांस मूव्स में और कहीं जूम इन होती नजरों के बीच, बस एक ही प्रदर्शन, अपनी चपल देह की अदा का। मानो यही सब देह ही पहचान बन गई हो। सच कहा जाए तो इस दौर में देह का कारोबार जितना खुलकर हो रहा है, उतना पहले कभी नहीं हुआ था। सोशल मीडिया ने देह को एक 'प्रॉडक्ट' बना दिया है, जिसे जितना ज्यादा दिखाओ, उतना ज्यादा लाइक्स, फॉलोअर्स और व्यूज बटोर लो। मानो आत्मसम्मान का कद अब कमेंट्स की लंबाई और लाइक्स की संख्या से मापा जाने लगा हो। वह नारी जो कभी सभ्यता की पहचान थी, अब डिजिटल बाजार में बिक रही है। जिस समाज में नारी का सम्मान उसकी आंखों की लज्जा, चेहरे की सौम्यता और आचरण की मयार्दा से आंका जाता था, वहां आज उसका अस्तित्व उसकी नुमाइश में सिमट कर रह गया है। यह डिजिटल क्रांति का अजीब दौर है, जहां औरतें 'बोल्ड' होने का झूठा अर्थ 'बदन दिखाने' से जोड़ बैठी हैं। यह कैसी आजादी है, जहां अपनी पहचान की कीमत देह के टुकड़ों में चुकानी पड़े। औरतें खुद को जिस फेमिनिज्म की आड़ में उभार रही हैं, क्या वो असल में नारी शक्ति का उत्थान है या महज लाइक्स और फॉलोअर्स की दौड़ भर है। जरा सोचिए, इस देह प्रदर्शन की होड़ में कितनी महिलाएं खुद को खो रही हैं। क्या यह वाकई सशक्तिकरण है या एक नया बंधन है, जहां औरतें एक डिजिटल पिंजरे में फंसती जा रही हैं। नारी स्वतंत्रता का अर्थ तो आत्मसम्मान, शिक्षा और निर्णय लेने की स्वतंत्रता था, न कि सोशल मीडिया पर कुछ भी करके अधिकार की बात करना। यह तो वही हुआ जैसे किसी को सोने की चिड़िया बना दो और फिर पिंजरे में कैद कर दो। सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे। आज सोशल मीडिया एक ऐसा मंच बन चुका है, जहां कुछ महिलाएं खुद को कथित तौर पर साबित करने के लिए हर हद पार कर रही हैं। कपड़ों का छोटा होना और बोल्ड पोज देना ही अगर 'बोल्डनेस' है, तो फिर आत्मविश्वास, शिक्षा, और स्वाभिमान का क्या मतलब।

# तुर्की विरोध की बहती प्रखर राष्ट्र धारा

आचार्य श्रीहरि

> भारत की वे कंपनिया जो तुर्की की कंपनियों की सहचर हैं और जिनमें वे एक-दूसरे के सहयोगी हैं, व्यापारिक हिस्सेदार हैं। कहने का अर्थ यह है कि सभी ये जानते थे कि तुर्की भारत का घोर विरोधी हैं, भारत का संहार चाहता है, भारत को इस्लामिक देश में तब्दील करना चाहता है, कश्मीर पर पाकिस्तान का पक्ष लेता है, इसके बावजूद ये सभी तुर्की के साथ संबंधों की गहराई में डूबे हुए थे। तुर्की का भारत विरोधी अपराध बहुत ही घिनौना है, दुस्साहस वाला है। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि तुर्की साक्षात भारत के खिलाफ युद्ध में शामिल था। सिर्फ वह पाकिस्तान का मददगार नहीं था बल्कि तुर्की की सेना युद्ध की अग्रिम पक्ति में खडी थी और भारत के खिलाफ युद्ध का नेतृत्व कर रही थी। तुर्की ने कुछ हथियार बनाये हैं तो कुछ खरीदे भी है

**तुर्की** विरोध पर हमारी हैरानी और परेशानी का दूसरा पहलू है। हमारा पहलू यह है जो आपको भी हैरानी-परेशानी मे डाल देगा। मैं इस बात से प्रसन्न तो हूं कि तुर्की के खिलाफ स्पष्ट राष्ट्रवाद की ध्वनि सुनी जा सकती है। पर राष्ट्रवाद में विश्वास करने लोग, संस्थान, सरकार तुर्की से मित्रता और सहयोग की रस्सी से बंधे ही क्यो थे? भारत का विश्व प्रॅसिद्ध विश्वविद्यालय जवाहरलाल नेहरू विश्वद्यिालय, मुस्लिमकरण के प्रतीक जामिया मिलिया विश्वविद्यालय आदि शिक्षा जगत के संस्थानों ने तुर्की के साथ मित्रता और सहयोग की संधि से बंधे ही क्यों थे? प्रसिद्ध फिल्मों हीरो आमिर खान का तुर्की प्रेम ही क्यो था? तुर्की के वर्तमान जिहादी और हिंसक तथा पाकिस्तान समर्थक शासक इरदुगान के प्रति आमिर खान का प्रेम और प्रशंसा के जिहाद को किस श्रेणी में रखा जाना चाहिए? अभी तक आमिर खान ने तुर्की के भारत विरोधी करतूत पर मुंह तक नहीं खोला है और उसका राष्ट्र प्रेम जिहादी मानसिकता के नीचे दब गया। वे लाखों भारतीय जो पर्यटन के नाम पर तुर्की जाते है और तुर्की की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं को किस श्रेणी में रखा जाना चाहिए? वर्षा होने पर जिस तरह से सांप बिल से बाहर आ जाता है, मेढक धरती की दरारों से बाहर आकर टर-टर करने लगते हैं उसी तरह से ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्की समर्थक शिक्षण संस्थानें, व्यापारी और अन्य लोग अपने आप को राष्ट्रवादी, राष्ट्रप्रेमी घोषित करने में लगे हुए हैं, तुर्की के साथ अपनी संधियां तोडने में लगे हुए हैं, तुर्की विरोध की आंधी आई हुई है, सब कह रहे हैं कि तुर्की ने बहुत ही खतरनाक काम किया है, जिहादी और हिंसक पाकिस्तान का समर्थन किया है, पाकिस्तान की ओर से युद्ध लडा है, पाकिस्तान को युद्धक सामग्री दी है, कूटनीतिक स्तर पर भी तुर्की हमारे देश के खिलाफ खतरनाक जिहाद के रास्ते पर चल रहा है, हमें अपना देश प्यारा है। इसलिए हमें तुर्की के साथ सारी संधियां तोड देनी चाहिए, सहयोग के वचन समाप्त कर दिये जाने चाहिए, पर्यटकों को भी तुर्की नहीं जाना चाहिए, तुर्की के बदले स्वीटजरलैंड और अन्य यूरोपीय देश जाना चाहिए। इन उच्च संस्थानों के संचालकों और लोगों से कुछ प्रश्न इस प्रकार से किये जाने



चाहिए? क्या आप अनपढ और जाहिल किस्म के आदमी हैं, क्या आपको तुर्की की इस्लामिक यूनियनबाजी की जानकारी नहीं थी, क्या आपको तुर्की की पाकिस्तान परस्ती की जानकारी नहीं थी, क्या तुर्की की अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में भारत विरोधी हरकतों की आपको जानकारी नहीं थी? क्या आपको धारा 370 पर तुर्की की जिहादी और हिंसक मानसिकता की जानकरी नहीं थी? क्या इस्त्राइल के विरोध में तुर्की की मुस्लिम मानसिकता की जानकारी आपको नहीं थी? ये सभी प्रश्नों पर जेएनयू और जामिया मुस्लिम विश्वविद्यालयों को जानकारी कैसे नहीं होगी? इनके कुलपतियों और प्रोफेसरों को जानकारी कैसे नहीं होगी? उन पर्यटकों को भी जानकारी कैसे नहीं होगी जो शान के साथ तुर्की घूमने जाते हैं और तूर्की की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं, तुर्की का यशोगान गाते हैं। भारतीय पर्यटकों के पैसों का उपयोग तुर्की भारत के विरूद्ध ही करता है। भारत की वे कंपनिया जो तुर्की की कंपनियों की सहचर हैं और जिनमें वे एक-दूसरे के सहयोगी हैं, व्यापारिक हिस्सेदार हैं। कहने का अर्थ यह है कि सभी ये जानते थे कि तुर्की भारत का घोर विरोधी हैं, भारत का संहार चाहता है, भारत को इस्लामिक देश में तब्दील करना चाहता है, कश्मीर पर पाकिस्तान का पक्ष लेता है, इसके बावजूद ये सभी तुर्की के साथ संबंधों की गहराई में डूबे हुए थे। तुर्की का भारत विरोधी अपराध बहुत ही घिनौना है, दुस्साहस वाला है। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि तुर्की साक्षात भारत के खिलाफ युद्ध में शामिल था। सिर्फ वह पाकिस्तान का मददगार नहीं था बल्कि तुर्की की सेना युद्ध की अग्रिम पक्ति में खडी थी और भारत के खिलाफ युद्ध का नेतृत्व कर रही थी। तुर्की ने कुछ हथियार बनाये हैं तो कुछ खरीदे भी है। अपने हथियारों को पाकिस्तान पहुंचाया और अपने हथियार पाकिस्तान सैनिकों को उपलब्ध कराये। खबर तो यह भी है कि पाकिस्तान ने जो जवाबी हमला किया उसके पीछे चीनी और तुर्की हथियारों के भरोसे ही किया था। खासकर ड्रोन तुर्की ने ही उपलब्ध कराये थे। जानना यह भी जरूरी है कि भारत और पाकिस्तान ड्रोनों के माध्यम से ही एक-दूसरे पर हमले किये थे। अगर तुर्की ने जवाबी कार्रवाई के लिए तुर्की को अपना हथियार नहीं दिया होता और खासकर ड्रोनों की पूरी श्रृंखला नहीं दी होती तो फिर पाकिस्तान दो दिन में ही हार मान लेता और पाकिस्तान की इतनी क्षमता ही नहीं थी कि वह स्वयं के बल पर भारत से मुकाबला कर सके या फिर अपना बचाव कर सके। इसका प्रमाण तुर्की ने ही दिया है। तुर्की राष्ट्रपति रजब तैयब इरदूगान ने अपने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि उसने पाकिस्तान और इस्लाम की रक्षा की है, जहां भी इस्लाम पर खतरा आयेगा, हम वहां पर उपस्थित होकर लडेंगे, भारत ने पाकिस्तान पर हमला कर इस्लाम को तौहीन किया था, इसलिए हमनें पाकिस्तान को साथ दिया, सहयोग किया और भारत को पराजित करने में भूमिका निभायी। उसने यह भी कहा कि आगे भी हम पाकिस्तान और कश्मीर पर भारत का विरोध करेंगे। रजब तैयब इरदूगान के कहने का अर्थ यह है कि तुकी स्थायी तौर पर पाकिस्तान का दोस्त और भारत का दुश्मन बना रहेगा।

आज युद्ध का एक विकल्प आर्थिक बहिष्कार है। जैसे भारत का एक संकल्प पाकिस्तान को और कंगाल बनाना है, उसका माध्यम युद्ध का अन्य विकल्प यानी आर्थिक रूप से कमजोर करना और उसकी समृद्धि के रास्ते को रोकना। भारत ने सिंधु जल समझौता रद कर यह संकेत दिया कि वह पाकिस्तान को इसके माध्यम से कंगाल बनायेगा। सिंधु जल समझौते को रद कर भारत ने पाकिस्तान की कमर तोडने की विसात विछाई है जिससे पाकिस्तान के होश उडे हुए हैं, उसके खेतों की समृद्धि मारी जा सकती है। ठीक इसी प्रकार हम तुर्की की आर्थिक कमर तोड सकते हैं। आर्थिक कमर तोडने के लिए सिर्फ राष्ट्रवाद की प्रखर धारा की ही आवश्यकता नहीं पडेगी? तुर्की के पक्ष में भारत में भी कीडे-मकौडे हैं जो इस्लामिक यूनियनबाजी के प्रतीक है और इस्लामिक यूनियनबाजी से ग्रसित हैं। आमिर खान जैसे फिल्मी दुनिया के अन्य हस्तियों का तुर्की प्रेम आसानी से जाने वाला नहीं है, जेएनयू और जामिया मिलिया जैसे शैक्षणिक संस्थानों का भारत विरोधियों के साथ संबंध जोडने का जिहाद आसानी से समाप्त नहीं हो सकता है। खासकर भारतीय सिनेमा उद्योग तुर्की में फिल्मी सूट पर आंख मोड लेगा, यह कहना मुश्किल है? भारतीय पर्यटक आगे भी तुर्की बहिष्कार का सहचर बनेंगे, इस पर विश्वास करना मुश्किल है। भारत सरकार का तुर्की के प्रश्न पर रूख क्या होना चाहिए?

भारत सरकार भी तुर्की की करतूत और उसकी इस्लामिक ग्रथि से ग्रसित है। तुर्की का आर्थिक बहिष्कार पर भारत सरकार के पास ही चाकचैबंद कदम उठाने की जिम्मेदारी है। वैसी कपंनियों को हतोत्साहित करने की जरूरत है जो तुर्की संबंधित कंपनियों से किसी न किसी रूप से अभी भी जुडी हुई हैं। सिनेमा दुनिया पर तुर्की में फिल्म शुटिंग पर प्रतिबंध लगाना चाहिए, पर तुर्की की यात्रा को लेकर भारतीय पर्यटको पर भी प्रतिबंध लगाना चाहिए। दिल्ली मुबई, अहमदा के हवाई अड्डों ने तुर्की विमानन हवाई ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी सलेबी से संबंध तोड दिये हैं।

## कविता

### नामों में बसी जीवन-दीपिका"

आरव की मुस्कान सी शांति लिए,
मन की बुद्धि में गहराई लिए।
न बोले पर बहुत कुछ कह जाए,
हर दुख में भी मुस्कान लुटाए।

विवान बना प्रभु का वरदान,
दयालुता से सज्जित उसका प्राण।
वाणी में जिसकी करुणा बहती,
हर मन से जैसे पीड़ा हरती।

लक्ष्य जो जीवन का पथ दिखाए,
हर मंज़िल को सहज बनाए।
संकल्पों का दीप जलाए,
हर विफलता को जीत दिलाए।

अयांश है ईश्वर की एक छाया,
उसमें दिखे ब्रह्म की माया।
नन्हा-सा रूप, पर शक्ति अपार,
उसके संग हो भवसागर पार।

रुद्रांश की बात निराली है,
शिव के अंश में जो लाली है।
विनाशक भी, सृष्टिकर्ता भी,
उसके भीतर त्रिलोक समाई है।

कियान है दिव्य तेज की ज्वाला,
राजसी चाल, आंखों में हाला।
शौर्य की प्रतिमा, तेज का मान,
ह्रदय में बसी उसकी पहचान।

डॉ रामानुज पाठक

## भारत-पाक युद्ध के बाद ट्रंप की रणनीति में बदलाव

**संजय सक्सेना**

**डोनाल्ड** ट्रंप और नरेंद्र मोदी के बीच 2017 से 2021 तक का समय भारत-अमेरिका रिश्तों के लिए सुनहरा दौर माना गया था। दोनों नेताओं की दोस्ती की मिसाल हाउडी मोद और नमस्ते ट्रंप जैसे आयोजनों के जरिए दुनिया के सामने आई थी। ट्रंप ने उस समय मोदी को एक मजबूत नेता बताया था और भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को महत्वपूर्ण माना था। लेकिन जब ट्रंप 2025 में एक बार फिर सत्ता में लौटे, तो तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी थी। भारत के प्रति ट्रंप का रुख अब उतना दोस्ताना नहीं रह गया है। इसके पीछे कई भू-राजनीतिक, कूटनीतिक और रणनीतिक कारण हैं जिनका प्रभाव दोनों देशों के संबंधों पर पड़ रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीमित युद्ध के बाद ट्रंप के रुख में तेजी से बदलाव देखा गया। उन्होंने खुद को युद्ध विराम का नायक बताते हुए दावा किया कि उनकी मध्यस्थता के कारण ही युद्ध रुका और परमाणु संघर्ष की नौबत नहीं आई। लेकिन भारत ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया और स्पष्ट रूप से कहा कि यह एक द्विपक्षीय मामला है जिसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं हो सकती। भारत की इस प्रतिक्रिया से ट्रंप का अहं आहत हुआ और यही वजह है कि उनके बयानों में भारत के प्रति तल्खी साफ नजर आने लगी। ट्रंप को यह बात भी खली कि भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान तटस्थ रुख अपनाया और अमेरिका के लगातार आग्रह के बावजूद रूस के साथ अपने संबंधों को बनाए रखा। भारत ने रियायती दरों पर रूसी तेल खरीदना जारी रखा जिससे न केवल वैश्विक तेल कीमतों पर असर पड़ा बल्कि अमेरिका को यह भी महसूस हुआ कि भारत उसकी रणनीतिक प्राथमिकताओं में पूरी तरह साथ नहीं दे रहा है। ट्रंप भले ही रूस के प्रति व्यक्तिगत रूप से नरम रुख रखते हों, लेकिन उन्होंने हमेशा यह चाहा कि अमेरिका के सहयोगी देश रूस और चीन के खिलाफ खुलकर खड़े हों। भारत का संतुलन बनाए रखना, इफ्क्र्र और रउड जैसे मंचों में सक्रिय रहना और चीन के साथ व्यापारिक संबंधों को बनाए रखना ट्रंप को अखरने लगा। भारत और चीन के बीच व्यापार 125 अरब डॉलर के पार चला गया है जबकि अमेरिका चाहता है कि भारत दवअऊजैसे मंचों के जरिए चीन का खुला विरोध करे। इसके अलावा ट्रंप को पाकिस्तान के साथ अपने पुराने संबंधों को फिर से मजबूत करने की आवश्यकता महसूस हुई।

अमेरिका के रणनीतिक हलकों में यह समझ है कि पाकिस्तान की भू-राजनीतिक स्थिति उसे ईरान, अफगानिस्तान और मध्य एशिया पर प्रभाव बनाए रखने का जरिया बना सकती है। चीन और रूस के करीब गए पाकिस्तान को वापस अपनी ओर खींचने की रणनीति के तहत अमेरिका ने क्टऋसे पाकिस्तान को 2.4 अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज दिलवाया।

## विचार

# "मालदार दूल्हा ढूंढने वालों, खुद से भी सवाल करो!"

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**थोड़ा** एकलौता मालदार लड़का ढूंढने वालो के मुंह पे भी थूक दो। यह दोहरी सोच ही हमारे समाज का असली चेहरा है, जहां दहेज का विरोध सिर्फ भाषणों तक सीमित है, पर बेटियों की शादी में बड़ा बैंक बैलेंस और सरकारी नौकरी ही मापदंड बन जाते हैं। अगर बदलाव सच में चाहिए, तो यह दोहरापन भी मिटाना होगा। शादी रिश्तों का बंधन है, सौदेबाजी का खेल नहीं। सिर्फ दिखावा छोड़ो, सोच बदलो।

सिर्फ नारे नहीं, असल बदलाव चाहिए।

भारत में दहेज प्रथा एक ऐसा सामाजिक अभिशाप है जो आज भी गहरे तक जड़ें जमाए हुए है। दहेज लेना न सिर्फ एक अपराध है, बल्कि यह उस महिला के सम्मान का अपमान है जिसे एक बेटी, पत्नी और बहू के रूप में समाज में उच्च स्थान दिया जाता है। परंतु, यह प्रथा केवल पुरुषों के लालच तक सीमित नहीं है, बल्कि कई बार इसे बढ़ावा देने में खुद परिवार और समाज की सोच भी शामिल होती है। दहेज के विरोध में बोलना एक बात है और अपने घर की बेटियों के लिए एकलौता मालदार दूल्हा ढूंढना दूसरी। यह विरोधाभास हमारी मानसिकता की गहरी खाई को उजागर करता है। हम एक ओर दहेज का विरोध करते हैं, पोस्ट लिखते हैं, नारे लगाते हैं, और दूसरी ओर जब अपनी बेटियों की शादी की बात आती है, तो संपन्न परिवार और मोटी तनख्वाह वाले लड़के की खोज में जुट जाते हैं। यह दोहरी सोच एक ऐसी सामाजिक बीमारी है जो हमें अपने मूल्यों से दूर कर रही है। यह मानसिकता केवल दहेज तक सीमित नहीं है। यह हमारी सोच का एक व्यापक हिस्सा है जो समाज के हर पहलू में दिखाई देता है। उदाहरण के लिए, जब हम किसी लड़की के लिए लड़का देखते हैं, तो हम उसकी शिक्षा, विचारधारा, और चरित्र से अधिक उसकी आर्थिक स्थिति को महत्व देते हैं। यह सोच न केवल लड़कियों को वस्तु की तरह पेश करती है, बल्कि लड़कों पर भी आर्थिक दबाव डालती है कि वे एक आदर्श वर बनने के लिए अपने कैरियर और कमाई पर अधिक ध्यान दें। इस सोच का सबसे बड़ा उदाहरण तब देखने को मिलता है जब शादी के विज्ञापनों में अच्छे परिवार, सरकारी नौकरी, और खूब कमाने वाले लड़के की मांग की जाती है। यह केवल एक आर्थिक सुरक्षा की मांग नहीं है, बल्कि एक गहरी मानसिकता का परिचायक है, जो यह मानती है कि लड़की को खुश रखने के लिए धन ही सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। यह न केवल विवाह को एक व्यापार बना देता है, बल्कि एक सच्चे रिश्ते की नींव को भी कमजोर करता है।

ऐसी स्थिति में सवाल यह उठता है कि क्या हम सच में इतने असुरक्षित हैं कि हमें अपनी बेटियों की खुशियों के लिए एक मात्र आर्थिक स्थिरता की जरूरत है? क्या हमें यह समझने में अब भी देरी है कि एक अच्छे इंसान का मोल उसके चरित्र, विचार और व्यवहार से आंका जाना चाहिए, न कि उसकी जेब की गहराई से? इस मानसिकता से बाहर निकलना जरूरी है। यह तब ही संभव है जब हम अपने बेटों को यह सिखाएं कि उनकी कीमत उनके चरित्र से है, न कि उनके वेतन से। हमें अपनी बेटियों को यह सिखाना होगा कि उनका मूल्य उनकी खुद की पहचान से है, न कि किसी के नाम के साथ जुड़ने से। इसके लिए एक सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। हमें अपने समाज में इस दोहरे मापदंड को समाप्त करना होगा और ऐसी पीढ़ी का निर्माण करना होगा जो सच्चे अर्थों में समानता और सम्मान का अर्थ समझे। हमारे समाज में दहेज की परंपरा का इतना गहरा प्रभाव है कि लोग इसे सम्मान का प्रतीक मानते हैं। कई बार तो इसे शान और प्रतिष्ठा की बात समझा जाता है, और जो इसे नहीं मानता, उसे समाज में कमतर माना जाता है। यह सोच केवल बेटियों को नहीं, बल्कि पूरे समाज को कमजोर करती है। यह परिवारों को कर्ज में डुबोती है, रिश्तों में दरारें डालती है और समाज की नींव को हिला देती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# इतने असहाय क्यों हैं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव?

**राकेश अचल**

**मप्र** के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अपने बदजबान मंत्रियों को बर्खास्त करने में असहाय क्यों नजर आ रहेश्रहैं, क्या उन्हें इतनी भी स्वायत्तता नहीं है कि वे मप्र हाईकोर्ट के आदेश का परिपालन और जनभावनाओं की कद्र करते हुए अपने किसी विवादित मंत्री साथी को मंत्रिसे बाहर का रास्ता दिखा सकें. डॉ मोहन यादव उज्जैन उत्तर से चुने जाने वाले ऐसे दूसरे विधायक हैं जो मप्र के मुख्यमंत्री बने. यादव से पहले प्रकाश चंद्र सेठी यहां से चुने जाने के बाद मप्र के मुख्यमंत्री बने थे. डा मोहन यादव के छोटे से कार्यकाल में उनके साथी मंत्री नरेंद्र पटेल, विजय शाह और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा की बदजबानी यादव को परेशानी में डाल चुकी है. शाह के मामले में तो माननीय उच्च न्यायलय ने स्वतः संज्ञान लेकर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई लेकिन अब तक एक मुख्यमंत्री की हैसियत से डॉ मोहन यादव कोई कार्रवाई नहीं कर सके. वे पार्टी हाईकमान की ओर ताक रहे है.

विजय शाह का मामला अभी सुलझा भी नहीं है कि उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा ने भारतीय सेना को प्रधानमंत्री के चरणों में नतमस्तक करा कर एक नया बखेडा खडा कर दिया. शाह ने तो अपने बयान के लिए माफी भी मांगी लेकिन देवडा माफी मांगने को भी तैयार नहीं हैं. वे उलटे अपने बयान को तोड मरोडने के लिए मीडिया पर चड्डी गांठ रहे हैं. शाह और देवडा से पहले डॉ मोहन यादव के प्रिय नरेंद्र पटेल भी ग्वालियर में बखेडा कर व्यापारियों के निशाने पर आ चुके हैं किंतु मुख्यमंत्री एक भी मंत्री के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पाए, उलटे उन्हें अपने मंत्रियों के बचाव के लिए मजबूर होना पडा है. इस कोशिश में वे माननीय हाईकोर्ट के रडार पर भी आ सकते हैं. जाहिर है कि भाजपा हाईकमान अपने किसी भी जाहिल मंत्री को बर्खास्त कर हार नहीं मानना चाहता. पार्टी ने सभी विवादित मंत्रियों को बचाना अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है. अपने मंत्रियों के लिए भाजपा हाईकमान अदालत से भी टकराने के लिए तैयार नजर आ रहा है. पार्टी हाईकमान की मुश्किल ये है कि जिन मंत्रियों के खिलाफ कार्रकी मांग उठ रही है वे या तो अनुसूचित जाति से हैं या पिछडे वर्ग से।

## मुँह मियाँ मिट्ठू

**डॉ. सुरेश कुमार**

**राजन** नामक प्राणी एक छोटे से नगर में जन्मा, लेकिन महापुरुष बनने की महत्त्वाकांक्षा लेकर बड़ा हुआ। वैसे तो वह सरकारी दफ्तर में तीसरे दर्जे का क्लर्क था, लेकिन आत्मा में वह एक प्रधानमंत्री, मस्तिष्क में एक नोबेल पुरस्कार विजेता, और दिल में एक बॉलीवुड हीरो था। समस्या बस इतनी थी कि उसे कोई और ऐसा नहीं मानता था झ्र तो उसने खुद ही मानना शुरू कर दिया। राजन को "मुँह मियाँ मिट्ठू" बनने की कला में पीएचडी प्राप्त थी। वह खुद को ऐसा प्रचारित करता जैसे चुनावी पोस्टर पर मुस्कुराता हुआ नेता झ्र "विकास का दूसरा नाम झ्र राजन!" वह जब भी किसी से मिलता, उसकी बातचीत की शुरूआत होती, "आपको शायद पता नहीं, मैं पहले भी कई बार न्यूयॉर्क जा चुका हूँ..." फिर चाहे वह न्यूयॉर्क पास की मिठाई की दुकान क्यों न हो। राजन का संवाद-संग्रह एकतरफा था सामने वाला सुनता और राजन अपने महान कार्यों की बुलेट ट्रेन चलाता। "मैं कॉलेज में टॉपर था," वह कहता, जबकि हकीकत में उसने गणित के पेपर में सवाल को कविता समझकर लिखा था घटाना है जीवन, जोड़ना है अनुभव। एक दिन राजन ने ठान लिया कि छोटा शहर उसकी प्रतिभा के लिए छोटा पड़ रहा है। जैसे एक मोर को पिंजरे में बंद कर दिया गया हो। उसने एक बड़े शहर की ओर प्रस्थान किया, जहां उसे एक मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी मिल गई। पहले ही दिन ऑफिस में घुसते ही उसने घोषणा कर दी झ्र "मैं तो यहाँ उरफहेड बनने आया हूँ।" जबकि नौकरी की प्रोफाइल थी डाटा एंट्री ऑपरेटर।

राजन ने अपने सहकर्मियों को बताना शुरू किया कि वह एक प्रसिद्ध लेखक हैं। "मेरी कहानियाँ पढ़कर लोग रो पड़ते हैं।" जब किसी ने पूछा, "कहाँ छपी हैं?" तो बोले "एक विदेशी जर्नल में, नाम याद नहीं आ रहा, कुछ फ्रेंच में था शायद द वायर या द विडर।ह्व फिर बोले, "छपने से पहले ही बेस्टसेलर घोषित हो गई थीं।" उसने दावा किया कि वह एक राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेटर रह चुके हैं। जब पूछा गया, "किस टीम से खेले?" तो राजन बोले "दिल्ली डॉलफि न्सङ्ख एक सीक्रेट टीम थी।

न्यूज फ्लैश

## सचिव इरम हसन तपन रिहैबिलेशन सेंटर, करनाल पहुंची



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन तपन रिहैबिलेशन सेंटर, करनाल पहुंची। यहां पहुंचने पर इंचार्ज डा. सुजाता व स्टाफ ने उनका भव्य स्वागत किया।
इस दौरान अध्यापकों के लिए हालसा द्वारा चलाए जा रहे कैम्पेन शिस्पैक्टिंग हर डिगनिटी पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने यौन उत्पीडन हेतू गठित आंतरिक व लोकल कमेटी कि जानकारी दी और छेडखानी जैसे मामलो में हैल्पलाईन नंबर 112 व दुर्गा शक्ति ऐप का उपयोग करने बारे जागरूक किया। इसके अलावा दिव्यांग बच्चों के लिए जागरूकता शिविर लगा कर भाषांतरकार (इंटरप्रेटर) के माध्यम से मुफ्त कानूनी सहायता व दिव्यांगों के अधिकारो बारे जानकारी दी।
उन्होंने तपन रिहैबिलेशन सेंटर में अध्यापकों व स्टाफ द्वारा निस्वार्थ सेवाएं प्रदान करने के लिए उन्हें प्रशंसा पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया, जिसके लिए अध्यापकों व स्टाफ ने उनका आभार प्रकट किया।

## रुकमिणि देवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
राई। रुकमिणि देवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन गुप्ता ने बताया कि स्कूल का परिणाम शिक्षा में उसकी गुणवता और अनुशासन को दर्शात हैं।
कक्षा 10वीं में तुलिका ने 96.6 फीसदी अंकों से प्रथम स्थान, अंकुर कुमार ने 95.4 फीसदी अंकों से द्वितीय स्थान, आयुष कुमार ने 89.8 फीसदी अंकों से तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं कक्षा में भी छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कला संकाय में दिशिता ने 96.6 फीसदी अंकों से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में माही ने 88.4 फीसदी अंकों से प्रथम स्थान प्राप्त किया विज्ञान संकाय में आदित्य ने 89 फीसदी अंकों से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वि?द्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन गुप्ता ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा, "यह सफलता हमारे समर्पित शिक्षकों, वि?द्यार्थियों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है गुणवतापूर्ण शिक्षा और सकारात्मक वातावरण के साथ उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है।

# प्रदेश सरकार नॉन स्टॉप करवा रही विकास कार्य, गांव लगने लगे हैं शहर से : रामकुमार

### ट्रिपल इंजन की सरकार तिगुणी गति से कर रही कार्य : महापौर रेनू बाला गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** इन्द्री के विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप और नगर निगम की महापौर रेनू बाला गुप्ता ने शनिवार को संयुक्त रूप से वार्ड नम्बर-एक के गांव उचानी व बसंत विहार क्षेत्र में करीब 94 लाख 20 हजार रुपये से करवाए जाने वाले 4 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें 3 कार्य गांव उचानी तथा एक कार्य बसंत विहार में करवाया जाएगा।
विधायक राम कुमार कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेशभर में नॉन स्टॉप विकास कार्य करवा रही है। शहर हों या गांव, सभी जगह समान रूप से कार्य करवाए जा रहे हैं, जिस कारण अब गांव भी शहर से लगने लगे हैं। उन्होंने कहा कि इंद्री हलके के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी तथा प्रत्येक गांव के हर कोने तक विकास की रोशनी पहुंचाना ही हमारा संकल्प है। करनाल नगर निगम में विकास के लिए 400 करोड़ के बजट का प्रावधान रखा गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। विकास कार्यों की शुरूआत होने पर उन्होंने वार्ड वासियों को शुभकामनाएं दी।
उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास से तीसरी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी हैं, इसलिए जनता के प्रति हमारी जवाबदेही है। ट्रिपल इंजन की सरकार इस समय प्रदेश में सबका-साथ, सबका-विकास और सबका-विश्वास के सिद्धांत पर काम कर रही है। हर विकास कार्य वाले स्थान पर कार्य से सम्बंधित जानकारी प्रदर्शित करने वाले बोर्ड को उन्होंने नगर निगम की सराहनीय पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयासों से पारदर्शिता बनी रहेगी। इस अवसर पर उन्होंने रविवार को इंद्री हलके में भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा तथा आगामी 23 मई को लाडवा अनाज मंडी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती में आने के लिए गांव वासियों को आमंत्रित किया।
शिलान्यास अवसर पर महापौर रेनू बाला गुप्ता ने वार्डवासियों को संबोधित करते कहा कि जनता के हर कार्य के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

## तिराहा क्रॉस विजेता संचुरी छोटूराम आर्य को नमन



**एक्शन इंडिया, गोहाना (भंवर सिंह)**
गांव आहुलाना के आर्य समाज मंदिर में त्रिशूल क्रॉस सेंचुरीदार छोटूराम आर्य का 113वां जन्मदिवस मनाया गया। वह द्वितीय विश्व युद्ध के योद्धा भी रह रहे हैं। उनके जन्मदिवस पर होम यज्ञ का भी आयोजन किया गया। समारोह के दौरान उनकी वीरता का गुणगान किया गया। उनके चित्रों पर पुष्प वन्यजीव कर उन्हें नामांकित किया गया। उनके पुत्र भूप सिंह आर्य ने आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। उनके पोट्र विजय पाल आर्य का संयोजन हो रहा है। स्वामी शक्तिवेश और मुनि केवन्या संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में आहुलाना बाराहा के प्रधान अमीर राज मोहम्मद के रूप में उपस्थित हुए।
अमीर राज आमिर ने कहा कि सेंचुरीदार छोटूराम आर्य 1932 में 15 पंजाब रेजिमेंट में भर्ती हुए थे। करीब 14 साल तक उन्होंने अपनी कंपनी में सेना दी। इस दौरान वे द्वितीय विश्व युद्ध के दुश्मनों के हथियार नीचे दिए गए थे। उनकी बहादुरी और साहसिकता को देखते हुए, उन्हें तीन क्रॉस विजेता घोषित किया गया था। पुनर्जन्म ने यज्ञ में आहुति दी और सुख शांति की कामना की। इस मौक पर उनके पोते रेस्टॉरेंट संदीप, परपौत्र मोहित, सिर्पन स्टेडियम नी गोगल, कैप्टन तेज सिंह, विजेंद्र सिंह, जयवीर सिंह, रिचपाल अमीर, विजयपाल अमीर, कथूरा ब्लॉक समिति के चेयरपर्सन पति पिपरीन अमीर, शेखावत आमिर बोहत, प्रिंस आर्य, पवन अमीर आदि मौजूद हैं।

## अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सीआइए वन की टीम ने देर शाम अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 12 बोर की देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। थाना इंद्री में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। शनिवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि वह हथियार कहां से लाया और किस मकसद से लेकर घूम रहा था। जानकारी के अनुसार करनाल पुलिस की सीआईए वन टीम को सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध हथियार के साथ घूम रहा है।

# सडकों का पर्याय है तरक्की: हरविंद्र कल्याण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि सडकें तरक्की का पर्याय हैं। एक समय ऐसा था, जब हलके की खस्ताहाल सडकों पर टांकी लगाने की जहमत भी नहीं उठाई जाती थी, लेकिन पिछले 11 सालों में तस्वीर बदली है। न केवल हलके में खस्ताहाल सडकों की हालत सुधारी गई है, बल्कि लोगों की जरूरत अनुसार नई सडकें भी मंजूर की गई है। इसी कारण आज हलके में नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो रही हैं, जिसकी बदौलत रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं।
हरविंद्र कल्याण आज हलके के गांव नसीरपुर में यमुना बांध तक संपर्क सडक के उद्घाटन के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। 770 मीटर लंबी इस सडक के निर्माण पर 38 लाख रुपये खर्च हुए हैं। इसका निर्माण हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा किया गया है। इससे पहले उन्होंने खिराजपुर में यमुना बांध तक की संपर्क सडक का शिलान्यास किया। इंटरलाकिंग पेवर ब्लाक की इस सडक पर 77 लाख 50 हजार रुपये खर्च होंगे। इसकी लंबाई 14 सौ मीटर है।
उन्होंने सरफाबाद माजरा-रसूलपुर कलां संपर्क सड़ का भी उद्घाटन किया। करीब एक किमी लंबी इस सडक पर 51 लाख रुपये खर्च हुए हैं। उन्होंने सरफाबाद माजरा में गुरू ब्रह्मानंद आश्रम में बनाए जाने वाले हॉल का भी शिलान्यास किया। इसके निर्माण पर दस लाख रुपये खर्च होंगे।
उन्होंने कहा कि पिछली प्लान के लंबित कार्यों को इस प्लान में प्राथमिकता से पूरा कराया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को आपसी खींचतान से दूर रहने तथा भाईचारा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि छोटे-मोटे विवादों को मिल-बैठकर निपटाएं। विकास कार्यों पर पाटीर्बाजी का असर नहीं होना चाहिए। नौजवानों से कहा कि वे तरक्की के बारे में सोचें और फालतू की बातों पर गौर न करें, नशाखोरी व अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहें।

## तेज रफ्तार गाड़ी की मोटरसाइकिल में टक्कर से महिला घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
गन्नौर। जीटी रोड पर एक धब्बे के समीप तेज गति से आ रही गाड़ी में मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, टक्कर इतनी तेज थी की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल पर सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया । बड़ी औद्योगिक का क्षेत्र थाना पुलिस में घायल महिला के बेटे की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी । पुलिस को दी शिकायत में बेगा रोड पर हनुमान कॉलोनी निवासी रितिक गोस्वामी ने बताया कि जीटी रोड स्थित एक ढाबे के पास 15 मई की सुबह नेशनल हाईवे 44 पर पीछे से तेज गति से आ रहे गाड़ी चालक ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण उनकी मोटरसाइकिल के पीछे बैठी मेरी मां गीता देवी को गंभीर चोट आई । शिकायत में बताया कि वह अपनी मां को लेकर अपने मामा के गांव गढ़ शामली उत्तर प्रदेश में जा रहा था । तेज रफ्तार गाड़ी व चालक की लापरवाही के कारण उसने टक्कर मारी और उसकी मां को चोट लगी है । पुलिस ने शिकायत के बाद गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी ।

## 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा का शानदार परिणाम



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा 17 मई ( कुलदीप सिंह )**
हरियाणा बोर्ड द्वारा 10वीं बोर्ड की परीक्षा में गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय , समालखा के विद्यार्थियों ने शानदार परिणाम का प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में कुल 31 विद्याथीर्यों ने परिक्षा दी जिसमें 20 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज किया। जिनमें से अधिकांश का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा, प्राचार्या डॉ अभिलाषा, प्राध्यापक जितेन्द्र उत्तम, प्राध्यापक पवन गुलिया ने सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित किया और बच्चों को मिठाई खिलाकर मनोबल बढ़ाया व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया '
सुष्मिता ने 97% अंक के साथ प्रथम स्थान पर, पिंकी 95% के साथ द्वितीय स्थान पर, अनमोल 94.4 के साथ तृतीय स्थान पर, दीपांशु 92.6% राखी, हर्षित 93.6% के साथ चतुर्थ स्थान पर और दीपांशु 92.6% अंक के साथ पाँचवें स्थान पर रहे ।
इस अवसर पर प्राध्यापक पवन गुलिया ने बताया कि यह परिणाम बच्चों की कड़ी मेहनत, सतत प्रयास, उचित समय नियोजन और स्वयं पर अटूट विश्वास ही उनकी सफलता का मूल मंत्र बना है।
सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देते हुए प्राचार्या डॉक्टर अभिलाषा ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामनएं करतें हुए कहा कि उनकी शुभकामनाएँ प्रत्येक विद्यार्थी के साथ हैं। वे ज्ञान के दीप से आलोकित हों, आत्मविश्वास के पथ पर अडिग कदमों से बढ़ें, और मानवीय मूल्यों के साथ समाज में नई मिसाल स्थापित करें। उनका भविष्य उज्ज्वल है, संभावनाएँ असीम हैं, और सपने अब साकार होने की दहलीज पर हैं। आगे का हर कदम सफलता की नई कहानी लिखे यही हमारी शुभेच्छा है। इस अवसर पर विवेक शर्मा, रविन्द्र रंगा,रवि शास्त्री, अन्नु, सोनिया, रजनी आदि अध्यापकगण मौजूद रहे।

## सदानंद बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल : 10वीं में प्रथम सोनम, द्वितीय ट्विंकल व तृतीय खुशी



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
सदानंद बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल सत्र (2024-25) कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर स्कूल को गौरवान्वित किया।
हरियाणा बोर्ड ने 17 मई को 10वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त किए। विद्यालय के 10वीं कक्षा के कुल 34 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। विद्यालय का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम में प्रथम सोनम (472), द्वितीय ट्विंकल (461) और खुशी (460) तृतीय स्थान पर रहे। 11विद्यार्थियों ने मैरिट सूची में स्थान प्राप्त किया।विद्यार्थियों के अथक परिश्रम और अभूतपूर्व प्रतिभा से ही यह उत्कृष्ट शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त हुआ है। स्कूल की प्रिंसिपल सुधा रानी ने कहा कि विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता का श्रेय उनके कठिन परिश्रम एवं शिक्षकों के उचित मागदर्शन को दिया। उन्होंने बताया कि बोर्ड की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन होने से विद्यालय में प्रसन्नता का माहौल है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। स्कूल के प्रबंधक महोदय राकेश सैनी ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## ट्रेन की चपेट में गन्नौर रेलवे स्टेशन के पास एक और सांड आया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** रेलवे स्टेशन के समीप एक और सांड की अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना के बाद जीआरपी चौकी इंचार्ज सुरेश कुमार, गोरक्षा दल से लक्की वत्स, गोकुल भारद्वाज, ऋतिक सैनी, अंकुश मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक सांड को जेसीबी मंगवाकर जमीन में दबवाया। गोरक्षा दल के सदस्यों ने रेलवे प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की लापरवाही की वजह से गोवंश लगातार रेल हादसों का शिकार हो रहे हैं। एक सप्ताह पहले भी एक सांड ट्रेन की चपेट में आया था।

## जागरूकता से आपदा के नुकसान में कमी लाई जा सकती है:गौरव राम



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
उपायुक्त एंव प्रधान, जिला रैडक्रास सोसाईटी पानीपत डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया के कुशल मार्गदर्शन व अंकुश मिंगलानी, उपाध्यक्ष तथा महासचिव महेश जोशी, हरियाणा रैडक्रास के निदेर्शानुसार तथा श्री. गौरव राम करण की अगुवाई में रैडक्रास भवन, पानीपत में प्राथमिक सहायता/गृह परिचर्या का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 55 प्रशिक्षुओं को प्राथमिक सहायता व आपदा प्रबंधन बारे जागरूक किया गया।
सचिव, रैडक्रास गौरव रामकरण ने बताया कि जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदा से बचाव व नुक्सान से बचने हेतु अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत रैडक्रास भवन के प्रागंण में प्राथमिक सहायता/गृह परिचर्या प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षओं को हरमेश चन्द, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, रैडक्रास, पानीपत द्वारा युवाओं को प्रेरित करते हुये बताया कि आपदा प्रबंधन में प्राथमिक सहायता को अहम रोल है।
उन्होनें कहा कि आपदा के समय हमें देश के साथ एकजुट होकर हरसंभव सहायता प्रदान करनी चाहिये। इसी कड़ी में उन्होनें युवाओं को प्राथमिक सहायता के नियमों, सी.पी.आर., बहते हुये रक्त को रोकने की विधियों, टूटे हुई हड्डी को स्थिर करना, आगजनी के दौरान बचाव, रोगी को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की विधियों की जानकारी प्रदान की गई और प्रतिभागियों को प्रैक्टीकल करके भी दिखलाया गया, जिसे प्रतिभागियों ने बड़ी लग्न के साथ सीखा।
इस दौरान प्राथमिक सहायता प्रवक्ता कला भारद्वाज व सोनिया शर्मा ने प्रतिभागियों को बेहोशी के दौरान उपचार, मिर्गी के दौरा पड़ने पर रोगी की सहायता तथा संदीप रत्तेवाल ने प्रतिभागियों को जलने-झुलसने के कारणों व बचाव, गले में कोई वस्तु फंस जाये, तो उसे कैसे निबटें,के बारे जानकारी प्रदान की गई।

## आदर्श पब्लिक वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय में जयदीप रहा प्रथम









**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा 17 मई ( कुलदीप सिंह )** आदर्श पब्लिक वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय, देहरा का 10वी कक्षा का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा । 10वी कक्षा में इस वर्ष कुल 33 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें से 22 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया एवं अन्य सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय में जयदीप ने 475 अंक के साथ प्रथम, ज्योति ने 457 अंक के साथ द्वितीय और काजल ने 451 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों में सना ने 421 अंक, वंश ने 409 अंक, सर्वजीत कौर ने 406 अंक, रौनक सिंह, नैन्सी, प्रीति ने 405 अंक, केशव, रौनक, आसना, आरजू, आदित्य, मुस्कान, गौरव, कमलजीत, अयान, मोहित, जतिन, फरमान, रोहित आदि ने भी मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। विषय सूची में अधिकतम अंकों में हिंदी में जयदीप ने 98 अंक, अंग्रेजी में जयदीप ने 91 अंक, विज्ञान में काजल ने 97 अंक, सामाजिक विज्ञान में जयदीप ने 97 अंक, गणित में ज्योति ने 93 अंक, शारीरिक शिक्षा में जयदीप ने 99 अंक प्राप्त किए। इस बेहतरीन परीक्षा परिणाम के लिए प्राचार्य सतीश कुमार ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई दी। इस सफलता का श्रेय बच्चों एवं अध्यापकों को देते हुए सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ऊषा, सुनील, इलम सिंह, अजय, रविकांत, टीनू, सुमन आदि अध्यापक मौजूद रहें।

## निजी फर्म में मुनीम के बेटे योगेश शर्मा ने बोर्ड परीक्षा में दूसरा स्थान हासिल कर रचा इतिहास



**टीम एक्शन इंडिया**
**रणदीप धानियां.कलायत।**
**हरियाणा** विद्यालय शिक्षा बोर्ड दसवीं कक्षा परिणामों में कलायत के गांव मटौर के बेटे योगेश शर्मा ने 500 में से 496 अंक प्राप्त करते हुए राज्य स्तर पर दूसरा स्थान पाकर इतिहास रचा है। शहीद भगत सिंह स्कूल के होनहार बेटे के पिता मेहर सिंह शर्मा पेशे से निजी फर्म में मुनीम और माता प्रियंका गृहणी हैं। कभी शिक्षा की दृष्टि से मेवात की तरह पिछड़े क्षेत्रों की गणना में आने वाले कलायत क्षेत्र में यह बड़ी उपलब्धि है। इससे परिवार, गांव, जिला और राज्य का नाम 15 वर्षीय योगेश ने सफलता के मुकाम पर सुनहरी अक्षरों में लिख दिया है। योगेश की यह असाधारण उपलब्धि न केवल परिवार बल्कि पूरे मटौर गांव के लिए गर्व का विषय बन गई है। शिक्षण संस्थान संस्थापक रामचंद्र मौण, प्रबंध निदेशक बलजीत मौण, प्रधानाचार्य रामविलाश शर्मा और प्रबंध समिति सदस्य कुलदीप मौण ने बताया कि परिणाम सुनते ही हर कोई खुशी से झूम उठा। माता प्रियंका शर्मा और पिता मेहर सिंह शर्मा की आंखों में खुशी के आंसु छलक आए। उन्होंने कहा बेटे की लग्न और स्कूल की कुशल शिक्षा व्यवस्था सही मायने में रंग लाई है। उन्होंने कभी भी बेटे को पढ़ाई के लिए टोकने की जरूरत महसूस नहीं की। योगेश हर दिन सुबह चार बजे खुद ही उठकर पढ़ाई शुरू कर देता था। उसकी अनुशासित दिनचर्या और फोकस ने ही उसे इस मुकाम तक पहुंचाया।

## न्यूज फ्लैश

### युवक को कमाई का झांसा देकर 6.83 लाख की ठगी

**सोनीपत:** जिले में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। युवक को कमाई का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर साइबर थाना सेक्टर-23 पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ठगों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। गांव कामी निवासी केशव ने बताया कि गत 7 मई को उसके मोबाइल नंबर पर टेलीग्राम संदेश आया। उसने उसे कुछ टास्क दिए। उसके बाद उसे एक चैनल ज्वाइन करने के लिए कहा। फिर स्टेप बाय स्टेप करने को कहा गया। जिससे उसे गलत ट्रेड हो गई। उसका अकाउंट फ्रीज हो गया। अकाउंट को अनफ्रीज करने के लिए दो शिफ्ट में रुपये की मांग की। उसके बाद चैनल को ओपन कर दिया गया। जब उसने अपनी पैमेंट मांग को उसमें से पहली 1800 रुपये की पैमेंट हो गई। जब उसने दूसरी 70 हजार की पैमेंट लेनी चाही तो फिर से अमाउंट को फ्रीज कर दिया गया। उसके बाद अलग-अलग करके उससे कुल छह लाख तिरासी हजार से ज्यादा राशि को ट्रांसफर करवा लिया। जब उसे ठगी का पता चला तो मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। साइबर थाना सोनीपत पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई नवीन कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द ठगों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### जितेंद्र छिक्कारा आर्य प्रतिनिधि सभा के शिक्षण संस्थाओं के निदेशक नियुक्त

**सोनीपत:** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा ने प्रदेश भर में संचालित और संबद्ध वरिष्ठ माध्यमिक स्तर की आर्य शिक्षण संस्थाओं के संचालन और निगरानी के लिए सेवानिवृत्त जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र छिक्कारा को स्कूल निदेशक नियुक्त किया है। सभा की बैठक में छिक्कारा की नियुक्ति का प्रस्ताव पास किया गया। नवनियुक्त निदेशक छिक्कारा ने इस नियुक्ति पर सभा का धन्यवाद किया और विश्वास दिलाया है कि जो जिम्मेदारी सभा ने उन्हें सौंपी है, उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे। उनकी नियुक्ति पर जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, डीपीसी सुजाता खत्री, एपीसी अतर सिंह और रूपेंद्र सिंह पूनिया ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जुआं गांव के जितेंद्र छिक्कारा ने शिक्षक से जिला शिक्षा अधिकारी तक के अपने सफर के दौरान काफी सराहनीय कार्य किए हैं। उनका हमेशा से बच्चों को संस्कारयुक्त और गुणवत्तापरक शिक्षा देने पर जो? रहा है। आर्य शिक्षण संस्थाओं के सुचारू संचालन और गुणवत्ता बनाए रखने की दिशा में छिक्कारा पूरी मेहनत और लगन के साथ कार्य करेंगे।

### प्रतिबंधित 130 नशीले इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

**सोनीपत:** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) रोहतक की टीम ने इंडियन कॉलोनी क्षेत्र से एक युवक को 130 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन (पैंटाजोसिन) के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रदीप निवासी मुंडलाना का है। जो नशीले इंजेक्शन पिट्ठू बैग में भरकर किराये के मकान में ले जा रहा था। एसआई जयवीर सिंह ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे, तभी सूचना मिली कि प्रदीप अपने किराए के कमरे से नशीले इंजेक्शन बेचने के लिए जा रहा है। सूचना के आधार पर तुरंत रेड की गई और इंडियन कॉलोनी के पास प्रदीप को बैग सहित दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर उसके बैग से 26 पैकेट बरामद हुए, जिनमें कुल 130 नशीले इंजेक्शन पाए गए। पूछताछ में प्रदीप इन इंजेक्शनों का कोई लाइसेंस नहीं दिखा सका।

# विज ने शाहपुर की मुक्केबाज हरनूर को सम्मानित किया

## कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने लोगों की समस्याओं को सुनते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए

**सम्मानित**

**टूरिस्ट परमिट की वैधता अवधि बढ़ाकर 12 साल करने पर टैक्सी आपरेटरों ने धन्यवाद जताया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर खेलों इंडिया यूथ गेम्स 2025 में बाक्सिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली अम्बाला छावनी के शाहपुर की महिला मुक्केबाज हरनूर कौर को पदक पहनाते हुए उसे सम्मानित किया।

विज ने हरनूर कौर से बातचीत की और उसे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में कई सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इसके अलावा अम्बाला छावनी में भी खेलों का ढांचा सुदृढ़ किया गया है जिससे अम्बाला छावनी के खिलाड़ी अब विश्व पटल पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। इस अवसर पर हरनूर के माता-पिता भी मौजूद रहे जिन्हें मंत्री अनिल विज ने शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि मुक्केबाज हरनूर कौर ने गत दिनों पटना में संपन्न हुई खेलों इंडिया यूथ गेम्स में बाक्सिंग स्पर्धा में 65 किलोवर्ग में कांस्य पदक जीता था।

**परिवहन मंत्री अनिल विज द्वारा राज्य में वाहनों के ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट की वैधता अवधि बढ़ाकर 12 साल करने पर टैक्सी आपरेटरों ने धन्यवाद जताया:** परिवहन मंत्री अनिल विज के आवास पर आज पहुंचे हरियाणा टैक्सी आपरेटरों ने उनका धन्यवाद जताया। टैक्सी आपरेटरों ने खुशी जताते हुए कहा कि परिवहन मंत्री अनिल विज के प्रयासों से हरियाणा में वाहनों के ह्आॅल इंडिया टूरिस्ट परमिटह्व की वैधता अवधि नौ साल से बढ़ाकर 12 साल तक कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से हरियाणा के हजारों टैक्सी चालकों को लाभ मिला है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही टैक्सी आपरेटरों ने अपनी मांग परिवहन मंत्री के समक्ष रखी थी जिनपर मंत्री अनिल विज ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टैक्सी आपरेटरों को राहत दी।

**कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने लोगों की समस्याओं को सुनते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए:** वहीं, कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने आज अपने आवास पर अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। घसीटपुर निवासी विवाहिता के परिजनों ने शिकायत दी कि उसका पति विवाहिता से झगड़ा करता है तथा उसने विवाहिता को घर से निकाल दिया है। जींद में मामले की शिकायत की गई मगर पुलिस ने अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की।

मंत्री अनिल विज ने इसपर पुलिस को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। दलीपगढ़ निवासी व्यक्ति ने क्षेत्र में गली का लेवल सही कराने की शिकायत दी जिसपर मंत्री अनिल विज ने नगर परिषद ईओ को कार्रवाई के निर्देश दिए। बब्याल निवासी लोगों ने क्षेत्र में नालियों की मरम्मत कराने की शिकायत दी।

# हेल्थी लाइफस्टाइल एंड डाइट से रखें दिल का खयाल : डॉ. अनेजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** डॉ. अनेजा ने बताया कि विश्व उच्च रक्तचाप दिवस हर साल 17 मई को मनाया जाने वाला एक वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य लोगों को उच्च रक्तचाप के महत्व के बारे में बताना, गंभीर चिकित्सा जटिलताओं के विकास में उच्च रक्तचाप के प्रभाव को समझाना और रोकथाम, पता लगाने और उपचार पर जानकारी प्रदान करना है। इस वर्ष, 2025, विश्व उच्च रक्तचाप दिवस की थीम है " अपने रक्तचाप को सही तरीके से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जियें "। उच्च रक्तचाप को साइलेंट किलर कहा जाता है क्योंकि यह शरीर में धीरे-धीरे बढ़ता है, जिसके कारण मायोकार्डियल इंफार्क्शन, स्ट्रोक, हार्ट फेलियर जैसी कई हृदय संबंधी बीमारियाँ विकसित होती हैं। यह कोई चेतावनी संकेत या लक्षण नहीं देता है। दुनिया भर में 100 करोड़ से ज़्यादा वयस्क इससे प्रभावित हैं, और वयस्क आबादी में से 45% लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। उच्च रक्तचाप सभी सामाजिक-आर्थिक और आय वर्गों में एक जैसा है, और उम्र के साथ इसका प्रचलन बढ़ता जाता है।

रक्तचाप को कम करने के लिए अधिक वजन होने पर वजन कम करना, परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट और

**रक्तचाप**

**चीनी का सेवन कम करना ,आहार में अधिक पोटेशियम, कम सोडियम लेना, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से परहेज करें**

चीनी का सेवन कम करना ,आहार में अधिक पोटेशियम और कम सोडियम लेना, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से परहेज करें, धूम्रपान और शराब से दूर रहना, अत्यधिक तनाव को कम करना अच्छी और आरामदायक नींद का रखरखाव, अधिक मात्रा में लहसुन या लहसुन के अर्क की खुराक लेना पर्याप्त मात्रा में स्वस्थ, उच्च प्रोटीन युक्त भोजन लेना।

# डेंगू दिवस पर विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

**रैली**

**नोडल अधिकारी डा. आशा सहरावत ने रवाना किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने रैली बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया**

**सोनीपत:** जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से शुक्रवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया। विभाग की तरफ से नागरिक अस्पताल परिसर से एक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली को जिला नोडल अधिकारी डा. आशा सहरावत ने रवाना किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने रैली बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली विवेकानंद चौक से होते हुए जनता चौक और गलियों से गुजरी। रैली में लोगों को बताया गया, पानी खड़ा होगा जहां, मच्छर पनपेगा वहां, "सप्ताह में एक दिन कूलर खाली करो, के नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक करने का काम किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रभु नगर स्थित नवयुग स्कूल पहुंची। डा. आशा सहरावत ने विद्यार्थियों और अध्यापकों को डेंगू, मलेरिया और वेक्टर जनित रोगों से बचाव की जानकारी दी। जैव वैज्ञानिकों ने बच्चों को मच्छरों की प्रजातियों और डेंगू फैलाने वाले कारणों के बारे में बताया। बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी कराई गई। विजेताओं को स्वास्थ्य विभाग की ओर से इनाम दिए गए। डॉ. आशा सहरावत ने बताया कि डेंगू एडीज एजिप्टाई मच्छर के काटने से होता है।

# चेतना संस्था ने फिर रचा इतिहासः जरूरतमंद विद्यार्थी 12वीं कक्षा में लाए शानदार अंक

**रिजल्ट**

**हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को एक ऐसा मंच देना है जहाँ वे आत्मनिर्भर बन सकें**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक उत्थान का एक प्रेरणादायक उदाहरण बन चुकी चेतना संस्था ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि यदि उचित मार्गदर्शन, समर्पण और संसाधन उपलब्ध हों, तो समाज के जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चे भी हर चुनौती को पार कर सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। लगभग 35 वर्षों से सक्रिय यह संस्था आज न केवल शिक्षा का केंद्र बनी हुई है, बल्कि समाज को सशक्त बनाने का एक मजबूत आधार भी बन चुकी है। संस्था विशेष रूप से उन विद्यार्थियों की सहायता करती है, जो आर्थिक तंगी के कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।हाल ही में घोषित हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12 (आर्ट्स स्ट्रीम) के परीक्षा परिणामों में चेतना संस्था के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम रोशन किया है। इन विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया कि परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों, अगर मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो, तो सफलता को कोई नहीं रोक सकता। इन परिणामों से स्पष्ट है कि चेतना संस्था का शिक्षण स्तर और विद्यार्थियों की मेहनत दोनों ही उच्च कोटि के हैं। संस्था से पढ़ने वाले अधिकांश विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं, जो अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। चेतना संस्था का कार्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है। यह संस्था विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न सुविधाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित कर रही है । इस गौरवपूर्ण अवसर पर चेतना संस्था की अध्यक्ष श्रीमती मीरा गौतम ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह संस्था पूज्य कुमारी शारदा जी के सपनों को साकार करने का एक माध्यम है। हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को एक ऐसा मंच देना है जहाँ वे आत्मनिर्भर बन सकें। आज हमारे विद्यार्थियों ने जो परीक्षा परिणाम दिए हैं।

# लिटिल मिलेनियम स्कूल में रेड डे उत्साहपूर्वक मनाया गया

**मांग**

**इस आयोजन में भाग लिया और पूरे परिसर को आकर्षक लाल रंग की सजावट से जीवंत बना दिया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** लिटिल मिलेनियम स्कूल, सेक्टर-3 में आज 'रेड डे' बड़े हर्षोल्लास और उल्लास के साथ मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने लाल रंग के कपड़े पहनकर इस आयोजन में भाग लिया और पूरे परिसर को आकर्षक लाल रंग की सजावट से जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने टमाटर, सेब, गुलाब जैसी लाल रंग की वस्तुओं की पहचान की और उनसे जुड़ी रोचक जानकारियाँ प्राप्त कीं। फिंगर पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट व ग्रुप गेम्स जैसी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की कल्पनाशक्ति व सहभागिता को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर का उद्देश्य बच्चों को रंगों की पहचान कराना, उनमें रंगों के प्रति रुचि जागृत करना और सीखने की प्रक्रिया को आनंददायक बनाना था। लाल रंग को ऊर्जा, साहस, प्रेम और उत्साह का प्रतीक माना जाता है। चीफ लर्निंग ऑफिसर ज्योति खनेजा ने बताया कि रंगों के माध्यम से दी गई शिक्षा छोटे बच्चों के लिए अधिक प्रभावशाली होती है। थीम-आधारित गतिविधियाँ उनके मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास में अहम भूमिका निभाती हैं।

बच्चों को लाल रंग से जुड़ी दैनिक जीवन की महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी दी गई – जैसे कि लाल रंग ट्रैफिक सिग्नल में "रुकें" का संकेत देता है, जो सड़क सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# कुरुक्षेत्र पुलिस की नशा तस्करों पर कारवाई, नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र पुलिस की नशा तस्करों पर कारवाई लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नशा-मुक्त हरियाणा के तहत नशा तस्करों पर कारवाई करते हुए नशीला पदार्थ रखने के आरोप में राजीव उर्फ अजय व राकेश वासीयान अंजनी जिला बरेली यूपी को गिरफ्तार करके उनके कब्जा से 2 किलो 206 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 16 मई 25 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के मार्ग-निर्देश में उप निरीक्षक सुदेश कुमार, मुख्य सिपाही नरेश कुमार, संदीप कुमार व ईएसआई बलवंत सिंह की टीम अपराध तलाश में एनएच-44 पीपली पुल के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि राजीव उर्फ अजय व राकेश वासीयान अंजनी जिला बरेली यूपी अफीम बेचने का काम करते हैं। आज भी दोनों अफीम लेकर पैराकिट होटल पीपली के पास बस के इंतजार में खड़े हैं।

### बुजुर्ग से मारपीट का आरोप

**सोनीपत:** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में सेक्टर-15 स्थित अटल सेवा केंद्र पर फैमिली आईडी ठीक करवाने पहुंचे बुजुर्ग से मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। सेक्टर-15 निवासी श्याम सुंदर ने बताया कि 14 मई की शाम करीब 7 बजे वह अटल सेवा केंद्र, राजू डेयरी के पास, सेक्टर-15 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में फैमिली आईडी ठीक कराने गया था।

# महंत प्रभात पुरी कन्या स्कूल में हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

**मनमोहा**

**स्वतंत्रता संग्रामी, इतिहास पुरुष, नेताओं, सेना, स्वपनपरी व बड़े - बड़े कलाकारों के रूप धारण कर मन मोह लिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्राचार्य भजन सिंह राठोर ने बताया कि यह प्रतियोगिताएं दो वर्गों में हुई। प्री-प्राईमरी की प्रतियोगिता में माधव, चिरंजीवी, विदिका प्रथम, सीरत, आरूषि, युवराज, यश द्वितीय तथा आर्यन, आरव,राशि तृतीय स्थान पर रहे जबकि लक्षिता, दिवांशी व जानवी को सांत्वना पुरस्कार मिला। इसी प्रकार प्राईमरी वर्ग में नवना,जसप्रीत,अर्ना, वान्या ने पहला, अंजलि, प्राश,देवेश, लवप्रीत ने दूसरा तथा पीहू,लिजा, अंश,डेजी, सृष्टि ने तीसरा स्थान प्राप्त कर के बाजी मारी। इसी वर्ग के मनन,करण, वंशिका, कोहिमा व दिव्या को सांत्वना पुरस्कार से संतोष करना पड़ा। राठोर ने आगे बताया कि बच्चों ने रंग बिरंगी पोशाकों में महापुरुषों, वीरांगनाओं, स्वतंत्रता संग्रामी,इतिहास पुरुष, नेताओं, सेना, स्वपनपरी,व बड़े - बड़े कलाकारों के रूप धारण कर सब का मन मोह लिया। प्रबंधक सुनील सचदेवा ने खुशी का इजहार करते हुए,विजेता बच्चों व उनके अभिभावकों को बधाई दी। इस अवसर पर उप प्राचार्य मंजुला शर्मा, डा संतोष शर्मा,रेखा धीमान, सरिता शर्मा, ज्या वत्स, हैड टीचर सुशीला देवी,अनु पाहवा, अनिता वालिया, सुमन धीमान, तमन्ना धमीजा , मनप्रीत वर्मा, ज्योति रानी, कुसुम शर्मा,मोनिका माटा,रेखा धीमान ,अनूप शर्मा, आलिषा अरोड़ा, बिंदु , पिंकी रानी,सीमा शर्मा, मधु शर्मा व महेंद्र सैनी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# हमारे स्वदेशी हथियारों की मारक क्षमता ने दुनिया को चौकाया : डा. सतीश

**सम्मान**

**दुनिया को भारत की स्वदेशी लाइट फिल्ड मशीन और ब्रह्मोस मिसाइल की मारक क्षमता को देखकर ताज्जुब हुआ**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक तिरंगा ही तिरंगा नजर आ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य को देश सलाम कर रहा है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा आम जन मानस की यात्रा है और इस यात्रा में सामाजिक, धार्मिक संगठनों के साथ-साथ भाजपा भी शामिल है। हरियाणा प्रवास कार्यक्रम के तहत शनिवार को रोहतक स्थित भाजपा कार्यालय मंगल कमल में प्रदेश प्रभारी डा. पूनिया कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे। यहां उन्होंने पत्रकारों के साथ देश का माहौल और भाजपा की संगठनात्मक ताकत व तैयारियों को लेकर खुलकर चर्चा की। इस मौक पर प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर खरक, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नवीन ढुल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला मीडिया प्रभारी तरूण सन्नी शर्मा, विजय आर्य, शीशपाल चौहान आदि उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि भारत की यह खूबी है कि चुनौती के समय जाति, पंथ, मजहब और राजनीतिक सियासत से ऊपर उठकर देश एकजुट हो जाता है और इसका संदेश पूरी दुनिया में जाता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत की साख दो कारणों से है, एक है भारत का लोकतंत्र और दूसरा भारतीय सेना। हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत अपने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दुनिया को एक बार फिर से दिया है।

डा. सतीश पूनिया ने कहा कि आज आतंकवाद दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती है। कारगिल युद्ध के बाद ऑपरेशन सिंदूर सबसे बड़ा उदाहरण है कि हमारी सेना ने दुश्मन के घर में घुसकर नौ स्थानों पर सटीक प्रहार करते हुए दुर्दांत आतंकियों सहित उनके ठिकानों को ध्वस्त किया है। भारत का यह पराक्रम दुनिया के सामने आया है। उन्होंने कहा कि अब तो वॉलीवुड भी ऑपरेशन सिंदूर को लेकर फिल्में बनाने में उत्सुकता दिखा रहा है। डा. पूनिया ने कहा कि आतंकवादियों ने पहलगाम में हमारी माताओं, बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, हमारी सेना ने भाई का धर्म निभाते हुए ऑपरेशन सिंदूर पूरा किया। दुनिया को भारत की स्वदेशी लाइट फिल्ड मशीन और ब्रह्मोस मिसाइल की मारक क्षमता को देखकर ताज्जुब हुआ। ऑपिरेशन सिंदूर से भारतीय सेना की आत्मनिर्भरता उजागर हुई।

# श्रीकृष्ण संग्रहालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस-2025 के अवसर पर आज श्रीकृष्ण संग्रहालय, कुरुक्षेत्र में एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्रीकृष्ण संग्रहालय, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड तथा पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थानेसर की सिमरन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र के प्रिंस वर्मा द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अग्रसेन पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र के मयंक रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. आर.एस. पठानिया (पूर्व आचार्य, ललित कला विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय), बलवान सिंह (प्रभारी, श्रीकृष्ण संग्रहालय) तथा विनीत भनवाला (पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, हरियाणा) ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव श्री उपेन्द्र सिंघल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# पांची जाटान में मिलेगा स्वच्छ पेयजल, विधायक ने नारियल फोड़ नए ट्यूबवैल का किया उद्घाटन

**परीक्षा परिणाम**

▶▶ प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि इस बार कुल 24 छात्राओं ने इस परीक्षा में भाग लिया था



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** पांची जाटान गांव में स्वच्छ पेयजल की सुविधा के लिए दो नए ट्यूबवैल लगाए जा रहे हैं। विधायक देवेंद्र कादियान ने गांव में नारियल फोड़कर एक ट्यूबवैल लगाने के कार्य का शुभारम्भ किया। यह ट्यूबवैल खत्री पाना में लोगों को साफ पानी देगा। दूसरा ट्यूबवैल सरकारी स्कूल परिसर में लगेगा। दोनों ट्यूबवैल पर पब्लिक हेल्थ विभाग करीब 50 लाख रुपए खर्च करेगा। विधायक के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। लोगों ने पानी की सुविधा मिलने पर आभार जताया। कादियान ने बताया कि गांव में लोग लंबे समय से पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे थे। ग्रामीणों की मांग पर तुरंत कार्रवाई करते हुए दो ट्यूबवैल की व्यवस्था की गई है। श्मशान घाट के पास पहला ट्यूबवैल चालू कर दिया गया है। दूसरा ट्यूबवैल लगाने का काम जल्द शुरू होगा। दोनों ट्यूबवैल चालू होने के बाद गर्मी में पानी की किल्लत नहीं होगी। विधायक ने कहा कि वह लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएं दिलाने के लिए वचनबद्ध हैं। सरकार के सहयोग से क्षेत्र में विकास कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। इस मौके पर एसडीओ प्रीतम, प्रदीप सिंह, जेई प्रिंस, मंजीत, सेक्रेटरी नीरज, बादल पहलवान, विष्णु, मनोज, अशोक, बबलू, धर्मवीर, वेदपाल, परविंद्र सरोहा, मंगल, सुरेश, सुभाष, सतपाल और महेश मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विधायक के सामने अपनी कई समस्याएं भी रखीं।

# महंत प्रभात पुरी कन्या स्कूल की दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम फिर रहा शानदार

**परीक्षा परिणाम**

▶▶ प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि इस बार कुल 24 छात्राओं ने इस परीक्षा में भाग लिया था



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम एक बार फिर शानदार रहा। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि इस बार कुल 24 छात्राओं ने इस परीक्षा में भाग लिया था जिसमें 10 बच्चों ने मैरिट में जगह बनाई। 10 ही अन्य छात्राओं ने प्रथम श्रेणी हासिल की। राठोर ने बताया कि स्वर्ण आभा ने 439 अंक प्राप्त कर प्रथम, राधिका 434 अंको से द्वितीय तथा मधु 425 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। हरप्रीत ने 420 अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान पाया। इसके अतिरिक्त मधु व जश्नप्रीत प्रत्येक ने हिंदी व सामाजिक अध्ययन में 95 अंक तथा राधिका व स्वर्ण आभा ने क्रमशः हिंदी व पंजाबी में 95-95 अंक प्राप्त कर अपना, अभिभावकों व विद्यालय का नाम रोशन किया। विधालय अध्यक्ष महंत वंशी पुरी जी महाराज व कोषाध्यक्ष महंत लक्ष्मी नारायण पुरी जी महाराज ने सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने पर प्राचार्य व स्टाफ को बधाई व शुभकामनाएं दी। प्रबंधक सुनील सचदेवा ने भी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि यह उपलब्धि स्टाफ व बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

## न्यूज फ्लैश

### विधायक कादियान ने प्रधानमंत्री आवास योजना में 16 लाभार्थियों को 13.20 लाख के बांटे चेक



गन्नौर । हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने शुक्रवार को नगरपालिका कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) स्कीम के तहत नपा एरिया के करीब 16 लाभार्थियों को घर बनाने के लिए 13.20 लाख रुपए की राशि के चेक बांटे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रथम, द्वितीय व तृतीय किश्त जारी करने से पात्र परिवारों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। लाभार्थियों के खातों में आवास निर्माण की राशि स्थानांतरण होने से अब इनके आवास का निर्माण पूरा हो सकेगा। इसमें 3 को पहली किस्त, 9 को दूसरी और 4 को तीसरी किश्त जारी हुई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा चेयरमैन अरुण त्यागी ने की। इससे पहले नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, सचिव प्रदीप खर्ब ने विधायक देवेंद्र कादियान का स्वागत किया। विधायक कादियान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत जरूरतमंद परिवार को मकान बनाने के लिए ढाई लाख की राशि तीन किस्तों में उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के गरीबों को अब पक्का मकान मिल रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी व्यक्ति बिना छत के न रहें, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा योजना चलाई जा रही। जो लाभार्थी है उसको इस योजना का लाभ पहुंच रहा है। कादियान ने कहा कि पीएम आवास योजना को लेकर ओर भी बहुत लोगों ने आवेदन किया है, अधिकारियों की तरफ से जांच होने पर पात्र लोगों को जल्द ही अपना मकान हो पक्का, इसके लिए किस्त जारी की जाएगी। सरकार की हर देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जो उम्मीद थी, उसका डबल करके दिखाया है। अब तिरंगा यात्रा निकाल कर उन शहीदों को श्रद्धांजलि देने और फौजियों का हौसला बढ़ाने के लिए काम कर रहे है। विधायक ने नपा प्रशासन को आने वाले मानसून में पानी निकासी के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर पूर्व नपा वाइस चेयरमैन दिनेश अदलखा, पार्षद वरूण जैन, पार्षद अंकित त्यागी, पूर्व पार्षद हरीश मदान, संजय त्यागी, पूर्व नपाध्यक्ष ईश्वर कश्यप आदि मौजूद रहे।

### रेणु विद्या मंदिर, बहालगढ़ में जूनियर ने दी सीनियर्स को भावभीनी विदाई



**गन्नौर/ टीम एक्शन इंडिया**
रेणु विद्या मंदिर (विशेष शिक्षा, व्यावसायिक पुनर्वास प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान) के सभागार में जूनियर छात्रों द्वारा सीनियर छात्रों के लिए एक भावपूर्ण और उत्साहपूर्ण विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। छात्रों और अध्यापकों ने मिलकर प्यार, हँसी और अविस्मरणीय यादों के साथ समारोह को यादगार बनाया। कार्यक्रम में लाइव संगीत, गौरमे बुफे, मनोरंजन, फोटो बूथ और खेल व पुरस्कारों की रोमांचक गतिविधियों ने सभी का मन मोह लिया। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके संघर्ष और सफलता की सराहना की। छात्रों ने अपने साथियों और अध्यापकों का आभार व्यक्त किया तथा सीनियर्स को उनके नए सफर के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# स्टेट हेड आशीष शर्मा ने कॉमन सर्विस सेंटरों का लिया जायजा




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** कोमन सर्विस सैन्टर में किए जा रहें कार्यो की वास्तविकता जांचने के दृष्टिगत सीएससी के स्टेट हैड आशीष शर्मा ने जिला अम्बाला के कई कोमन सर्विस सैन्टरों का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने सैन्टरों पर रेट लिस्ट के साथ-साथ यहां पर जो कार्य किए जाते है उसकी प्रक्रिया की भी जानकारी हासिल की। इस मौके पर उनके साथ स्टेट मैनेजर नरेन्द्र सिंह, रवि कुमार व जिला अम्बाला के डिस्ट्रीक्ट मैनेजर विवेक शर्मा मौजूद रहें। कोमन सर्विस सैन्टर के स्टेट हैड आशीष शर्मा ने कोमन सर्विस सैन्टर सैन्टरों पर दी जा रही सुविधा के मकसद से बलदेव नगर स्थित अमनदीप व अभिषेक के सीएससी सैन्टर पर, बलाना स्थित रोहित शर्मा, भानौखेड़ी में प्रदीप कुमार, बाड़ा में मनजीत सिंह, अम्बाला छावनी में मोहित अग्रवाल व प्रतिभा के सीएससी सैन्टरों का दौरा किया। उन्होंने इस दौरान यहां पर कोमन सर्विस सैन्टर के माध्यम से जो सुविधाएं आम जन का उपलब्ध करवाई जा रही है उसकी जानकारी हासिल करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि जो भी निर्धारित फीस है उससे ज्यादा किसी से भी ज्यादा शुल्क न लिया जाए, यदि कोई भी शिकायत उनके संज्ञान में आई तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होनें कहा कि कोमन सर्विस सैन्टर को खोले जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि आमजन को ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से अपने कार्यो को करवाने में सुगमता मिले, उनके समय की बचत हो तथा ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से वे अपने कार्यो से सम्बधिंत प्रगति भी जान सकें। उन्होंने कोमन सर्विस सैन्टर के प्रतिनिधियों को यह भी कहा कि जो भी व्यक्ति यहां पर अपने कार्य से सम्बधिंत आता है, उसका कार्य से सम्बधिंत पूरा मार्गदर्शन करें, जो भी दस्तावेज चाहिए होते है उसकी औपचारिकता पूरी करवा कर उस कार्य को समय बद्ध तरीके से करवाएं। उन्होंने डिस्ट्रीक्ट मैनेजर को भी निर्देश दिए कि वह भी समय समय पर कोमन सर्विस सैन्टरों का दौरा करें, यदि किसी कोमन सर्विस सैन्टर के प्रतिनिधि की कोई समस्या या अन्य को कार्य है उसका भी बेहतर तरीके से निपटान करवाएं।

# लड़सौली गांव में घरेलू कलह से परेशान महिला ने फांसी लगाकर दी जान



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । लड़सौली गांव में घरेलू कलह से परेशान होकर एक 28 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।
बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि मृतका की पहचान आरती के रूप में हुई है। दातौली गांव की रहने वाली आरती का विवाह लड़सौली निवासी विकास के साथ हुआ था। स्वजन ने बताया कि आरती घरेलू कलह के कारण मानसिक रूप से परेशान चल रही थी, जिसके चलते उसने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए स्वजन को सौंप दिया।
स्वजन के बयान दर्ज कर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए 174 की कार्रवाई की है।

# सोहनलाल डीएवी गर्ल्स स्कूल में 10वीं कक्षा का शानदार परिणाम



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला :** सोहनलाल डी०ए०वी० गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम बेहतरीन रहा । स्कूल की छात्रा खुशी ने 93.6 % अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वंश सहगल ने 92इ6% अंक के साथ द्वितीय तथा विनीत पाल ने 91.6 % अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। 182 छात्रों ने परीक्षा दी जिसमें से 7 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। 66 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। जस्टिस श्री प्रीतम पाल, प्रबंधक डॉ विवेक कोहली व स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती नीरू अरोड़ा ने सभी विद्यार्थियों ,अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई देते हुए प्रेरित किया कि वे अपनी सफलता की उड़ान को इसी तरह से आगे भी कायम रखें।

# देवर्षि नारद की तरह समाजहित में करें पत्रकारिता : कुलपति अशोक



राई। देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर विश्व संवाद केंद्र, सोनीपत एवं हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रबोध एवं पत्रकारिताग विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि अशोक कुमार ने कहा कि पत्रकार को समाज और राष्ट्र के कल्याण हेतु सकारात्मक विचारों का प्रसार करना चाहिए। कुलपति ने देवर्षि नारद को धरातल से जुड़े निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकार बताया, जो घटनाओं को बिना संशोधन के समाज के समक्ष रखते थे। मुख्य वक्ता दूरदर्शन संवाददाता मनीष बाजपेयी ने कहा कि देवर्षि नारद ने कभी यश-अपयश की चिंता नहीं की। पत्रकारों को भी निडर होकर समाजहित में तथ्यपरक पत्रकारिता करनी चाहिए। निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि जब राष्ट्रहित का प्रश्न हो, तो राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए पत्रकारिता करनी चाहिए। कुलसचिव जसविंदर सिंह ने कहा कि पत्रकारिता की निष्पक्षता तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए। संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से महिला घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
गन्नौर। : सोनीपत जा रहे बाइक सवार मां-बेटे को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घायल महिला किताबो देवी को बेटे रिंकू ने तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। परधाना निवासी रिंकू ने गन्नौर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी मां के साथ बाइक से सोनीपत जा रहा था। जब वे पुगथला से आगे नहर पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार चालक मौके से फरार हो गया।

# औद्योगिक क्षेत्र का विकास तभी हो सकता है जिसका श्रमिक खुशहाल हो

**परीक्षा परिणाम**

▶▶ कुलपति अशोक कुमार मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह देते हुए साथ में कुलसचिव प्रो.(डॉ.)आशुतोष मिश्रा।



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** डॉ. बी.आर. अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत के श्रम अध्ययन केंद्र, तथा श्रम विभाग हरियाणा के सहयोग विश्वविद्यालय में औद्योगिक सुरक्षा और श्रम संहिताओं पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में डॉ. ओंकार शर्मा, भारत सरकार के सलाहकार, सह वक्ता के रुप में पवन कुमार, क्षेत्रीय संगठन सचिव, भारतीय मजदूर संघ उपस्थित हुएं। कुलपति अशोक कुमार ने आये अतिथियों को पुष्प देकर उनका स्वागत किया गया। कुलपति अशोक कुमार द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम कानूनी उत्कृष्टता, सार्वजनिक नीति जुड़ाव और सामाजिक-आर्थिक न्याय के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। कुलपति अशोक कुमार ने कहां कि कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुएं अहम कदम उठाने की आवश्यकता है। सह वक्ता श्री पवन कुमार, क्षेत्रीय संगठन सचिव, भारतीय मजदूर संघ ने कहा पहले हमें अपने देश के अंदर विभिन्न संगठनों एवं गैर संगठित संस्थानों में जो मजदूरी कर रहे है उनके जीवन शैली को बदलने की अति आवश्यकता है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो.(डॉ.)आशुतोष मिश्रा ने कहा कि हमारे देश के विकास में सबसे बढ़ा योगदान है मजदूरों का, जिन्हें हम अनदेखा नहीं कर सकते। हमारा विश्वविद्यालय मजदूरो के भविष्य में निरंतर सुधार करने हेतु कानून बनाने के लिए जो भी सहायता होगी इस विश्वविद्यालय के द्वारा प्रदान की जायेगी।

# टेहा गांव के राजकीय स्कूल में मिड डे मील की गुणवत्ता जांची



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**
राजकीय प्राइमरी स्कूल का शुक्रवार को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओबीसी मोर्चा, पूर्व जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा सोनीपत और सदस्य ग्रीवेंस कमेटी सोनीपत दिनेश स्वामी अपने गांव के स्कूल में मिड डे मील चेक किया। जांच के दौरान बहुत ही अच्छी क्वालिटी का मिड डे मीड मिला और स्कूल के हेड मास्टर बृजपाल व अध्यापक राकेश, रामकिशन ने बताया कि खाने में कभी भी किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाती । दिनेश स्वामी ने स्कूल प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मिड डे मील योजना का उद्देश्य बच्चों को पोषण प्रदान करना है। उन्होंने बच्चों से भी बातचीत की और खाने की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली।

# इनेलो की नई जिला कार्यकारिणी घोषित, 36 बिरादरी को मिला प्रतिनिधित्व



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला में इंडियन नेशनल लोकदल ने जिला कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। यह कार्यकारिणी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार.विमर्श के बाद बनाई गई है। इसमें 36 बिरादरियों से लोगों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। संगठन विस्तार की इस कवायद में पहले ही जिला अध्यक्ष घोषित किए जा चुके सुरजीत पहलवान शामगढ़ की अगुआई में पूरी टीम तैयार की गई है। इस दौरान आम आदमी पार्टी और बीजेपी छोडकर कई नेता इनेलो में शामिल हुए हैं। पार्टी ने इसे मजबूती की दिशा में बड़ा कदम बताया है। जिला कार्यकारिणी के गठन से पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता रामपाल माजरा, रामकुमार राबला, पूर्व जिला अध्यक्ष यशवीर राणा, सुरजीत संधू, कृष्ण कुटेल, मनोज कंबोज, फूल सिंह मंजूरा और धर्मबीर पाढा से चर्चा की गई। इनके सुझावों के आधार पर टीम का विस्तार किया गया है। इनेलो जिला प्रवक्ता कृष्ण कुटेल ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी अभय सिंह चौटाला के निर्देश पर कार्यकारिणी बनाई गई है, जिसमें सभी समाज के लोगों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की गई है, ताकि संगठन को मजबूती मिले।
जिला अध्यक्ष सुरजीत पहलवान ने बताया कि कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में शमशेर सिंधड़, करनेल सिंह लाठर, प्रेम सिंह राणा, रणदीप मान, कृष्ण मलिक, विक्रम मान, देशराज कंबोज और महेंद्र मान को नियुक्त किया गया है। प्रधान महासचिव की जिम्मेदारी भूपेंद्र शर्मा को दी गई है।
जिला महासचिव जगबीर गोयत, सरदार जोगा सिंह, सरदार जगजीत, रामधारी, कृपाल सिंह, राजेश, हुकुम सिंह और गोपाल राणा को बनाया गया है। प्रहलाद चहल और दलजीत सिंह को संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। जिला सचिव सुक्रमपाल, मामूराम बडशालू, महेंद्र सैनी, विशाल मान, ओमप्रकाश कश्यप, बेअंत सिंह और सरदार दलविंद्र सिंह को नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सुरेश अनमोल को दी गई है। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी गौरव को दी गई है। अरूण वाल्मीकि को कार्यालय सचिव बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीन कुमार पाल और सुखबीर कलामपुरा ने अपने साथियों के साथ इनेलो की सदस्यता ग्रहण की। वहीं बीजेपी के निखिल राणा और सुखबीर कलामपुरा ने भी पार्टी छोडकर इनेलो का दामन थामा। पार्टी ने इन नए साथियों का स्वागत करते हुए संगठन विस्तार में अहम भूमिका निभाने की बात कही।

# हमारे स्वदेशी हथियारों की मारक क्षमता ने दुनिया को चौकाया: डा. सतीश पूनिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़**
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक तिरंगा ही तिरंगा नजर आ रहा है।
ऑपरेशन सिंदूरह्ल के दौरान भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य को देश सलाम कर रहा है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा आम जन मानस की यात्रा है और इस यात्रा में सामाजिक, धार्मिक संगठनों के साथ-साथ भाजपा भी शामिल है। हरियाणा प्रवास कार्यक्रम के तहत शनिवार को रोहतक स्थित भाजपा कार्यालय मंगल कमल में प्रदेश प्रभारी डा. पूनिया कार्यकताओं से मिलने पहुंचे। यहां उन्होंने पत्रकारों के साथ देश का माहौल और भाजपा की संगठनात्मक ताकत व तैयारियों को लेकर खुलकर चर्चा की। इस मौक पर प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर खरक, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नवीन ढुल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला मीडिया प्रभारी तरूण सन्नी शर्मा, विजय आर्य, शीशपाल चौहान आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया संरक्षक सुरेंदर त्यागी का जन्मदिन






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वह व्यक्ति सदा खुश रहता है, जो इंसानियत के नाते सभी की सहायता करता है और इसी राह पर चलकर पिछले 4 वर्षों से समाज की सेवा कर खुशियां बाँट रही है आदर्श नगर की आदर्श रसोई। जी हां हर रविवार को राकेश भारद्वाज चौक पर आयोजित होने वाली आदर्श रसोई ने अपने चौथे साल के सातवें रविवारीय सफर को भी पूरा कर लिया और समाज के सामने जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी की एक नयी मिसाल पेश की है।




आपको बता दें कि राकेश भारद्वाज चौक पर आयोजित होने वाली आदर्श रसोई में इस बार आदर्श रसोई के संरक्षक सुरेंदर त्यागी का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई ने पूरे त्यागी परिवार का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आदर्श रसोई की पूरी टीम की तरफ से इस विशेष दिवस के अवसर पर केक भी कटवाया गया। साथ ही आदर्श रसोई का पहला टोकन देकर रसोई की विधिवत शुरूआत त्यागी परिवार द्वारा की गई।




इस मौके पर वहां पर त्यागी परिवार के सदस्यों ने कहा कि आदर्श रसोई बड़ा ही अच्छा, सेवा और पुण्य का कार्य रही है। इस प्रकार के आयोजन सभी को अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक करने चाहिए। इस मौके पर सभी ने आदर्श रसोई के संरक्षक सुरेंदर त्यागी को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना भी की।


**पगड़ी पहनाकर और विशेष पुष्पमाला पहनाकर किया गया सुरेंद्र त्यागी का अभिनंदन**

इस मौके पर सुरेंद्र त्यागी जी एवं उनके पारिवारिक सदस्यों ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर विधिवत आदर्श रसोई की शुरूआत की। इस दौरान पूरा परिवार मौजूद रहा।

रसोई के सदस्यों ने सुरेंद्र त्यागी के बारे में अपने संस्मरण साझा किया। साथ ही सभी सदस्यों ने श्री त्यागी को पगड़ी पहनाकर और विशेष तौर पर बनवायी गई पुष्पमाला से उनका भव्य अभिनंदन किया। इस मौके पर विशेष पकवान भी बनवाये गए।











डीसीपी ऑफिस में आयोजित लीगल अवेयरनेस कार्यक्रम के दौरान डीसीपी समयपुर बादली एडवोकेट अवध नारायण को सम्मानित करते हुए।

# संयुक्त परिवार सफलता व समृद्धि का द्वार है: अनिल अग्रवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आदर्श शिक्षा संस्थान का वार्षिकोत्सव समारोह दिल्ली हाट पीतमपुरा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बी एल संतोष राष्ट्रीय संगठन महामंत्री भारतीय जनता पार्टी, डॉ अनिल अग्रवाल प्रांत संचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, आशीष सूद मंत्री दिल्ली सरकार मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। बी एल संतोष ने कहा कि समय की उच्च गुणवत्ता के साथ जीवन जीने का आधार दायित्व और अनुभव होना चाहिए ना कि अधिकार। उन्होंने कहा कि आदर्श शिक्षा संस्थान ने परिवारों के सदस्यों के बीच की दूरी को कम किया है परिवार में यह संस्थान जोड़ने वाले सुइ का कार्य कर रही है। उन्होंने अनेक उदाहरण के साथ उपस्थित समूह को उनके कर्तव्यों का बोध कराया। डॉ अनिल अग्रवाल ने संस्थान के कार्य को समाज में व्यापक रूप में बढ़ाने पर जोर दिया। संयुक्त परिवार की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे परिवार के सदस्य जहां एक ओर सफलता व समृद्धि के द्वार खोलते हैं तो वहीं दूसरी ओर एकता व सुरक्षा के ढाल बनकर विकट परिस्थितियों में एक दूसरे का सहारा बनते हैं। आशीष सूद ने कहा कि संस्थान के द्वारा परिवारों के सशक्तिकरण के लिए समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण फैलाना सराहनीय एवं उद्देश्य पूर्ण कार्य है। आदर्श शिक्षा संस्थान के महामंत्री व भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग ने कहा कि हमारे संस्थान का लक्ष्य परिवारों को खुशहाल, संगठित एवं सशक्त बनाना है। समारोह में पूनम भारद्वाज विधायक, योगेश गर्ग अध्यक्ष, योगेश वर्मा अध्यक्ष केशव पुरम जोन दिल्ली नगर निगम, नीलम बक्शी प्रख्यात वक्ता एवं प्रेरक, अरुण बंसल, सतनारायण केजरीवाल, अशोक गर्ग, नीरा गोयल, देवराज, घनश्याम अग्रवाल, वी पी गर्ग समेत अनेक महानुभाव उपस्थित रहे। मंच संचालन संस्थान के कोषाध्यक्ष अनिल यादव के द्वारा किया गया।



# 'बच्चों को आंतकवाद के खिलाफ जागरूक करने की जरूरत'




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पश्चिमी दिल्ली के निहाल विहार में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर बी आर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की ओर से सैकड़ो बच्चों को एंग्री मैन व नेशनल अकाली दल के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा आंतकवाद के खिलाफ लड़ने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अध्यक्ष, एच.पी.एस बख्शी, अध्यक्ष बीना बख्शी, निर्देशक प्रजीत बख्शी, प्रिंसिपल रूपिंदर कौर, तान्याजीत कौर, नेशनल अकाली दल महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष, भावना धवन, प्रमुख समाजसेवी राजेश चौहान सहित अनेक बच्चे उपस्थित थे। इस अवसर पर बच्चों ने अपने हाथों से बनी आतंक के खिलाफ पेंटिंग के बैनर हाथों में लिए हुए थे और भारत माता की जय इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे।

इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने सभी बच्चों को आतंकवाद के खिलाफ शपथ दिलाकर संबोधित करते हुए कहा जिस प्रकार हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर करके आंतकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है, इस पूरे देश को सेना पर गर्व है। उन्होंने कहा हमें बच्चों को भी आतंकवाद के खिलाफ जागरूक करना चाहिए जिससे बच्चे एक तो देशभक्त बने और अपने आस-पास होने वाली गलत गतिविधियों पर नजर रखकर प्रशासन के आंख और कान बने।

# मुकुंदपुर वार्ड को कब्जा मुक्त करने के लिए निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने की नई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बुराडी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 के भाजपा के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने एक नई पारी की शुरूआत की है। राठौर द्वारा शुरू किए गए इस नए आयाम से मुकुंदपुर के लोगों का यातायात जाम से कुछ हद तक निजात मिलेगी।



अब मुकुंदपुर को यातायात और कब्जा मुक्त बनाने के लिए सभी दुकानों, रेहडी-पटरी वालों के आगे निगम के संबंधित विभाग द्वारा एक पीली पट्टी अंकित की जाएगी। जिससे की कोई भी दुकानदार उस पीली पट्टी से आगे अपनी दुकान का सामान न रखें और यदि ऐसा किया तो उसको विभाग द्वारा नोटिस भेजकर उसका चालान भी किया जा सकता है।

बिल्कुल ऐसा ही क्षेत्र में स्थित रेहडी-पटरी वालों पर भी नियम लागू होगा। इस नए कार्य की शुरूआत मुकुंदपुर चौक से लेकर मुकुंदपुर की मैन मार्किट से की गई है, जहां सभी दुकानों के आगे पीली लाइन खींची गई है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने दोहराया 'विकसित दिल्ली' का संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नई दिल्ली में खाद्य सूक्ष्म उद्यमों (फूड माइक्रो इंटरप्राइजेज) और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज दिल्ली सरकार के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना के तहत इनक्यूबेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार की घोषणा की। यह पहल विकसित दिल्ली और वोकल फॉर लोकल के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप दिल्ली को आत्मनिर्भरता और समावेशी विकास के केंद्र के रूप में उभारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के तहत



झंडेवालान और वजीरपुर स्थित वर्ल्ड क्लास स्किल सेंटर्स में दो आधुनिक इनक्यूबेशन सेंटर दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी के माध्यम से स्थापित किए जा रहे हैं।

भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित इस परियोजना की कुल लागत 4.5 करोड़ रुपये है, जिसमें से 50 लाख रुपये पहले ही जारी किए जा चुके हैं और बेकरी लाइन उपकरण की खरीद प्रक्रिया प्रगति पर है।

# दौलतपुर में किसानों का अनशन समाप्त कराने में सफल रहे मंत्री प्रवेश साहिब सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों के भविष्य को नया आकार देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने आज कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने जानकारी दी कि राजधानी का बहुप्रतीक्षित मास्टर प्लान 2041 अब अपने अंतिम चरण में है और इसे शीघ्र ही लागू किया जाएगा। इस मास्टर प्लान के लागू होने से दिल्ली के लगभग 48 गांवों को अर्बनाइज किया जाएगा। यह केवल एक तकनीकी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि एक बड़ा सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन है, जिससे गांवों को आधुनिक शहरी सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। अर्बनाइजेशन के बाद इन गांवों में सड़कों का जाल, बेहतर सीवरेज, पानी की आपूर्ति, स्ट्रीट लाइटिंग, स्कूल, अस्पताल और अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मंत्री ने एक और बड़ी राहत की घोषणा करते हुए बताया कि लाल डोरे की पहली रजिस्ट्री निःशुल्क की जाएगी। यह फैसला हजारों ग्रामीण परिवारों को सीधा लाभ देगा, जो वर्षों से अपनी संपत्तियों के वैध दस्तावेजों की प्रतीक्षा कर रहे थे।

# दिल्ली को मिलेगी बेहतर न्यूरो केयर की सुविधा, हॉस्पिटल में शुरू हुआ पहला ब्रेन हेल्थ क्लिनिक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में ब्रेन हेल्थ के क्षेत्र में सें बड़ी पहल के तहत स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने इंदिरा गांधी हॉस्पिटल द्वारका में पहले ब्रेन हेल्थ क्लिनिक का उद्घाटन किया। यह राजधानी दिल्ली का पहला ब्रेन हेल्थ क्लिनिक है। इस क्लिनिक को नीति आयोग और इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड अलाइड साइंसेज के तकनीकी सहयोग से शुरू किया गया है। इस क्लिनिक में स्ट्रोक, मिर्गी, पार्किंसंस, डिमेंशिया और सिरदर्द जैसी न्यूरोलॉजिकल बीमारियों की प्रिवेंशन, जल्दी पहचान, इलाज और कम्युनिटी रिहैबिलिटेशन की सुविधा एक ही जगह पर उपलब्ध है। इस क्लिनिक के उद्घाटन के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डा. पंकज कुमार सिंह ने कहा, मैं दिल्ली के लोगों से अपील करता हूँ कि जब भी ब्रेन से जुड़ी कोई भी समस्या हो, तो जरूर इन क्लिनिक्स में आएं। राजधानी का पहला क्लिनिक अब शुरू हो गया है और जल्द ही हर जिले में एक क्लिनिक खोला जाएगा। मानसिक या ब्रेन हेल्थ से जुड़ी परेशानियों को छिपाएं नहीं, थेरेपी को प्राथमिकता दें।



# आईपीएल 2025: प्लेऑफ की रेस में आरसीबी को चाहिए जीत, हारते ही बाहर हो जाएगी

**बेंगलुरु। इंडियन प्रीमियर** लीग (आईपीएल) 2025 में प्लेऑफ की दौड़ अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। आज शाम एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच अहम मुकाबला खेला जाएगा, जहां एक तरफ आरसीबी की जीत उसे प्लेऑफ में पहुंचा देगी, वहीं हार केकेआर के लिए टूर्नामेंट का अंत बन सकती है।

**जीत से पक्का होगा टॉप-4, टॉप-2 की उम्मीद भी बरकरार**

आरसीबी इस मुकाबले में जीत दर्ज करते ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर लेगी और टॉप-2 में पहुंचने की उम्मीदें भी जिंदा



रखेगी। टीम फिलहाल शानदार लय में है और लगातार चार मुकाबले जीत चुकी है, जिनमें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ दो रन से मिली रोमांचक जीत भी शामिल है। उस जीत ने आरसीबी को खिताबी दावेदार की तरह पेश किया है।

**कप्तान पटीदार फिट, शेफर्ड भी पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध**

आरसीबी के लिए राहत की बात यह है कि लगभग सभी विदेशी खिलाड़ी उपलब्ध हैं, सिवाय चोटिल जोश हेजलवुड के। कप्तान रजत पटीदार की चोट में भी सुधार हुआ है और वह इस मुकाबले के लिए फिट माने जा रहे हैं।

## दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े फाफ डुप्लेसिस और ट्रिस्टन स्टब्स

**नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर** लीग (आईपीएल) 2025 के दूसरे चरण से पहले दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को बड़ी राहत मिली है। टीम के उपकप्तान फाफ डुप्लेसिस और मिडल ऑर्डर बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स फिर से स्क्वॉड में शामिल हो गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर इसकी पुष्टि की। फ्रेंचाइजी ने यह भी दी कि ऑस्ट्रेलियाई वहीं, वेस्टइंडीज की वनडे टीम में चुने जाने के बावजूद ऑलराउंडर पेसर मिचेल स्टार्क और साउथ अफ्रीकी ऑलराउंडर डोनोवन फरेरा फिलहाल टीम के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। स्टार्क इस सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने अब तक 11 मैचों में 26.14 की औसत से 14 विकेट झटके हैं। फ्रेंचाइजी ने दोनों खिलाड़ियों के फैसले का सम्मान करते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। रोमारियो शेफर्ड 3 जून तक पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध रहेंगे।

सीएसके के खिलाफ जीत में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी।

**केकेआर के लिए करो या मरो की स्थिति**

दूसरी ओर, गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए हालात काफी मुश्किल हैं। उसे न सिर्फ अपने बचे हुए दोनों मुकाबले जीतने हैं, बल्कि अन्य टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा। टीम के विदेशी खिलाड़ी (रोवमैन पॉवेल और मोईन अली को छोड़कर) अब स्क्वॉड से जुड़ चुके हैं, लेकिन अब भी टीम को हर विभाग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की दरकार है। मैच की पूर्व संध्या पर केकेआर के अनुभवी बल्लेबाज मनीष पांडे ने कहा, "अब हमारे पास खोने के लिए कुछ नहीं है।

## दोहा डायमंड लीग: पारुल ने तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**नई दिल्ली। भारतीय एथलीट** पारुल चौधरी ने दोहा डायमंड लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में छठा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा, बल्कि आगामी वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया।

**खुद का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा**

शुक्रवार को सुहैम बिन हमद स्टेडियम में हुई इस प्रतियोगिता में पारुल ने 9:13.39 का समय निकाला। यह उनके ही 2023 विश्व चैंपियनशिप (बुडापेस्ट) में बनाए गए पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड 9:15.31 से बेहतर रहा।

**वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए किया क्वालिफाई**

पारुल चौधरी ने 9:18.00 की क्वालिफिकेशन समय सीमा के भीतर दौड़ पूरी करके इस साल होने वाली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप



के लिए भी अपनी जगह पक्की कर ली है।

**केन्या की चेरेटिच रहीं पहले स्थान पर**

प्रतियोगिता में केन्या की फेथ चेरेटिच ने 9:05.08 के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। वहीं कतर की विनफ्रेड यावी ने 9:05.26 के समय के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। इथियोपिया की सेम्बो अल्मायेव ने 9:09.27 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए पोडियम पूरा किया। पारुल का यह प्रदर्शन पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

## हरलीन दयोल बीसीसीआई के हाई परफॉर्मेंस कैम्प के लिए चयनित

**धर्मशाला। बीसीसीआई के सेंटर** आफ एक्सीलेंस द्वारा बेंगलुरु में आयोजित किए जा रहे हाई परफॉर्मेंस क्रिकेट कैंप के लिए महिला वर्ग में हिमाचल की हरलीन दयोल का चयन हुआ है। हिमाचल की हरलीन दयोल यहां से एकमात्र क्रिकेटर हैं जिनका चयन इस कैम्प के लिए किया गया है। इस कैंप का आयोजन दो हिस्सों में किया गया है। पहला कैम्प 19 मई से लेकर 2 जून तक जबकि दूसरी बार 2 जुलाई से 11 जुलाई के बीच बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। उधर हिमाचल की हरलीन के चयन पर हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अवनीश परमार ने उन्हें बधाई देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि एचपीसीए द्वारा खिलाड़ियों के लिए दी जा रही आधुनिक और बेहतर सुविधाओं के चलते ही हिमाचल के क्रिकेटर इस तरह के कैंप के लिए चयनित हो रहे हैं।

## करुण के भारत-ए टीम में चुने जाने पर इरफान की प्रतिक्रिया जीत लेगी दिल

करुण नायर को इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली भारत ए टीम में चुना गया है और उनका सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम में फिर से खेलने का सपना लगभग पूरा हो गया। इस सीजन घरेलू क्रिकेट में कई बेहतरीन पारियां खेलने वाले नायर मुख्य भारत टीम में जगह बनाने से सिर्फ एक-दो पारी दूर हैं। साल 2022 में क्रिकेट में लगातार नाकामी के बाद उन्होंने एक भावुक कर देने वाला पोस्ट लिखा था। नायर ने एक्स पर लिखा था, 'प्रिय क्रिकेट, मुझे एक और मौका दें।'

**इरफान पठान की प्रतिक्रिया**

भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने करुण नायर के भारत-ए टीम में चुने जाने पर उस पोस्ट से जोड़कर प्रतिक्रिया दी है। पठान ने करुण के चुने जाने पर एक्स पर पोस्ट किया, 'करुण नायर का भारत ए के लिए चुना जाना स्पष्ट संकेत है कि प्रिय क्रिकेट उन्हें फिर से टीम इंडिया के लिए खेलने का एक और मौका देगा।'

## जूलियन ने 91.06 मीटर भाला फेंककर जीता लीग

**दोहा। भारत के स्टार** भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग 2025 में अपने करियर की पहली 90 मीटर से लंबी थ्रो की, लेकिन इसके बावजूद वह खिताब से चूक गए। जर्मनी के जूलियन वेबर ने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर का भाला फेंकते हुए प्रतियोगिता जीत ली।

**नीरज का नया नेशनल रिकॉर्ड, लेकिन दूसरी बार भी दूसरा स्थान**

नीरज ने 90.23 मीटर का शानदार भाला फेंककर 2022 में स्टॉकहोम डायमंड लीग में बनाया गया अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड (89.94 मीटर) तोड़ दिया। यह पहला मौका था जब नीरज ने 90



मीटर पार किया। प्रतियोगिता के बाद नीरज ने कहा, "थोड़ा मिला-जुला अनुभव रहा। 90 मीटर पार करके खुशी है, लेकिन दूसरी बार फिर से दूसरे स्थान पर रहना थोड़ा खलता है। ऐसा पहले भी टर्कू और स्टॉकहोम में हो चुका है। लेकिन मैं जूलियन के लिए भी खुश हूं। हम दोनों ने पहली बार 90 मीटर पार किया। ये सीजन की पहली प्रतियोगिता थी, आगे और बेहतर करने का भरोसा है।"

**शुरू से ही लीड में थे नीरज, लेकिन वेबर ने पलटी बाजी**

नीरज ने अपनी पहली ही कोशिश में 88.44 मीटर फेंककर वर्ल्ड लीड हासिल कर ली थी। दूसरी कोशिश में उन्हें ह्ाानो थ्रो मिला, जबकि आगे की कोशिशों में उन्होंने 80.56 मीटर और 88.20 मीटर की थ्रो की। ऐसा लग रहा था कि नीरज जीत की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन जूलियन वेबर ने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बाजी पलट दी।

**किशोर जेना का प्रदर्शन रहा फीका**

भारत के ही एक अन्य प्रतिभागी किशोर जेना ने निराशाजनक शुरुआत करते हुए पहली बार में केवल 68.07 मीटर भाला फेंका। बाद में वह इसे सुधारकर 78.60 मीटर तक ले जा सके।

## स्पिन ऑलराउंडर रोस्टन चेज बने वेस्टइंडीज टेस्ट टीम के कप्तान

**नई दिल्ली। वेस्टइंडीज** क्रिकेट बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) ने स्पिन ऑलराउंडर रोस्टन चेज को टेस्ट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है, जबकि जोमेल वॉरिकन को उनका डिप्टी बनाया गया। खास बात यह है कि चेज ने पिछले दो साल से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है, बावजूद इसके उन्हें टीम की कमान सौंप दी गई है। सीडब्ल्यूआई ने एक बयान में बताया कि रोस्टन चेज को शुक्रवार को कप्तान नियुक्त किया गया। 33 वर्षीय चेज ने 32 वर्षीय क्रैग ब्रैथवेट की जगह ली है, जिन्होंने मार्च में तीन साल



तक कप्तानी संभालने के बाद इस पद से इस्तीफा दे दिया था। चेज जून और जुलाई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज में टीम की अगुवाई करेंगे। पहला टेस्ट चेज के होम ग्राउंड बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेला जाएगा, जो उनके करियर का 50वां टेस्ट भी होगा।

## चार देशों के टूर्नामेंट के लिए घोषित की जूनियर महिला हॉकी टीम

**नई दिल्ली। हॉकी इंडिया** ने शनिवार को अर्जेंटीना के रोसारियो में 25 मई से 2 जून तक आयोजित होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी। इस टीम की कप्तानी गोलकीपर निधि को सौंपी गई है, जबकि हिना बानो उपकप्तान की भूमिका निभाएंगी। यह टूर्नामेंट भारत के लिए आगामी जूनियर वर्ल्ड कप (दिसंबर 2025) की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। टूर्नामेंट में भारत, अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली की टीमें भाग लेंगी, जहां हर टीम एक-दूसरे के खिलाफ दो-दो मुकाबले खेलेगी। इससे भारतीय टीम को अपनी रणनीतियों को परखने और टीम संयोजन को मजबूत करने का मौका मिलेगा। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडकर ने कहा कि हम इस दौरे के जरिए अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान करना चाहते हैं, खासकर जब जूनियर वर्ल्ड कप सिर्फ छह महीने दूर है। इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिलेगा, जो उनके विकास में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि हम इन खिलाड़ियों को भविष्य में सीनियर टीम में शामिल करने की दिशा में भी काम कर रहे हैं। इसके लिए, वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में प्रदर्शन करना बेहद जरूरी है।


## 'संडे ऑन साइकिल' को सानिया मिर्जा और शंकर महादेवन का समर्थन

**नई दिल्ली। फिट इंडिया** मूवमेंट और सीबीआईसीझिग्युस एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) विभाग के संयुक्त प्रयास से 18 मई को देश का सबसे बड़ा साइक्लिंग इवेंट 'संडे ऑन साइकिल' आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन जीएसटी के 8 वर्षों के सफल कार्यान्वयन को समर्पित है और देश को फिट और स्वस्थ बनाने के मिशन का हिस्सा है। यह कार्यक्रम देशभर के 200 सीबीआईसीझिजीएसटीकेंद्रों समेत कई स्थानों पर आयोजित होगा, जिसमें लाखों साइक्लिंग प्रेमी फिटनेस और स्वास्थ्य के लिए एक



साथ साइकिल चलाएंगे। इस अभियान को सोशल मीडिया पर खेल, संगीत और फिल्म जगत के कई दिग्गजों ने समर्थन दिया है, जिनमें सानिया मिर्जा, मिलिंद सोमन, सुनील शेट्टी, इमरान हाशमी, इम्तियाज अली, जॉन अब्राहम और शंकर महादेवन शामिल हैं। इन हस्तियों ने साइक्लिंग और फिटनेस को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बताया है। दिल्ली में इस आयोजन में विशेष रूप से शामिल होंगी। इंटरनेशनल मास्टर और वुमन ग्रैंडमास्टर तानिया सचदेव, जिन्होंने हाल ही में बुडापेस्ट में हुए 2024 चेस ओलंपियाड में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता है।

## जैनिक सिनर ने इटालियन ओपन फाइनल में बनाई जगह



**रोम। तीन महीने के** डोपिंग प्रतिबंध के बाद वापसी कर रहे जैनिक सिनर ने इटालियन ओपन के फाइनल में धमाकेदार एंट्री कर ली है। शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने अमेरिका के टॉमी पॉल को 1-6, 6-0, 6-3 से हराकर खिताबी मुकाबले का टिकट कटाया। अब फाइनल में उनका सामना स्पेनिश स्टार कार्लोस अल्कराज से होगा, जिन्होंने लोरेंजो मुसेटी को 6-3, 7-6(4) से हराकर पहली बार रोम फाइनल में जगह बनाई।

**1976 के बाद पहली बार इतालवी खिलाड़ी के पास खिताब जीतने का मौका**

सिनर अब इतिहास रचने से सिर्फ एक कदम दूर हैं। यदि वे जीतते हैं, तो 1976 में एड्रियानो पानाटा के बाद रोम मास्टर्स खिताब जीतने वाले पहले इतालवी पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे।

इससे पहले, सिनर ने क्वार्टरफाइनल में कैस्पर रूड को करारी शिकस्त दी थी। हालांकि सेमीफाइनल के पहले सेट में वह अस्थिर नजर आए, लेकिन इसके बाद उन्होंने जबरदस्त वापसी करते हुए मैच अपने नाम कर लिया।

**फिटनेस को लेकर चिंता, लेकिन जोश में कमी नहीं**

मैच के अंत में सिनर अपनी जांघ पकड़ते और दर्द में नजर आए। उन्होंने बाद में खुलासा किया कि तीसरे राउंड से उनके पैरों में ब्लिस्टर (छाले) हो गए हैं, जिससे मूवमेंट में परेशानी हो रही है। हालांकि उन्होंने कहा, झूकोई बहाना नहीं है। फाइनल में एड्रेनालिन के साथ काफी एनर्जी होगी। मैं पूरी तरह तैयार हूं।

**अल्कराज का पलड़ा भारी, लेकिन सिनर की जीत का सिलसिला भी लाजवाब**

सिनर और अल्कराज के बीच यह मुकाबला बीजिंग ओपन फाइनल (अक्टूबर 2024) के बाद पहली भिड़ंत होगी, जहां अल्कराज ने तीसरे सेट के टाइब्रेकर में जीत दर्ज की थी। दोनों के बीच अब तक 10 मुकाबले हुए हैं, जिनमें अल्कराज 6-4 से आगे हैं और उन्होंने पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। हालांकि, खास बात यह है कि बीजिंग में हारने के बाद से सिनर एक भी मैच नहीं हारे हैं और वे 26 मैचों की विजयी लय में हैं।

## प्रो कबड्डी: नीलामी से पहले रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी

**मुंबई। प्रो कबड्डी लीग** (पीकेएल) ने शनिवार को सीजन 12 के लिए रिटेन किये गए खिलाड़ियों की सूची जारी की। सीजन 12 की नीलामी 31 मई और एक जून को मुंबई में आयोजित की जाएगी। अधिकांश फ्रेंचाइजियों ने अपने मुख्य खिलाड़ियों को रिटेन किया है और अब वे आगामी सीजन के लिए और भी मजबूत टीम बनाने की तैयारी में हैं।

प्रमुख रिटेन्ड खिलाड़ियों में यू मुंबा के सुनील कुमार और आमिर मोहम्मद जफरदानेश, हरियाणा स्टीलर्स के जयदीप दहिया, यूपी योद्धा के सुरेंदर गिल और पुनेरी पल्टन के असलम इनामदार व मोहित गोयत शामिल



हैं। नीलामी में 500 से अधिक खिलाड़ी उतरेंगे, जिनमें भारत के नामी खिलाड़ी – पवन सहरावत, अर्जुन देशवाल, आशु मलिक और पीकेएल 11 के टॉप रेडर देवांक दलाल शामिल हैं। इसके अलावा, ईरान के दिग्गज फजल अत्राचली और मोहम्मदरेजा शदलूई, साथ ही मनींदर सिंह और प्रदीप नरवाल जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी नीलामी में शामिल होंगे।

एक रोचक तथ्य यह है कि नवीन कुमार पहली बार नीलामी में उतरेंगे। उन्होंने दबंग दिल्ली केसी के लिए 6 सीजन में 1102 रेड पॉइंट्स बनाए हैं और 1000+ पॉइंट्स के साथ नीलामी में उतरने वाले पहले खिलाड़ी बनेंगे।

नीलामी के लिए खिलाड़ियों को चार श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा और उनका एक बेस प्राइस (आधार मूल्य) भी होगा। कैटेगरी ए का बेस प्राइस 30 लाख रुपये है। इसी तरह कैटेगरी बी के लिए 20 लाख रुपये बेस प्राइस रखा गया है। कैटेगरी सी के खिलाड़ी कम से कम 13 लाख रुपये में बिकेंगे, जबकि कैटेगरी डी के लिए न्यूनतम मूल्य 9 लाख रुपये है। हर श्रेणी के अंतर्गत खिलाड़ियों को उनके रोल के अनुसार वर्गीकृत किया जाएगा। ये रोल रेडर, डिफेंडर और ऑल-राउंडर हैं। हर फ्रेंचाइजी के पास 5 करोड़ का कुल सैलरी पर्स होगा।

## चेल्सी और एस्टन विला ने घर में जीत के साथ चैंपियंस लीग की उम्मीदें

**बर्मिंघम। चेल्सी और** एस्टन विला ने शुक्रवार को अपने-अपने घरेलू मुकाबलों में जीत दर्ज कर अगली चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई करने की उम्मीदें बरकरार रखीं। एस्टन विला ने टॉटनहैम हॉटस्पर को 2-0 से हराया, जबकि चेल्सी ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ 1-0 की कड़ी जीत दर्ज की।

**कोंसा और कमारा ने दिलाई विला को जीत**

विला पार्क में खेले गए मुकाबले में मेजबान टीम ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा, लेकिन पहला गोल करने में उन्हें 59वें मिनट तक का इंतजार करना पड़ा। जॉन मैकगिन के कॉर्नर पर ओली वॉटकिंस ने हेडर से गेंद को आगे



बढ़ाया जिसे बिना किसी मार्किंग के खड़े एजरी कोंसा ने गोल में बदल दिया। इसके बाद 76वें मिनट में बूबाकर कमारा ने पेनल्टी बॉक्स के किनारे से लो ड्राइव मारकर विला की बढ़त को दोगुना कर दिया। यह कमारा का प्रीमियर लीग में 69वें मैच में पहला गोल था।

फ्रेंच मिडफील्डर कमारा ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, "हम जानते थे कि आज जीतना बेहद जरूरी है। हम फिर से चैंपियंस लीग खेलना चाहते हैं।"

**चेल्सी की जीत में कुकरेला का गोल**

दूसरी ओर स्टैमफोर्ड ब्रिज पर चेल्सी और मैनचेस्टर यूनाइटेड के बीच मुकाबला पहले हाफ में फीका रहा।

**जीत दिलाई**

71वें मिनट में रीस जेम्स के क्रॉस पर स्पैनिश डिफेंडर मार्क कुकरेला ने हेडर से गोल करते हुए टीम को जीत दिलाई।

लेकिन दूसरे हाफ में चेल्सी ने रफ्तार पकड़ी और 71वें मिनट में रीस जेम्स के क्रॉस पर स्पैनिश डिफेंडर मार्क कुकरेला ने हेडर से गोल करते हुए टीम को जीत दिलाई।

**अंकतालिका में कांटे की टक्कर**

इस जीत के साथ चेल्सी 66 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई, जबकि एस्टन विला गोल अंतर के आधार पर पांचवें स्थान पर है।

लीग विजेता लिवरपूल के अलावा बाकी चैंपियंस लीग की चार जगहों के लिए आर्सेनल (68), न्यूकैसल (66), मैनचेस्टर सिटी (65) और नॉटिंघम फॉरेस्ट (62) की टीमें भी दौड़ में बनी हुई हैं।

**यूरोपा लीग फाइनल की तैयारी में जुटी टीमें**

स्पर्स और मैनचेस्टर यूनाइटेड दोनों ही टीमें अगले हफ्ते होने वाले यूरोपा लीग फाइनल को ध्यान में रखते हुए कुछ प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया।

## गिल-बुमराह में कौन होगा कप्तान, नंबर तीन पर खेलेंगे सुदर्शन

**नई दिल्ली:** शुभमन गिल कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे हैं, लेकिन जसप्रीत बुमराह भी रेस में हैं। कुछ लोग यह भी मानते हैं कि केएल राहुल इस रेस में वाइल्डकार्ड एंट्री हो सकते हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास की वजह से भारतीय टीम में दो स्थान रिक्त हो गए हैं। इन दोनों का संन्यास उस समय आया जब अगले महीने भारत को पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करना है। इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से चार अगस्त के बीच होने वाली पांच मैचों की



टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (2025-27) के लिहाज से काफी अहम है। इसके लिए टीम का चयन जल्द होने वाला है, लेकिन उससे पहले कुछ ऐसे सवाल हैं, जिन पर फैंस और चयनकर्ता जरूर सोच विचार कर रहे होंगे। आइए उन सवालों और उसके उत्तर के बारे में जानते हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# प्रत्येक मण्डल में स्थापित हों आयुष महाविद्यालय: योगी

**मुख्यमंत्री ने कहा- आयुष की सभी विधाओं को इंटीग्रेटेड करते हुए एक ही कैम्पस में उपलब्ध कराएं, बोले मुख्यमंत्री- आयुष के सभी संस्थानों में नेचुरोपैथी एवं योग सेंटर की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें, मुख्यमंत्री ने कहा- आयुष संस्थानों में शत प्रतिशत सैचुरेशन के साथ आयुष के सभी पद भरे जाएं, ,प्रदेश सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है: मुख्यमंत्री योगी**

### चिकित्सा पद्धति

**यह कदम न केवल आयुष चिकित्सा पद्धति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि स्वास्थ्य-आधारित शिक्षा प्रणाली को भी सशक्त बनाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आयुष विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि प्रदेश के प्रत्येक मण्डल में एक इंटीग्रेटेड आयुष महाविद्यालय की स्थापना सुनिश्चित की जाए, जिसमें आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी समेत आयुष की सभी पद्धतियों को एक ही परिसर में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल आयुष चिकित्सा पद्धति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि भविष्य की स्वास्थ्य-आधारित शिक्षा प्रणाली को भी सशक्त बनाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आयुष संस्थानों में नेचुरोपैथी और योग सेंटर की स्थापना अनिवार्य रूप से की जाए और सभी स्वीकृत शैक्षणिक व चिकित्सकीय पदों को शत-प्रतिशत भरने की कार्यवाही समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर जनपद में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रारंभ किए जाएं, जो सरकारी या पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड में संचालित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से हो और प्रदेश भर में आयुष विभाग की निमार्णाधीन परियोजनाओं को भी प्राथमिकता से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने निजी क्षेत्र को भी इस क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि निजी निवेशकों को आयुष सेक्टर में निवेश के लिए आकर्षित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निजी क्षेत्र में संचालित आयुष महाविद्यालयों एवं चिकित्सालयों के बुनियादी ढांचे, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, फैकल्टी एवं स्टाफ की गुणवत्ता का गहन परीक्षण कराया जाए ताकि कोई कमी न रह जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुर्वेद में पंचकर्म जैसी विशिष्ट पद्धतियां गंभीर बीमारियों के उपचार में अत्यंत प्रभावी हैं, इसलिए इन पद्धतियों को प्रदेश के सभी आयुष संस्थानों में बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष चिकित्सा की लोकप्रियता को देखते हुए यह समय है जब भारत की परंपरागत चिकित्सा को वैज्ञानिक रूप से प्रस्तुत कर वैश्विक मंच पर स्थापित किया जाए।

### योग दिवस के लिए अभी से शुरू हो तैयारी: सीएम योगी

**मुख्यमंत्री** ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए अभी से तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मण्डलों, जनपदों, नगर निकायों, ग्राम पंचायतों और सरकारी विभागों में योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

इसके लिए प्रत्येक जनपद में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जो जनसामान्य को योग प्रशिक्षण दे सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डाबर, वैद्यनाथ और पतंजलि जैसी आयुर्वेदिक उत्पादक संस्थाओं के साथ एमओयू कर सभी आयुष चिकित्सालयों में आवश्यक दवाओं की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी मरीज को चिकित्सकीय उपचार के लिए दवा की कमी न हो।

### सभी आयुष संस्थानों की निरंतर करें मॉनिटरिंग

**बैठक** के दौरान आयुष विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वर्तमान में प्रदेश में 2,127 आयुर्वेदिक, 259 यूनानी और 1,598 होम्योपैथिक चिकित्सा संस्थान संचालित हैं, जो आयुष सेवाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इन संस्थानों की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जाए और आवश्यकतानुसार संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष न केवल भारत की चिकित्सकीय परंपरा का प्रतीक है, बल्कि यह समग्र स्वास्थ्य दृष्टिकोण को भी परिभाषित करता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को आयुष के क्षेत्र में राष्ट्रीय और वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में लाने के लिए सभी प्रयासों को एकजुट, योजनाबद्ध और समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाया जाए।

## फास्ट न्यूज

### जुलाई में आयोजित की जाएगी हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा

**चंडीगढ़ः** हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एच टी ई टी) जुलाई माह में आयोजित की जाएगी। हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार शर्मा ने मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दी। इसको लेकर हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। चेयरमैन डॉ. पवन कुमार शर्मा ने बताया कि बोर्ड सचिव और चेयरमैन का पद खाली होने के कारण यह परीक्षा अटकी हुई थी। लेकिन अब दोनों पद भर गए हैं। क्योंकि ऐसी परीक्षा के लिए दोनों पदों पर अधिकारियों का होना बेहद जरूरी है। फिलहाल बोर्ड प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आगामी, जुलाई माह में एच टीईटी परीक्षा आयोजित की जाएगी। एच टीईटी परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गृह जिले में केंद्र बनाए जाएंगे, ताकि उन्हें ज्यादा भागदौड़ न करनी पड़े। हालांकि यह नियम पहले से ही लागू है कि गृह जिले में ही केंद्र बनाए जाएंगे। साथ ही परीक्षा की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्रों पर जैमर और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, साथ ही केंद्रों पर बोर्ड की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक भी मौजूद रहेंगे।

### नए भारत की सेना ने पाक को हवा में ही उड़ा दिया : धनखड़

**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बादली में आयोजित तिरंगा यात्रा में उमड़े जन सैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि यह तिरंगा यात्रा सैनिकों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। मोदी सरकार के साहसिक फैसलों और सेना के सामर्थ्य से पाकिस्तान चार दिन में ही घुटनों पर आ गया और सीजफायर की गुहार लगाने लगा। हमारी बहादुर सेना ने पहलगाम का बदला लेते हुए पाक के अंदर आतंकी ठिकाने तहस नहस किए, फिर हिमायत में उधार के ड्रोन लेकर आई पाक सेना को हवा में उड़ा दिया । पाक के एयरबेस और अन्य सैन्य ठिकानों को तबाह किया। ये नए भारत की सेना का पराक्रम है। जो पाकिस्तान ने झेला और दुनिया ने देखा । पहले ऐसी कार्रवाई इजरायल करता था, अब भारतीय सेना के डिफेंस मैकेनिज्म को दुनिया ने देखा, जिसका सभी लोहा मान रहे हैं।

## हरिद्वार में रूबी देवी बनकर रह रही बंगालदेशी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार।** देश में रह रहे अवैध घुसपैठियों के खिलाफ चलाए जा रहे पुलिस अभियान के तहत हरिद्वार पुलिस ने एक बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया है। महिला पिछले कई साल से यहां रूबी देवी बनकर रह रही थी। महिला ने यूपी के व्यक्ति से शादी कर ली थी और उसकी एक बेटी भी है। स्थानीय अभिसूचना तंत्र और हरिद्वार कोतवाली पुलिस ने महिला, उसके मौजूदा पति और पूर्व पति से पैदा नाबालिग बेटे को भी पकड़ लिया है। तीनों के खिलाफ विदेशी अधिनियम, बिना पासपोर्ट वीजा के भारत में रहने समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोभाल ने बांग्लादेशी महिला को ढूंढ निकालने पर अधीनस्थों की पीठ थपथपाई है। एसएसपी डोभाल ने बताया कि एलआईयू और हरकी पैड़ी चौकी पुलिस ने सत्यापन के दौरान रोड़ी बेलवाला में झुग्गी झोपड़ी में रह रहे एक दंपति से जब पूछताछ की तो महिला की भाषा स्थानीय नहीं लगी। सख्ती से पूछताछ करने पर सामने आया कि महिला मूल रूप से बांग्लादेश की रहने वाली है। कई वर्ष पूर्व महिला अपने पांच साल के बेटे को लेकर बॉर्डर पार कर भारत में आ गई थी। कई जगह रहने के बाद यहां हरिद्वार पहुंचने पर उसने संतोष दुबे निवासी बमरोली बिलगंज पीलीभीत यूपी से शादी कर ली थी, जिससे उसकी तीन वर्ष की एक बेटी भी है। एसएसपी ने बताया कि महिला का असली नाम रुबीना अख्तर निवासी मुरादपुर रोड श्यामपुर मॉडल स्टेशन ढाका बांग्लादेश है।

### अभियान

**महिला पिछले कई साल से यहां रूबी देवी बनकर रह रही थी। महिला ने यूपी के व्यक्ति से शादी कर ली थी**

## केदारनाथ में हेली एम्बुलेंस सेवा में आई खराबी

**पायलट ने कराई आपात लैंडिंग, हेली एम्बुलेंस में सवार थे पायलट सहित एक डॉक्टर और एक नर्सिंग स्टाफ - सभी लोग सुरक्षित, आपात लैंडिंग में टूटा टेल रोटर, तकनीकी खराबी की जांच करेगा डीजीसीए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में एक मरीज को रेस्क्यू करने पहुंची संजीवनी हेली एंबुलेंस सेवा की शनिवार को पायलट को आपातकाल लैंडिंग करनी पड़ी। गनीमत रही पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। हेली एम्बुलेंस में एम्स ऋषिकेश से आई मेडिकल टीम सवार थी। सफल आपातकाल लैंडिंग के चलते पायलट सहित मेडिकल की टीम सुरक्षित है। पीआरओ संदीप कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हेली सेवा की हार्ड लैंडिंग के दौरान यह हादसा हुआ है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी एवं नोडल हेली सेवा राहुल चौबे ने बताया कि केदारनाथ धाम में दर्शन को पहुंची एक महिला श्रद्धालु को सांस लेने में अधिक समस्या होने लगी थी। महिला की तबीयत ज्यादा बिगड़ती देख राज्य सरकार की हेली एंबुलेंस सेवा संजीवनी की मदद ली गई। हेली में एम्स से मेडिकल टीम साथ केदारनाथ पहुंच रही थी, जिसमें एक डॉक्टर और एक नर्सिंग स्टाफ शामिल था। उन्होंने बताया कि केदारनाथ के मुख्य हेलीपैड पर लैंडिंग से पहले ही हेली में कुछ तकनीकी खराबी आ गई। पायलट ने हेलीपैड से ठीक पहले समतल स्थान पर लैंडिंग करना उचित समझा। लैंडिंग के दौरान हेली एम्बुलेंस का टेल रोटर टूट गया। पायलट की सूझबूझ से सफल आपातकाल लैंडिंग हो सकी और हेली में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।

### सुरक्षाबलों का अभियान, तीन संदिग्ध आतंकियों की खोज

**टीम एक्शन इंडिया**
**जम्मू।** जम्मू संभाग के सांबा जिले के वन क्षेत्र के पास तीन संदिग्ध आतंकवादियों की गतिविधि की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और अर्धसैनिक बलों की संयुक्त टीम ने नांगल, चिल्लाडांगा, गोरान और आसपास के जंगलों की घेराबंदी कर गहन तलाशी अभियान चलाया है। स्थानीय लोगों ने शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात तीन व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधि के बारे में पुलिस को सूचना दी थी जिसके बाद अभियान शुरू किया गया।

### पातालकोट एक्सप्रेस में बोगी के पहिए से अचानक निकलने लगा धुआं

**टीम एक्शन इंडिया**
**बैतूल।** सिवनी से फिरोजपुर कैंट जा रही पातालकोट एक्सप्रेस (20423) की एक यात्री बोगी के पहिए से शनिवार दोपहर में अचानक धुआं निकलने लगा, जिससे ट्रेन को बैतूल के मलकापुर स्टेशन पर रोकना पड़ा। पहिए से धुआं उठता देख ट्रेन में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी मिलते ही रेलवे का तकनीकी अमला मौके पर पहुंचा और सुधार कार्य करने के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया। यात्रियों के अनुसार, पातालकोट एक्सप्रेस सिवनी से रवाना होकर छिंदवाड़ा होते हुए बैतूल जिले के मलकापुर स्टेशन पर पहुंची थी, तभी इंजन से पांचवीं बोगी के नीचे से तेज धुआं निकलने लगा। झांक कर देखा तो बोगी के नीचे पहियों के पास से धुआं उठ रहा था। इस घटना से यात्रियों में कुछ समय के लिए घबराहट फैल गई। ट्रेन को तुरंत रोक दिया गया। करीब 30 मिनट बाद ट्रेन को बैतूल के लिए रवाना किया गया। आमला स्टेशन प्रबंधक सुनील गुप्ता ने बताया की घटना शनिवार दोपहर 12.43 बजे आमला से मलकापुर स्टेशन के पास हुई। पातालकोट एक्सप्रेस की एक बोगी में ब्रेक जाम होने से धुआँ निकलना लगा था।

## 'मेरे बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया'



**टीम एक्शन इंडिया**
**जबलपुर।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर मध्य प्रदेश में जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के विवादित बयान का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि अब उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का भी कथित विवादास्पद बयान सामने आया है। हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि मेरे बयान को गलत ढंग से पेश किया जा रहा है।' दरअसल, उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने शुक्रवार को जबलपुर में सिविल डिफेंस वालिंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना चाहेंगे...और पूरा देश, देश की वो सेना, वो सैनिक...उनके चरणों में नतमस्तक है। उनके इस बयान को कांग्रेस ने सेना के शौर्य का अपमान बताया। वहीं, भाजपा ने कहा कि कांग्रेस देवड़ा के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। देवड़ा कांग्रेस और सोशल मीडिया पर पोस्ट प्रसारित करने वालों की शिकायत की तैयारी कर रहे हैं। इधर, जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जिला प्रशासन का पक्ष रखते हुए कहा है कि कुछ न्यूज चैनलों द्वारा प्रसारित खबर पूर्णतः भ्रामक है।

### सफाई पेश की

**विजय के बयान का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि उप मुख्यमंत्री का भी विवादास्पद बयान सामने आया**





**पर्यटन पर बल**

*कतर्नियाघाट से दुधवा टाइगर रिजर्व तक स्पेशल ट्रेन से लीजिये जंगल सफारी का आनंद*

## *पहली बार यूपी के जंगलों में शुरू हो चुकी है विस्टाडोम ट्रेन*



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** योगी सरकार ने प्रदेश में इको टूरिज्म और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य से दुधवा टाइगर रिजर्व तक रेल कनेक्टिविटी प्रदान करने वाली पर्यटक ट्रेन में विस्टाडोम कोच का संचालन शुरू कर दिया गया है। इसी के साथ यूपी देश का पहला ऐसा प्रदेश बन गया है, जहां पर्यटकों के लिए जंगल सफारी का रोमांचक अनुभव उपलब्ध कराने के लिए विस्टाडोम कोच की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। यह सेवा पर्यटकों के लिए 12 महीने उपलब्ध रहेगी। फिलहाल यह सेवा वर्तमान में शनिवार और रविवार ही पर्यटकों को उपलब्ध करायी जा रही है, आने वाले दिनों में यह सेवा सभी दिन उपलब्ध होगी। इससे जहां एक ओर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगी, वहीं रोजगार भी उपलब्ध होंगे।

**मात्र 275 रुपये में पर्यटक उठा रहे विस्टाडोम कोच सेवा का लाभ**

पर्यटन विभाग के निदेशक प्रखर मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के वन क्षेत्रों को के रूप में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में दुधवा नेशनल पार्क, कतर्नियाघाट और किशनपुर वन्यजीव अभ्यारण्य को एकीकृत करते हुए पर्यटकों के लिए सुलभ और रोमांचक अनुभव देने के लिए विस्टाडोम कोच का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा पर्यटकों को वर्ष भर नेचर ट्रेल और जंगल सफारी का अद्वितीय अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। यह सुविधा पहले चरण में प्रत्येक शनिवार और रविवार को उपलब्ध कराई जा रही है। इस सेवा के सकारात्मक परिणामों के पश्चात इसे पूरे सप्ताह के लिए विस्तारित करने की योजना है।